सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:12
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-159 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 30 नवम्बर 2024
27 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## संभल के सर्वे के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट को आपत्ति
# निचली अदालत न ले कोई एक्शन

- मस्जिद समिति ने दायर की थी याचिका
- लिफाफे में सीलबंद रखा जाए सर्वे रिपोर्ट
- संभल में शांति बनाए रखें
- मामले की अगली सुनवाई छह जनवरी 2025 के बाद होगी
- कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** संभल हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश देते हुए निचली अदालत से संभल जामा मस्जिद मामले पर सुनवाई न करने को कहा है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन को कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की भी हिदायत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने को कहा है और कहा कि अब हाईकोर्ट के निर्देश पर ही कोई कार्रवाई हो सकेगी। दरअसल मस्जिद समिति ने सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर कर मस्जिद का सर्वे कराने के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। इस पर मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से पूछा कि वह उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए।


पीठ ने कहा कि यह मामला उचित मंच पर उठाया जाना चाहिए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कुछ अहम निर्देश दिए, जिनके मुताबिक निचली अदालत को इस मामले पर सुनवाई करने से रोक दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत के फैसले से उन्हें कुछ आपत्तियां हैं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय द्वारा किए जाने का निर्देश दिया है। साथ ही सर्वोच्च अदालत ने उच्च न्यायालय से याचिका दायर होने के बाद तीन दिनों में याचिका पर सुनवाई करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि निचली अदालत के आदेश के बाद एडवोकेट कमिश्नर द्वारा संभल जामा मस्जिद का सर्वे किया गया। इस सर्वे के दौरान ही बीते दिनों संभल में हिंसा भड़की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी।



### कोर्ट ने जताई नाराजगी

कोर्ट ने कहा कि जिस जल्दबाजी में मामले पर ट्रायल कोर्ट ने सुनवाई की और सर्वे के आदेश दिए गए, उससे स्थानीय लोगों के मन में शक हुआ, जिसकी वजह से वे घरों से बाहर निकले। रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस ने उन पर फायरिंग की, जिससे मासूम लोगों की जान गई और कई घायल हुए। मस्जिद समिति की तरफ से वरिष्ठ वकील हुजैफा अहमदी अदालत में पेश हुए। वहीं प्रतिवादी पक्ष की तरफ से वकील विष्णु शंकर अदालत में पेश हुए।

### मौलाना तौकीर हिरासत में, रिहा



बरेली जिले में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मोहल्ला सौदागरान स्थित अपने आवास से मौलाना तौकीर संभल जाने को निकले। माहौल खराब होने की आशंका के चलते पुलिस ने सीबीगंज क्षेत्र में उन्हें कई समर्थकों के साथ रोककर हिरासत में ले लिया। शांतिभंग के मामले में चालान करने के एक घंटा बाद उन्हें छोड़ दिया। मौलाना तौकीर ने संभल पुलिस के साथ केंद्र और राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

### जुमे की नमाज से पहले संभल में हाईअलर्ट



संभल में जुमे की नमाज से पहले हाईअलर्ट जारी रहा। स्थिति पर नियंत्रण के लिए चप्पे पर भारी पुलिस बल तैनात रही। पूरा इलाका छावनी बना हुआ रहा। इलाके में थ्री लेयर व्यवस्था बनाई गई है। इसमें पुलिस, पीएसी और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों के साथ ही पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। सशस्त्र जवानों के साथ ही दमकल दस्ता भी मौजूद रहा। मस्जिद के सभी रास्तों पर बेरिकेडिंग भी लगायी गयी।

सुप्रीम कोर्ट ने हालात को देखते हुए एडवोकेट कमिश्नर की रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखने और जारी न करने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश प्रशासन को हिदायत दी है कि शांति और सद्भाव का माहौल कायम रखा जाए। अदालत ने प्रशासन से शांति समिति गठित कर सद्भाव कायम करने का भी निर्देश दिया।

## संभल में बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध बढ़ा

**संभल।** बीती 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद तहसील क्षेत्र में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई थी। शुक्रवार की शाम इंटरनेट शुरू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं, संभल जिले में अनधिकृत बाहरी लोगों के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को बढ़ा दिया गया है। अब 10 दिसंबर तक किसी भी दल के जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन के पदाधिकारी का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे में शनिवार को संभल आ रहे सपा का प्रतिनिधिमंडल को प्रवेश से रोका जा सकता है। इंटरनेट बंद होने के कारण बैंकिंग, ऑनलाइन लेन-देन और साइबर से जुड़े अन्य कामकाज पूरी तरह बाधित हो गए थे। शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने के बाद प्रशासन ने शाम चार बजे इंटरनेट सेवा फिर से चालू कर दी।




## उपचुनाव में भाजपा की जीत से विपक्ष भयभीत: योगी




### अभिनंदन समारोह

- किसी को कोई संदेह नहीं, 2027 में फिर से खिलेगा कमल
- चुनाव से पहले ही बना ली थी जीत की रणनीति

### जनता से बेहतर संवाद और संगठन के साथ मिलकर काम करें : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित विधायकों का आह्वान किया कि अब उनके पास दो-ढाई साल का ही समय है, ऐसे में वह सभी अपने कार्यकाल में जनता से बेहतर संवाद स्थापित करें और संगठन के साथ मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सफलता से प्रेरणा और असफलता से सबक लेकर आगे बढ़ना है। यदि हम इसी सामूहिक भावना से कार्य करते रहे, तो 2027 में प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलेगा। मुख्यमंत्री ने पार्टी की विचारधारा और कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा हर चुनौती को अवसर में बदलने का माद्दा रखती है। उन्होंने सातों विधानसभा में मिली जीत को कार्यकर्ताओं और नेताओं के मजबूत प्रयास का नतीजा बताया।

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित उपचुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों, पार्टी कार्यकर्ताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उपचुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गये हैं। वो अब बस आरोप ही लगा सकते हैं। योगी आदित्यनाथ ने सभी को आश्वस्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा इससे भी बड़ी जीत हासिल करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए ने हरियाणा में हैट्रिक लगाई, महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल किया और उत्तर प्रदेश उपचुनाव में 9 में से 7 सीटों पर विजय प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने चुनाव से पहले ही सात सीटें जीतने की रणनीति बनाई थी, जिसे संगठन और कार्यकर्ताओं ने जमीन पर उतारकर सफल बनाया।

### गोंदिया में भीषण सड़क हादसा, 11 की मौत

**गोंदिया।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार को हुए बस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं करीब 30 लोग घायल बताए जा रहे हैं। खबर के मुताबिक, शिवशाही राज्य परिवहन निगम की बस नागपुर से गोंदिया आ रही थी। डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इस हादसे को लेकर गहरा दुख जताया है। वहीं, प्रधानमंत्री कार्यालय ने गोंदिया बस दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये तथा घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। यह बस हादसा गोंदिया-कोहमारा राज्य महामार्ग पर ग्राम खजरी के पास हुआ. इस हादसे में 11 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है. हादसे में कई यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

## सत्ता के भूखे लोग जनता से झूठ बोल रहे : पीएम



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव, हरियाणा चुनाव और देशभर में हुए उपचुनाव के नतीजों ने पूरे देश में जो विश्वास भर दिया है, वो आपकी आंखों में मैं देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि पहले ओडिशा, फिर हरियाणा, और अब महाराष्ट्र! यही तो बीजेपी की विशेषता है। यही तो बीजेपी के कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। मोदी ने कहा कि ऐसे में जागृत नागरिकों के लिए, भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए, जो देश को प्यार करते हैं, जो संविधान का सम्मान करते हैं, उनके लिए ऐसे लोगों की हरकतें, इरादे और उनके कारनामे बहुत बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। इसलिए मैं सभी देशवासियों से कहना चाहूंगा कि हमें हर पल सतर्क रहना है और लोगों को जागरूक करते रहना है। हमें हर झूठ को बेनकाब करना है। सत्ता के भूखे ये लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं। जब इनका एक झूठ लोगों पर काम नहीं करता, तो उससे बड़ा दूसरा झूठ ये घड़ते हैं। ये अपने कार्यकर्ताओं को भी झूठा दिलासा देने के लिए यही करते हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने शिष्टाचार भेंट की।

## 'आप' से नहीं होगा कांग्रेस का गठबंधन

- दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस का एलान
- सभी 70 सीटों पर उतारेंगे उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** अगले साल की शुरुआत में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस प्रदेश प्रमुख देवेंद्र यादव ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और उनका किसी भी पार्टी से कोई गठबंधन नहीं होगा।

शुक्रवार को यहां कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में भाग लेने के बाद देवेंद्र यादव ने दिल्ली चुनाव के लिए पार्टी के सीएम चेहरे और गठबंधन की संभावनाओं पर एएनआई से बात की। उन्होंने कहा, हम पहले से कभी घोषणा नहीं करते। हम सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। हमारे जीतने के बाद हमारा नेता चुना जाता है। दिल्ली में भी यही प्रक्रिया अपनाई जाएगी। यहां पर कोई गठबंधन नहीं होगा। कांग्रेस की दिल्ली न्याय यात्रा के चौथे चरण का नेतृत्व करने वाले देवेंद्र यादव ने कहा कि लोग आप और भाजपा के कुशासन से बहुत नाखुश हैं। उन्होंने कहा, वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल रही है। गरीबों को राशन कार्ड नहीं मिल रहा है।

**मंथन**


### कांग्रेस कार्य समिति की बैठक हुई
# हमें कठोर निर्णय लेने होंगे : खरगे

- चुनावों में एक-दूसरे के खिलाफ बयान हमें पहुंचा रहे नुकसान
- राज्य के चुनावों में उम्मीद से कम प्रदर्शन हमारे लिए एक चुनौती



**मुंबई।** महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में हुए चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन पर विचार-विमर्श करने और आगामी दिल्ली चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक हुई। यह बैठक मौजूदा संसद सत्र के दौरान हो रही है।

इस बैठक में अदाणी मुद्दे पर सरकार को घेरने के तरीकों पर भी चर्चा होने की संभावना है। अदाणी मुद्दे और संभल में हिंसा पर विपक्ष के अवरोधों के कारण शीतकालीन सत्र की शुरुआत के बाद चौथे दिन भी संसद की कार्यवाही नहीं चल पाई। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इस बैठक की अध्यक्षता की। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश जैसे शीर्ष नेता इस बैठक में शामिल हुए। कांग्रेस कार्य समिति दिल्ली में चुनावों के साथ-साथ अगले साल बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारियों और गठबंधन पर विचार-विमर्श करने के लिए भी तैयार है। महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों में कांग्रेस की हार पर मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रतिक्रिया दी। कार्य समिति की बैठक में उन्होंने कहा, एकता की कमी, चुनावों में एक-दूसरे के खिलाफ बयान हमें नुकसान पहुंचा रहे हैं, इस पर सख्त अनुशासन की जरूरत है। राज्य के चुनावों में उम्मीद से कम प्रदर्शन हमारे लिए एक चुनौती है। विधानसभा चुनावों के लिए एक साल पहले से तैयारी की आवश्यकता है। मतदाता सूची की जांच करनी होगी। खरगे ने कहा, ईवीएम ने मतदान प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है। चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए। हमारे पक्ष में चुनावी माहौल जीत की गारंटी नहीं देता। हमें माहौल को नतीजों में बदलना सीखना होगा। जीत की रणनीति बनाने और पार्टी को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। सभी को यह सोचना चाहिए कि कांग्रेस पार्टी की जीत में ही हम सबकी जीत है और हार में हम सबकी हार है। पार्टी की ताकत से ही हमारी ताकत है। उन्होंने कहा, कई बार हम खुद अपने सबसे बड़े शत्रु बन जाते हैं।

# मेंढक मंदिर ओयल में भव्य और आकर्षक तरीके से मनाया गया लखीमपुर महोत्सव




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मेंढक मंदिर ओयल में लखीमपुर महोत्सव के भव्य और आकर्षक मंच, चकाचौंध कर देने वाली प्रकाश की रंगबिरंगी किरणों, छोटे बड़े कलाकार। मंच पर थिरकते कलाकार, बरबस ही दर्शकों को एक टक निहारने को मजबूर कर रहे थे। रात की शमा ऐसी जली कि बस हर कोई अपनी जगह पर बैठा ही रह गया। वातावरण में गूंजती हजारों तालियों की गड़गड़ाहट का क्रम रुक-रुककर देर शाम तक चलता रहा लखीमपुर महोत्सव के मुक्ताकाशीय मंच पर विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार, अध्यक्ष नगर पंचायत ओयल प्रतिभा ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।मेंढक मंदिर ओयल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के बाद गुरुवार देर शाम लखीमपुर महोत्सव का समापन हुआ। समापन समारोह के मौके पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने महोत्सव के दौरान आयोजित कार्यक्रमों के संयोजकों और सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान की गई आतिशबाजी ने दर्शकों को रोमांचित किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि यह प्रसन्नता का क्षण है कि तराई की मिट्टी का उत्सव लखीमपुर महोत्सव 2024 सफलता के परचम को लहरा रहा है। महोत्सव में अनेक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर जनता का इस शीतलहर में भी मनोरंजन करके उत्साहवर्धन किया। महोत्सव के पीछे की धारणा भी यही है कि हम लोक परंपरा व लोककला को प्रोत्साहित करें। नए कलाकारों को मंच प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने को प्रेरित करें विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर लखीमपुर खीरी के पांच अलग-अलग स्थानो पर अभूतपूर्व और ऐतिहासिक महोत्सव का आयोजन हुआ। इस तराई की मिट्टी का उत्सव लखीमपुर महोत्सव 2024 की सफलता का राज जिलाधिकारी की परिकल्पना में छिपा है डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर जिले में पहली बार आयोजित इस लेजर शो में मेंढक मंदिर के महत्व के साथ शिव के बारे में उपस्थित जनसमूह को जानकारी दी गई। इस लेजर शो में अद्भुत नजारा देखने को मिला।

इस लाइट एंड लेजर शो के शुरू होने के बाद रंग बिरंगी रोशनी की छटा महोत्सव के आकर्षण का केंद्र रही अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संगीत नाटक अकादमी राष्ट्रपति सम्मान (संगीत को समर्पित देश का सर्वोच्च सम्मान) से सम्मानित वरिष्ठ ध्रुपद गायक पंडित विनोद कुमार द्विवेदी ने अपने ध्रुपद गायन से सभी को भाव विभोर किया । ध्रुपद भारतीय संगीत की प्राचीतम विद्या जो सामवेद से जुड़ी है जिसका गायन तानसेन भी किया करते थे। सह गायन में उनके सुपुत्र आयुष द्विवेदी एवं उनके वरिष्ठ शिष्य शिष्याएँ ने संगत की तथा सारंगी संगत पर वाराणसी से अनीश मिश्रा एवं पखावज पर पुणे से मनोज सोलंके अति प्रभावशाली संगत की गायन की शुभारम्भ जोग में आलाप तथा शिव जी पर आधारित स्वयं की दो रचनाएँ आदि देव महादेव.. एवं बाजत शिव डमरू.... प्रस्तुत की।

## चोरी की बाईक बरामद कर आरोपी दबोचा

**सहारनपुर।** कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने बाईक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर वाहन चोर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से चोरी की बाईक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया है। कोतवाली सदर बाजार प्रभारी सूबे सिंह जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 9 मई वादी अंकित कुमार पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम ढायकी थाना नकुड़ की तहरीर पर अज्ञात चोर द्वारा वादी की बाईक चोरी करने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

श्री सिंह ने बताया आज उनके व उपनिरीक्षक रामकुमार गौतम के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने छिदबना मोड़ से शाकम्भरी विहार आवास विकास वाले रास्ते से आरोपी तैय्यब पुत्र निसार निवासी मौहल्ला चौधरियान कस्बा व थाना नकुड़ को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी तैय्यब ने बताया कि साल 2023 में एक बाईक आईटीसी के सामने दिल्ली रोड से चोरी की थी और पकडे जाने के डर से बाईक पर हरियाणा नम्बर प्लेट को लगा रखी थी।

# हत्या की घटना का किया सफल अनवरण अभियुक्त व अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर-खीरी।** थाना धौरहरा जिला लखीमपुर खीरी में अभियुक्तगण रंजीत कुमार वर्मा पुत्र विदेरश वर्मा निवासी ग्राम होलागढ़ मजरा कफारा थाना धौरहरा जिला खीरी को गिरफ्तार किया गया है व आज दिनांक 29-11-2024 सुबह 08.40 बजे अभियुक्ता शिल्पी पुत्री राजाराम वर्मा निवासी ग्राम तेजनपुरवा मजरा टेकीकुण्डा थाना धौरहरा जिला लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया गया है। घटना का सफल अनावरण किया गया।06.11.2024 को मृतक रोहित पुत्र मुन्नालाल पासी निवासी ग्राम टेकीकुण्डा थाना धौरहरा जिला लखीमपुर खीरी के गुम होने के सम्बन्ध में दिनांक 07.11.2024 को थाना धौरहरा पर मु0अ0सं0 525/2024 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। रिपोर्ट पंजीकृत होने के बाद से ही धौरहरा पुलिस द्वारा टीमें गठित कर रोहित की खोजबीन शुरू कर दी गयी थी। खोजबीन के दौराने दिनांक 09.11.2024 को मृतक रोहित का शव बच्चालाल वर्मा के गन्ने के खेत में बरामद हुआ।

मृतक रोहित का गला रेतकर हत्या की गयी। जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 103(1)/238(a) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। दिनांक 28-11-2024 को अभियुक्त रंजीत कुमार वर्मा पुत्र विदेरश वर्मा निवासी ग्राम होलागढ़ मजरा कफारा थाना धौरहरा जिला खीरी गिरफ्तार किया गया। दौराने पूछताछ अभियुक्त ने बताया कि मेरा शिल्पी के साथ प्रेम सम्बन्ध था। दिनांक 06.11.2024 को मै व शिल्पी गन्ने के खेत मे आपत्तिजनक स्थिति मां थे, तभी रोहित वहां पर आ गया, उसने हमें आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया और कहने लगा कि मै तुम दोनों के घर पर जाकर बताऊंगा। हम दोनों ने बेज्जती के डर से उसे बहला फुसलाकर खेत में अन्दर ले गये और वही इसको दबोच कर खुर्पी से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी और लाश को खेत मे ही छोड दिया। अगले दिन दिनांक 07.11.2024 को रात्रि मे शव को रंजीत ने उक्त खेत से हटाकर दूसरे गन्ने के खेत मे अन्दर डालकर छिपा दिया। अभियुक्त रंजीत की निशादेही पर आलाकत्ल खुर्पा की बरामदगी भी की गयी है।

## निगम ने की पार्किंग स्थल सहित दो दुकानें सील



**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर नगर निगम ने कोर्ट रोड घंटाघर की दो दुकानों तथा अम्बाला रोड स्थित एक पार्किंग भवन (पहले टाटा मोटर्स का परिसर था) को सील कर दिया। उक्त भवन पर करीब 11 लाख 30 हजार रुपये टैक्स बकाया था। जबकि घंटाघर कोर्ट रोड के दो दुकानदारों ने आनन-फानन में बकाया टैक्स की आधी राशि जमा कराते हुए अपनी दुकानों को सील होने से बचा लिया। उधर मित्तल कॉम्पलेक्स की सील की गयी 60 दुकानों में से चार दुकानों का टैक्स जमा होने के बाद उनकी सील खोल दी गयी।

नगरायुक्त के निर्देश पर आज राजस्व विभाग की मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता, कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी, कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक लोकेश प्रवर्तन दल की टीम के साथ अम्बाला रोड स्थित मौहल्ला बैरुनी जाट में इंस्टालमेंट सप्लाई प्रारंभिक लि., भवन संख्या 14/193 पर पहुंचे और बकाया टैक्स जमा न करने पर भवन सील कर दिया। कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त भवन स्वामी को पहले बिल, उसके बाद डिमांड नोटिस और फिर कुर्की वारंट भेजकर 27 नवंबर कुर्की की तारीख तय की गयी थी।

# डीएम व एसपी ने किया जिले की नोडल अधिकारी का जनपद आगमन पर स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जिले की नोडल अधिकारी सचिव, वित्त विभाग मिनिस्ती एस जनपद खीरी पहुंची, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने उनके जनपद आगमन पर स्वागत किया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिले की नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की विभागवार, बिंदुवार विस्तृत समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। नोडल अधिकारी ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर आयोजित पांच अलग-अलग स्थान पर लखीमपुर महोत्सव कराने की सराहना की। बैठक में डीएम, एसपी, सीडीओ, डीएफओ, सीएमओ सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार ने पीएम और सीएम आवास योजना के स्वीकृत आवासों के सापेक्ष प्रगति बताइ। नोडल ने मनरेगा लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति जानते हुए निर्देश दिए कि इसमें महिला और दिव्यांगजनों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए। सीडीओ ने बताया कि जिले में 345 अमृतसरोवर बन चुके और 68 निर्माणाधीन है।इसके अलावा पीपीटी के माध्यम से विभिन्न विभागों की प्रगति को रेखांकित किया बैठक में सीडीओ ने अवगत कराया कि जिले में प्रत्येक ब्लॉक की दो-दो पंचायत में एस्ट्रोनॉमी लैब स्थापित है। नोडल ने इस प्रयास की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि जिले में डिजिटल लाइब्रेरी के बारे में प्रयास करते हुए उसे सेंटर आफ लर्निंग के रूप में विकसित किया जाए। अभ्युदय के बच्चों को भी जोड़ा जाए। डीपीआरओ ने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में ग्राम चौपाल आयोजित हो रही। उन्होंने ग्राम सचिवालय, सामुदायिक शौचालय सहित अन्य बिंदुओं पर जरूरी जानकारी दी। नोडल ने निर्देश दिए की कम फंड वाली ग्राम पंचायत में प्राथमिकता पर क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत के माध्यम से कार्य करवाया जाए। ताकि उन गांवों को भी विकास हो सके नोडल को सीएमओ ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिले में 16 सीएचसी, 65 पीएचसी संचालित है। चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, औषधीयो की उपलब्धता भी बताई। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत वेक्टर कंट्रोल नियंत्रण में किया जा रहे प्रयास बताएं। आयुष्मान गोल्डन कार्ड की प्रगति बताते हुए कहा कि जिले में अबतक 4,04125 परिवार, 10,50031 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज ने मेडिकल कॉलेज की अद्यतन प्रगति बताइ नोडल के पूछने पर पीडब्ल्यूडी महकमे के अफसरो में प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी दी। नोडल ने कोहरे से दुर्घटना रोकने के लिए किए जाने वाले प्रयास जाने। निर्देश दिए कि बिना रिफ्लेक्टर वाले वाहनों पर प्रभावी कार्यवाही की जाए। विद्युत महकमे से खराब ट्रांसफार्मर की संख्या और निर्धारित समयावधि में परिवर्तित किए जाने की प्रगति भी जानी। जिला कृषि अधिकारी से खाद की उपलब्धता और वितरण की जानकारी ली नोडल अधिकारी ने पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए निशुल्क ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना की प्रगति जानी।

## पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड के बाद मॉक ड्रिल कर दंगा नियंत्रण का किया गया अभ्यास

लखीमपुर खीरी। पुलिस अलर्ट पर है। शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड के बाद मॉक ड्रिल कर दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया गया। सबसे पहले पुलिस लाइन में एसपी गणेश प्रसाद साहा ने साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद बलवा होने की दशा में किस तरह से पुलिस कार्य करती है इसको लेकर बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया पुलिसकर्मी शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहें, इसको लेकर उनसे दौड़ लगवाई गई। साथ ही अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी शामिल हुए निरीक्षण के बाद एसपी ने शामिल सभी पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी पहने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने के लिए निर्देशित किया। एसपी ने क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी, मेस, बैरक आदि का निरीक्षण किया। यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन के निर्देश दिए शांति व्यवस्था के मद्देनजर आयोजित मॉक ड्रिल में एंटी राइट गन, अश्रु गैस गन आदि दंगा नियंत्रण उपकरणों का प्रयोग कर पुलिस बल द्वारा अभ्यास किया गया। साथ ही प्रतिसार निरीक्षक व उनकी टीम के सदस्यों ने बलवाइयों व दंगाइयों पर नियंत्रण हेतु मॉकड्रिल का प्रदर्शन किया।

## बैंक व व्यापारी एक दूसरे के पूरकः विवेक मनोचा

सहारनपुर। आईसीआईसीआई बैंक के जोनल हैड मयूर सिन्हा द्वारा सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों अध्यक्ष विवेक मनोचा, महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला एवं कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी का पटका व पुष्प भेंटकर स्वागत किया गया। स्थानीय कोर्ट रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक की शाखा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यापार मण्डल के अध्यक्ष विवेक मनोचा व महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने कहा कि बैंक व व्यापारी एक दूसरे के पूरक होते हैं। व्यापारी के बिना बैंक व बैंक के बिना व्यापारी अधूरा है क्योंकि व्यापारी को कारोबार व अपने प्रतिष्ठान चलाने के लिए बैंक की सहायता लेनी पड़ती है, तो वही बैंक जब व्यापारी को ऋण देगा तभी तो वह प्रगति करेगा। श्री मनोचा व श्री चावला ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक एक अग्रणीय हैं, बैंक व बैंक के उच्चाधिकारियों व स्टॉफ की कार्यशैली सराहनीय है, जिस कारण बैंक तरक्की कर रहा है तथा उपभोक्ताओं की पहली पसन्द बन चुका है। आईसीआईसीआई बैंक के जोनल हैड मयूर सिन्हा ने कहा कि बैंक द्वारा व्यापारियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार ऋण देगा किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जायेगी।

## सड़क पर रखे टायर व ड्रम किये जब्त

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर ढोली खाल व लोहानी सराय में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर फैलाकर रखे गए टायर, लोहे का सामान व ड्रम आदि जब्त कर निगम लाये गए। नगर निगम के अधिकारी आज दोपहर टैक्टर ट्रॉली आदि लेकर जब ढोलीखाल व लोहानी सराय पहुंचे तो अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। कुछ दुकानदारों ने आनन फानन में अपना सड़क पर रखा सामान उठाकर दुकान में डाल लिया। करीब दो दर्जन दुकानों से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान 18 टायर, लोहे का सामान, सड़क पर रखे ड्रम व जालियों का बंडल आदि सामान जब्त कर टैक्टर में भरकर निगम लाया गया। एक दुकानदार से बारह सौ रुपये जुर्माना भी वसूला गया। निगम अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि यदि दोबारा सड़क पर सामान पाया गया तो सामान जब्त करने के अलावा भारी जुर्माना भी लगाया जायेगा। कार्रवाई के दौरान निगम के सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरिप्रकाश कसाना, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, प्रवर्तन दल के जवान तथा आर आई विकास आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने किया चोरी की घटनाओं का खुलासा, एक नकबजन गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना मण्डी पुलिस ने कई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर नकबजन आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे व निशानदेही पर चोरी के आभूषणों समेत अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

थाना मण्डी प्रभारी नेमचंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 अक्टूबर को वादी दीपक जैन पुत्र स्व. सरेश चन्द जैन निवासी कृष्णाकुंज कालोनी, निकट दुर्गा मन्दिर गली नं0 4, भूतेश्वर रोड थाना मण्डी की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के घर मे चोरी करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली मण्डी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री सिंह ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक सुनील कुमार, अतुल कुमार, राज बहादुर राठी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की



सूचना पर फुरकान की आरा मशीन के सामने से एक शातिर नकबजन विपुल सैनी उर्फ विशाल उर्फ डैनी पुत्र सतीश सैनी निवासी तोता चौक पीर के पास थाना कोतवाली मण्डी को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे व निशानदेही पर 05 जोड़ी पायल, 02 जोड़ी झुमकी, 02 अंगूठी, 02 मोबाइल फोन, एक सीसीटीवी डीवीआर, दो पेंट के डिब्बे बरामद किये गये। पूछताछ में आरोपी विपुल सैनी ने बताया कि करीब एक महीने पहले उसके घर के पास कृष्णा कुंज कॉलोनी में एक मकान में चोरी की थी जिसमें हमें कुछ रूपये व ज्वैलरी मिली थी। बरामद दोनों मोबाइल के बारे में बताया कि करीब 3 महीने पहले उसने और उसके साथी ने आजाद कॉलोनी में एक घर में चोरी की थी वहां से हमे 04 मोबाइल व कुछ पैसे व एक जोड़ी सोने के कान के टॉप्स मिले थे।

पेन्ट के डिब्बे के बारे में बताया कि करीब 20 दिन पहले रात में उसने व उसके साथी ने मिलकर अंसारी रोड सरदार की पेन्ट की दुकान से चोरी किये थे ये दो छोटी बाल्टी पेन्ट की मेरे हिस्से में आई थी व बरामद सीसीटीवी डीवीआर के बारे में बताया कि करीब 3-4 महीने पहले उसने और उसके अन्य साथी ने नेहरु मार्किट के पास एक शीशे की दुकान से चोरी किया था व उसी दुकान के गल्ले में रखे पैसे व 02 मोबाइल भी चोरी किये थे दोनों मोबाइल उसके अन्य साथी के पास है। आज वह चोरी के सामान को बेचने की फिराक में था कि पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## ग्रामीणों ने गांव में टावर लगाये का किया विरोध, ज्ञापन सौंपा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** गांव मे टावर लगाये जाने के विरोध में आज ग्राम हलालपुर के ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपते हुए टावर पर रोक लगवाये जाने की मांग की। ग्राम हलालपुर के दर्जनों ग्रामीण आज एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और क्षेत्र में टावर लगवाये जाने का विरोध किया। उन्होंने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए बताया कि गाँव हलालपुर मे जियो कम्पनी के ठेकेदार व वर्कर एक बड़े पैमाने पर रजनीश पुत्र वेद प्रकाश आबादी खेत में टावर लगवा रहा है। टावर के लगने से पूरे ग्राम वासियो को परेशानी हो सकती है जहा पर स्कूल भी है और ग्राम में हार्ट अटैक व गम्भीर बीमारी से पीड़ित मरीज भी हैं। पत्र में ग्रामीणो ने आरोप लगाया कि पैसे के लालच में आकर एक ग्रामीण अपने खेत में टावर लगवा रहे है और ग्रामवालों के मना करने पर वह झगड़े पर उतारू हो जाता है और ठेकेदार वर्कर ने रात के अंधेरे में वहां पर एक गड्ढा बना दिया है। ग्रामवासियो के विरोध करने पर आरोपी झगडा कर रहे है। जबकि ग्राम में पहले से ही कई टॉवर लगे हुये है। नये टॉवर की ग्राम मे कोई आवश्यकता नही है। किन्तु आरोपी रूपये के लालच में आकर जबरन टॉवर लगवा रह है। जो कि न्याय संगत नही है।

## ट्रस्ट प्रमुख मौलाना तौकीर रजा को बरेली पुलिस ने संभल जाने से रोका



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** शुक्रवार को मौलाना तौकीर रजा खान ने संभल हिंसा पर बड़ा और विवादास्पद बयान देते हुए प्रशासन और हिंदू संगठनों पर गंभीर आरोप लगाए। मौलाना ने कहा कि संभल में हिंसा को सुनियोजित साजिश के तहत अंजाम दिया गया, ताकि पूरे देश में सांप्रदायिक तनाव का माहौल बनाया जा सके।

मौलाना ने दावा किया कि संभल में हिंसा के दौरान प्रशासन ने हिंदू संगठनों का साथ दिया। उन्होंने कहा, धार्मिक भड़काऊ नारे लगवाए गए और हिंदूवादी संगठनों को साथ लेकर मस्जिद में घुसने का प्रयास किया गया। पत्थर भी अपने साथ ले गए थे, ताकि मुसलमानों को उकसाया जा सके और पुलिस को गोली चलाने का बहाना मिल सके।÷ उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन ने पहले सर्वे के दौरान मुसलमानों की शांत प्रतिक्रिया देखकर हिंसा भड़काने की दूसरी योजना बनाई।

मौलाना ने केंद्र सरकार पर राज्य में माहौल खराब करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में जो कुछ भी हो रहा है, वह दिल्ली के इशारे पर हो रहा है। सरकार लखनऊ के मुख्यमंत्री को बदलने की साजिश कर रही है और इसके लिए सांप्रदायिक माहौल खराब किया जा रहा है।

**संभल जाने से रोका गया**

जुमे की नमाज के बाद मौलाना तौकीर रजा अपने समर्थकों के साथ संभल के लिए रवाना हुए, लेकिन पुलिस ने उन्हें सीबीगंज में रोक लिया और थाने ले गई। पुलिस ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें संभल जाने की इजाजत नहीं दी। कुछ देर की बातचीत के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया, जिसके बाद वह बरेली लौट गए। मौलाना ने हिंसा की उच्च स्तरीय जांच और सभी संबंधित अधिकारियों को हटाने की मांग की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप का स्वागत करते हुए कहा कि अदालत को सांप्रदायिक मामलों का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करनी चाहिए।

प्रशासन की ओर से कहा गया कि मौलाना को संभल जाने से रोकने का उद्देश्य इलाके में शांति बनाए रखना था। पुलिस ने कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दी और हिंसा को बढ़ने से रोकने के लिए कदम उठाए। मौलाना तौकीर रजा के इन बयानों से राजनीतिक और सामाजिक माहौल गर्म हो सकता है। जहां एक ओर वह मुसलमानों के पक्ष में खड़े होकर प्रशासन की आलोचना कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रशासन इसे कानून-व्यवस्था बनाए रखने की रणनीति बता रहा है। अब देखना यह होगा कि इस मामले में न्यायपालिका और सरकार क्या रुख अपनाती है।

## बच्चों के लिए अलग चिल्ड्रन पार्क बनाने पर दिया जोर



सहारनपुर। नगरायुक्त संजय चौहान ने आज दोपहर आईटीसी रोड स्थित साहिब जी नगर में 15वें वित्त से विकसित किये गए पार्क का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पार्कों के विकास के लिए व्यापक योजना बनाकर क्रियान्वित करने तथा वाटर हार्वेस्टिंग के लिए भी विशेष निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के लिए अलग चिल्ड्रन पार्क बनाने का सुझाव दिया।

नगरायुक्त संजय चौहान आज दोपहर नगर निगम निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव व सहायक अभियंता विपुल कुमार आदि अधिकारियों के साथ साहिब जी नगर पहुंचे और निर्माण विभाग द्वारा विकसित किये गए पार्क का निरीक्षण किया। नगरायुक्त निर्माण विभाग द्वारा 15 वें वित्त से विकसित किये गए पार्कों के औचक निरीक्षण की कड़ी में आज साहिब जी नगर पहुंचे थे। उन्होंने पार्क में लगायी गयी सोलर लाईट, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और बनाए गए पाथ वे आदि की जानकारी ली। नगरायुक्त ने वाटर हार्वेस्टिंग के सम्बंध में कहा कि अधिक गहरा बोरिंग न करें उस स्थिति में भूमि का पेयजल दूषित हो सकता है।

नगरायुक्त ने अधिकारियों को पार्कों का विकास किसी एक विभाग के बजाए व्यापक योजना बनाकर किये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्क की दीवारे केवल सुरक्षा की दृष्टि से रहती है, पेड़-पौधों एवं हरियाली के बिना पार्क की कल्पना नहीं की जा सकती।

# दहेज के लिए महिला की हत्या, फिर फंदे पर लटकाया शव, मायके वालों ने लगाए गंभीर आरोप

*अवधनामा संवाददाता*



**बरेली।** एक महिला ने घरेलू क्लेश में फंदे से लटक कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाया

**दहेज के लिए करते थे मारपीट**

मामला बरेली के थाना इज्जतनगर क्षेत्र के फरीदापुर चौधरी का है। 28 साल की शाजिया की शादी 2019 के अप्रैल महीने में यूसुफ से हुई थी। कुछ दिन तो ठीकठाक रहा, लेकिन उसके बाद दहेज की मांग करते हुए शाजिया को प्रताड़ित करने लगे। मृतका के परिजन ने आरोप लगाया कि शाजिया की हत्या दहेज के लिए की गई है। आए दिन मृतका के ससुराल वाले दहेज की डिमांड करते थे और शाजिया के साथ मारपीट करते थे।

**हत्या कर लटकाया शव**

शाजिया के बड़े भाई शफीकुर्रहमान ने बताया कि गुरुवार को उन्हें सूचना मिली थी कि शाजिया के पेट में बहुत दर्द है, उसे अस्पताल लेकर पहुंच रहे हैं। इधर, मायके वालों को जानकारी होते ही शिकारपुर से फरीदापुर चौधरी पहुंचे। ससुराल वालों की सूचना पर पीड़िता के परिवार वाले अस्पतालों में भटकते रहे। जब घर आकर देखा तो शाजिया का शव पड़ा हुआ था। मृतका के मायके वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

रिपोर्ट आने के बाद मामला होगा साफ

मृतका के ससुराल वालों ने हत्या का आरोप लगाया। गर्दन पर निशान भी मिले हैं। कहा कि शाजिया की हत्या करके शव को फंदे पर लटकाया गया है। हत्या करने के बाद सभी लोग फरार हो गए थे। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मामला साफ हो पाएगा।

## सपा के वर्तमान व पूर्व अध्यक्ष ने पुलिस पर घटना के पर्दाफाश न करने पर लगाया गम्भीर आरोप



**भटनी (देवरिया) अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम बेहराडाबर मे हुई मासूम अनुष्का की हत्या पर पुलिस व सरकार पर घटना के पर्दाफाश न किये जाने पर गम्भीर आरोप लगाते हुए सपा के पीडित परिवार से सपा जिलाध्यक्ष मिले। अनुष्का हत्याकांड सभी वर्ग के लोगो को झकझोर दिया है।इस घटना की जितना ही निन्दा की जाय कम है और सभ्य समाज के लिए कलंक भी है। इस घटना मे पुलिस की लापरवाही झलक रही है। पुलिस को लापरवाही को स्वीकारते हुए शीघ्र इस हत्याकांड मे शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल के सलाखो मे डाल देनी चाहिए। उक्त बाते सपा के जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने ग्राम भरहेचौरा मे पीडित परिवार से मिल कर अपनी सम्बेदना व्यक्त कर पीडित परिवार को सरकार से आर्थिक सहायता व अपराधियों की गिरफ्तारी की माँग किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष डाँ दिलीप यादव ने मृतका के घर जाकर वापस आने पर नकहनी चौराहे पर पत्रकारों से बात करते हुए अनुष्का की हत्या का जिम्मेदार पुलिस को ठहराया है और कहा है कि 27 नवम्बर को पाँच व छह बजे सायंकाल अपने पिता के ननिहाल ग्राम भरहेचौरा से शादी समारोह मे गई थी। वहीं से लापता हुई खोजबीन के बाद कही नही मिली तो रात्रि आठ बजे थाने पर सूचना दिया। अगर रात को ही पुलिस सक्रिय होकर खोजबीन की होती तो उसकी हत्या नही हुई होती पुलिस सुबह मुकदमा दर्ज करती है और गाँव के पास ही शव मिल जाता है। पुलिसिया कार्य शैली पर भी सवाल किया कि घटना के 72 घण्टा व्यतीत हो जाने के बाद भी पुलिस को कोई सुराग हाथ नही लगा।

# सात विभाग मिलकर चलाएंगे पल्स पोलियो अभियान, उदासीन परिवारों को भी करेंगे प्रेरित

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** जिले में आठ दिसम्बर से शुरू हो रहे पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीणा ने सात विभागों की जिम्मेदारी तय की है। उन्होंने पत्र जारी कर इन विभागों को विस्तृत दिशा निर्देश दिये हैं। पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने में सहयोग करने के साथ साथ यह विभाग उदासीन (इंकारी) परिवारों को भी प्रेरित करेंगे ताकि उनके घर के बच्चे दवा पी सकें। साथ ही घर घर भ्रमण के दौरान पल्स पोलियो की टीम को खसरा के संभावित मरीजों की रिपोर्ट भी स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर करनी होगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, आपूर्ति विभाग, नगर निकाय विभाग, पंचायती राज विभाग, आईसीडीएस और बेसिक शिक्षा विभाग को पत्र जारी कर



अभियान में सहयोग करने का निर्देश दिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि पत्र के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ता और स्थानीय पल्स पोलियो की टीम को पहले से ही अध्यापक, शिक्षामित्र, ग्राम प्रधान या वार्ड मेंबर अथवा उत्तरदायी व्यक्ति, धर्मगुरू और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से सम्पर्क कर गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराना है। सुपरवाइजर इस कार्य का फॉलो अप करेंगे। सभी अधीक्षक अभियान के दौरान नियमित सांध्यकालीन बैठकें कर समीक्षा करेंगे और डब्ल्यूएचओ व यूनिसेफ के फीडबैक के आधार पर गैप्स को दूर करेंगे।

पोलियो की प्रत्येक टीम को फीवर बिद रैश (संभावित खसरा) मरीजों की रिपोर्ट भी करनी होगी। सीएमओ डॉ दूबे ने बताया कि दिसम्बर 2023 में चले पल्स पोलियो अभियान के दौरान करीब 8.93 लाख घरों के 6.47 लाख बच्चों को दवा पिलाई गई थी। इस वर्ष आठ दिसम्बर को जिले भर में बूथ पर दवा पिलाई जाएगी। नौ से तेरह दिसम्बर तक पल्स पोलियो की टीम घर घर जाकर दवा पिलाएंगी। छूटे हुए

- मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीणा ने पत्र जारी कर दिये विस्तृत दिशा निर्देश

बच्चों को बी टीम द्वारा 16 दिसम्बर को दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद सत्रह दिसम्बर को इन राउंड सर्वे कर पता लगाया जाएगा कि कहीं कोई अन्य बच्चा छूट तो नहीं रह गया है। ऐसे बच्चों को भी दवा पिलाई जाती है। बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश है कि अभियान के बूथ दिवस पर आठ दिसम्बर को सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक खुले रखे जाएं। एक दिन पहले रैली निकाली जाए और बुलावा टोली की मदद से पांच वर्ष तक के बच्चों को बुला कर पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाए। सभी शिक्षा विभाग के सुपरवाइजर भी सांध्यकालीन बैठक में प्रतिभाग अवश्य करें।

## प्रा. विद्यालय मदारपुर में खेतल सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर मेंशासन के निर्देश पर प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की नवीन कार्य समिति की गई गठित - उपस्थित अभिभावकों ने सर्वसम्मति से खेतल सिंह को चुना अध्यक्ष। निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के बाद अपने उद्बोधन में खेतल सिंह ने सभी अभिभावकों का आभार जताते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर वह खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। बैठक में जयवीर, प्रदीप, देशराज, राजेन्द्र,देव सिंह, रोहित, वीरपाल,नौवत सिंह, कमलेश, अनोखेलाल, इसरार, विपिन, सत्यवती, नीता, सीमा, सुनीता, रामदेवी, चंचला, मीना, वर्षा, ममता, शीतल, नेम श्री सहित तीन दर्जन अभिभावक उपस्थित रहे।

## ग्राम चौपाल में योजनाओं के बारे में दी जानकारी



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत रायपुर खास में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें खंड विकास अधिकारी कायमगंज उपेंद्रनाथ खरवार एवं ग्राम विकास अधिकारी विवेक बाबू मिश्रा एवं सहायक विकास अधिकारी अनुराग कुमार सक्सेना प्रधान पुत्र पूर्व प्रधान अजय भारती की मौजूदगी में खंड विकास अधिकारी उपेंद्रनाथ खरवार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं के बारे में मौजूद ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी। कोटेदार दुर्वेश चन्द्र एवं कोटेदार उमर हुसैन खान आवेश खान कूतराम मोहित कुमार विजय भारती अमन भारती आंगनबाड़ी सुधा रचना फरनाज बेगम के अलावा महिलाएं एवं ग्रामीण भारी तादाद में मौजूद रहे।

# बीजेपी के पूर्व विधायक स्व कृष्णानंद राय के 20वें शहादत दिवस दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद विधानसभा भाजपा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कृष्णानंद राय उनके साथ सात साथियों श्याम शंकर राय, रमेश राय, अखिलेश राय, निर्भय उपाध्याय, शेषनाथ पटेल, मुना यादव के 20 वें शहादत दिवस पर हजारों की संख्या में लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने कहा कि अतातायियों से लड़ने के लिए काशी हिंदू विश्वविद्यालयकी छात्र राजनिति से मोहम्मदाबाद के विधायक बने स्व कृष्णानंद राय उनके साथियों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। स्व कृष्णानंद राय की हत्यारे आज या तो परलोक में है या जेल के सलाखों के पीछे हैं। जो कुछ बच्चे हैं वह भी गले में पट्टा बांधकर अपने जान की भीख मांग रहे हैं। स्व कृष्णानंद राय की पत्नी पूर्व विधायक अलका राय ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि माफिया मुख्तार अंसारी के सफाये से अभी अपराधियों के पेड़ की केवल एक टहनी कटी है हम सभी को मिलकर इन अपराधियों को जड़ से उखाड़ फेंकना है। वरिष्ठ भाजपा नेता अभिनव सिन्हा ने कहा कि हम लोगों का मानना है कि भगवान के यहां देर है अंधेर नहीं और भगवान की लाठी चली। स्व कृष्णानंद राय का हत्यारा 28 मार्च को जो जेल में रहकर के माफिया राज चलता था वह नेस्तनाबूद हो गया। श्रद्धांजलि सभा के



समापन पर पूर्व विधायक अलका राय क्षेत्र की गरीब महिलाओं को ठंड का मौसम देखते हुए कंबल वितरित किया। शहादत दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र राय, पूर्व जिला अध्यक्ष विजेंद्र राय ने भी संबोधित किया। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से विनोद अग्रवाल प्रमुख प्रतिनिधि, आनंद राय मुन्ना, पीयूष राय, सुनील राय, विजय प्रताप राय, अरूण राय, कृपाशंकर राय, रविंद्र राय, रामजी गिरी, राजेश बागी, शशांक शेखर राय, ओम प्रकाश राय आदि मौजूद रहे।

## युवक के सर पर लोहे की राड से किया वार

**नजीबाबाद अवधनामा संवाददाता।** थाना नजीबाबाद के ग्राम हर्षवाड़ा में लग रहे विकास प्रदर्शनी मेले में बीती रात एक युवक को नाव वाले झूले के वर्कर ने जानलेवा हमला कर लहू लुहान कर दिया। आनन फानन में युवक को गंभीर अवस्था में नगर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां अभी तक युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है! यदि आप उपरोक्त मेले में जाने का प्रोग्राम बना रहे हैं तो मेरा दावा है कि घायल युवक नदीम के फटे हुए सर का फोटो देखकर आपका मन विचलित हो जाएगा और आपका उपरोक्त मेले में जाने का इरादा बदल जाएगा और आप सोचने पर विवश हो जाएंगे की क्या मैं और मेरा परिवार इस इस मेले से सुरक्षित घर वापस आ पाएंगे। मामला बीती रात दिनांक 28 नवंबर 2024 का है जहां ग्राम हर्सवाड़ा में लग रहे विकास प्रदर्शनी मेले में ग्राम मौजमपुर तुलसी थाना नजीबाबाद निवासी युवक नदीम अपने दोस्तों के साथ मेला देखने गया था मेले में लग रहे नाव वाले झूले में झूलने को लेकर झूले के एक वर्कर (नाम नामालूम) से नदीम की कहासुनी हो गई। मामूली कहासुनी में झूले के वर्कर ने नदीम पर जानलेवा हमला कर दिया व जान से मारने की नीयत से नदीम के सर में लोहे की रॉड मार दी।

## एनसीसी सैन्य सेवा का स्वर्णिम द्वार : प्रो. सुरिंदर



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह ने राष्ट्रीय शिविरो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर सैन्य सेवा का स्वर्णिम द्वार है जहां एकता और अनुशासन के साथ सैन्य प्रशिक्षण ग्रहण करके कैडेट्स देश सेवा के लिए संकल्पित होते है। प्रो. सिंह ने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने कड़े अभ्यास से राष्ट्रीय शिविरो में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रिपब्लिक डे कैंप के चयन से पूर्व प्री आरडीसी प्रथम शिविर, गाजियाबाद में गोरखपुर ग्रुप को आइडिया इनोवेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला। आइडिया इनोवेशन प्रतियोगिता का नेतृत्व महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के सीनियर अंडर आफिसर सागर जायसवाल और आशुतोष मणि त्रिपाठी ने किया। इसी तरह सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर कैडेट कृष्णा त्रिपाठी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एडीजी परेड में कैडेट आशुतोष मणि त्रिपाठी और कृष्णा त्रिपाठी ने ड्रिल में सम्मिलित होकर गोरखपुर एनसीसी मुख्यालय का नेतृत्व किया। फ्लैग एरिया में सागर जायसवाल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर गौरांवित किया है। इंटर ग्रुप शिविर प्रतियोगिता में सार्जेंट खुशी गुप्ता ने फ्लैग एरिया और ड्रिल प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आल इंडिया ट्रैकिंग शिविर श्रावस्ती में सार्जेंट आदित्य विश्वकर्मा और कॉरपोरल अभिषेक चौरसिया ने सुहेलवा वाइल्ड लाइफ सैंक्चुअरी के विविध एडवेंचर में सैन्य प्रशिक्षण ग्रहण किया।

## नगर पंचायत घघसरा को बनाएंगे मॉडल नगर



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत घघसरा बाजार को शासन द्वारा आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित होने पर नगर पंचायत कार्यालय पर कलेक्टिव गुड फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य नगर के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है, जिससे बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो सके जिससे नागर वासियों के जीवन स्तर में सुधार हो, और इसे शहरी विकास का एक आदर्श मॉडल बनाया जा सके।जिसके लिए हम पूरी तरह से संकल्पित हैं। नगर विकास विभाग के पहल पर कलेक्टिव गुड फाउंडेशन ने नगर के विभिन्न स्थानों पर फोकस्ड ग्रुप डिस्कशन आयोजित किए और नगर के अधिकारी व कर्मचारियों से इस पर चर्चा किया। नगर के विकास की प्राथमिकताओं को निर्धारित करते हुए, समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। जो सभी कार्यवाहियां नगर पंचायत और कलेक्टिव गुड फाउंडेशन के सामंजस्यपूर्ण प्रयासों से कार्यान्वित की जाएंगी। बैठक में अधिशासी अधिकारी अमित नायक, कलेक्टिव गुड फाउंडेशन के प्रतिनिधि डॉ. विभोर, शासन द्वारा नियुक्त सीएम फेलो आर्किटेक्ट श्रीतिक श्रीवास्तव, अखिलेश गुप्त सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता आंदोलन न्याय के रक्षार्थ संघर्ष : रत्नाकर



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन का वर्तमान में चल रहा आंदोलन न केवल अधिवक्ताओं के मान सम्मान से जुड़ा है, वरन यह न्याय की रक्षा के लिए अधिवक्ताओं का संघर्ष है। उक्त विचार सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन,गोरखपुर के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नाकर सिंह एडवोकेट, वरिष्ठ एडवोकेट प्रदीप त्रिपाठी और वरिष्ठ एडवोकेट शैलेंद्र कुमार सिंह ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान व्यक्त किया। श्री रत्नाकर सिंह ने कहा कि अपने न्यायिक कार्य के दौरान अधिवक्ताओं को तमाम विषम परिस्थितियों से रूबरू होना पड़ता है। लेकिन जब आतताई न्याय के मंदिर में न्याय के इस पर पहरुए की हत्या की कोशिश करेंगे तो स्वाधीनता के आंदोलन में वरिष्ठ पंक्ति में खड़े रहने वाले अधिवक्ता खामोश बैठने वाली कौम नहीं है। वरिष्ठ अधिवक्ता भाई रविंद्र भूषण धर दुबे के ऊपर विगत 20 नवंबर को एक मुकदमे की पैरवी में दबाव न मानने के कारण प्राण घातक हमला किया गया, मारा पीटा गया। गोली का निशाना बनाने का प्रयास हुआ। दो अतताइयों को पड़कर अधिवक्ताओं ने कैंट थाने के सुपुर्द किया ,जहां हत्या के प्रयास सरीखे संगीन धाराओं के बाद भी केंट इंस्पेक्टर संजय सिंह ने उन्हें खुद ही न्यायाधीश बनकर बिना किसी लिखा पढ़ी रिहा कर दिया और तभी से अधिवक्ता आंदोलनरत हैं। यह आंदोलन किसी कीमत पर न्याय की प्राप्ति के पूर्व समाप्त नहीं होगा। गिरफ्तारी हो, संजय सिंह का स्थानांतरण हो, मामले की जांच हो कैसे कोई व्यक्ति इतनी पुलिस सुरक्षा में असलहा लेकर आ गया और फिर निकल भी गया।

# एआरटीओ ने सिपाहियों के साथ मिलकर ट्रक चालक को पीटा, छीन लिए चाभी व रूपये

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के मधुरिया पुलिस चौकी के समीप नेशनल हाइवे 28 सोहंग मोड़ के पास ट्रक चेक करने के दौरान एआरटीओ कुशीनगर ने सिपाहियों के साथ मिलकर ट्रक चालक को केबिन से खींचकर बाहर निकालकर बेरहमी से पीटा और उसके कपड़े फाड़ दिए।

ट्रक कि चाभी कागज चेक करने के बहाने अपने साथ लेते गए जिससे फोरलेन पर घाघी नदी से फ़ाज़िलनगर तक गाड़ियों की लम्बी लाइन लग गई उत्तरी व दक्षिणी लेन पूरी तरह बाधित हो गया। एक घंटे बाद जाम खुला, उसके बाद नाराज ट्रक चालकों ने एआरटीओ के खिलाफ कार्रवाई कि मांग करने लगे। शुक्रवार की शाम गाजियाबाद के नोएडा से मुरादाबाद निवासी सद्दाम पुत्र शरीफ अपने सहयोगी ड्राइवर संग ट्रक में गत्ता (बोरी) लोडकर गोहाटी आसाम जा रहा



आक्रोशित ट्रक चालक जाम करते हाइवे



ट्रक चालक को केबिन में पीटते

- हाईवे पर एआरटीओ द्वारा मारपीट व रूपये छीनने का आरोप
- ट्रक खड़ी कर चालकों ने घंटों हाइवे किया जाम
- चौकी इंचार्ज ने खुद बताया कि एआरटीओ द्वारा की गई मारपीट

था। तुर्कपट्टी थाने के सोहंग मोड़ हाईवे पर एआरटीओ की चेकिंग चल रही थी। चालक का आरोप है कि कागजात दिखाने के बावजूद एआरटीओ और साथ मे रहे पुलिस कर्मियों द्वारा पैसे की मांग की गई नही देने पर बुरी तरह से मुझे व मेरे साथी को जबरन ट्रक के केबिन में घुसकर मारा पीटा गया केबिन में रखा बीस हजार रुपए भी छीन लिए गए। साथ में ट्रक की चाबी भी लेते गए। मारपीट में चालक व खलासी के कपड़े बुरी तरह से फट गए। मारने पीटने का विडियो भी बनाया गया है। गुस्साए ट्रक चालको ने उत्तरी एवम दक्षिणी लेन को ट्रक को लगाकर जाम कर दिया। एवम कार्रवाई की मांग करने लगे। लगभग दो घंटे की कडी मशक्कत एवम कार्रवाई के आश्वासन के बाद चौकी प्रभारी मधुरिया जितेन्द्र कुमार ने आवागमन दुरुस्त कराया।

### जाम में फंस गई एंबुलेंस

हाईवे पर ट्रक वालो द्वारा लगाए जाम से अफरा तफरी का माहौल रहा। यात्री परेशान रहे तो वही मरीजों की सांसे अटकी रही। एक एम्बुलेंस मे जीवन और मौत से जुझ रहे मरीज के परिजन द्वारा ट्रक वालो के पैर पकड़ने के बाद ट्रक वालो ने जाम हटाया। एम्बुलेंस के निकलने के बाद फिर हाईवे जाम कर दिया।

## पत्रकार आलोक त्रिपाठी सम्मानित



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** संविधान दिवस के अवसर पर न्यायमूर्ति बी. डी. नकवी, आई. पी.एस. डॉ बी पी अशोक, आई.टी. कॉलेज की प्रोफेसर रोमा स्मार्ट, संगीता थापर, हाईकोर्ट इलाहाबाद के जस्टिस वीरेंद्र सिंह यादव द्वारा निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए लखनऊ जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के कोषाध्यक्ष आलोक कुमार त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पत्रकार फहीम, क़ौमी तंजीम के अध्यक्ष तालिब अली, समाजसेवी कुदरत उल्ला खान, धौरहरा लखीमपुर के पूर्व विधायक शमशेर बहादुर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बीते दिनों स्कूटी सवार शिक्षिका का बैग लेकर फ़रार

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बीते दिवस स्कूटी सवार शिक्षिका का बैग लेकर फरार हुए मामलें में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जनपद सुल्तानपुर के पसियापारा थाना दोस्तपुर निवासिनी साजेदा सिद्दीकी ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि वह बाबा बरुआ दास पीजी कालेज परुइया आश्रम में शिक्षिका है। गुरुवार को दिन में 1:45 बजे वह अपनी स्कूटी से जलालपुर से घर जा रही थी। इसी बीच जलालपुर मालीपुर रोड पर परुइया आश्रम के समीप एक अपाची सवार दो युवक पीछे से पहुंचे और स्कूटी के सामने रखे बैग को लेकर फरार होगये। बैग में एक सोने की चेन,कान का टप्स व मोबाइल थी। मामलें में पुलिस ने अज्ञात दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है सीसीटीवी कैमरे के आधार पर बदमाशों की तलाश की जारही है जल्द ही खुलासा होगा।

## अवैध शराब के खिलाफ तेज़ हुआ अभियान

**गोरखपुर।** उप आबकारी आयुक्त गोरखपुर प्रभार के आदेशानुसार ज़िला आबकारी अधिकारी गोरखपुर के निर्देश पर आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने थाना- राजघाट के अमूर तानी और चकरा आयुअल में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान 45 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और तीन लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।


### सूचना

मैंने अपने पुत्र बिलाल के गलत आचरण से आजिज आकर उससे सभी प्रकार के नाते-रिश्ते खत्म कर दिए हैं। मैंने अपने पुत्र बिलाल को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अगर बिलाल कोई भी लेन-देन व गलत कार्य करता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा।

**मौहम्मद शहज़ाद पुत्र अब्दुल शकूर**
**निवासी 590 गली नं0 4**
**कश्मीरी गेट 60 फुटा**
**थाना रामगढ़ जनपद फीरोजाबाद**


# साढ़े ग्यारह बजे तक कार्यालय नहीं पहुंचे थे जिला पूर्ति अधिकारी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में अधिकारियों की कार्यशैली इन दिनों ठीक नहीं रह रही है। अपने लेट लतीफी के चलते ये अधिकारी अपने आदतों से बाज नहीं आ रहे है। समय से कार्यालय में उपस्थित नहीं होने से आम जनता काफी परेशान तो दिख ही रही है लेकिन विभागीय कार्य भी बाधित हो रहा है। पिछले दिनों डीएम के निरीक्षण में भी कलेक्ट्रेट समेत कई विभागों के अधिकारी समय से कार्यालय पर नहीं पहुंचे थे। जिसपर नाराज होकर डीएम ने वेतन रोकने के साथ स्पष्टीकरण भी मांगा था। शासन का आदेश है कि जिले के सभी अधिकारी अपने कार्यालय में 9 बजे से लेकर 1 बजे तक उपस्थित रहकर लोगों की समस्या सुने और विभागीय कार्य निपटाए लेकिन कुशीनगर जनपद में ऐसा नहीं हो रहा है। पिछले दिनों डीएम के निरीक्षण में कलेक्ट्रेट व सीएमओ कार्यालय में



- शासनादेश का ठेंगा दिखा रहे जनपदीय अधिकारी, लेट लतीफी से नहीं आ रहे बाज
- डीएम के निरीक्षण में भी कलेक्ट्रेट के कई अधिकारी मिल चुके है अनुपस्थित

तमाम अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित मिले थे। शुक्रवार को अवधनामा के पड़ताल में जिला पूर्ति अधिकारी अपने कार्यालय में साढ़े ग्यारह बजे तक नहीं पहुंचे थे, खुर्सी खाली पड़ी थी। राशन कार्ड में नाम जुड़वाने व सुधार कराने के लिए पहुंचे लोगों ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताए कि राशन में नाम अंकित करवाने व सुधार करवाने के लिए कई दिनों से जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय का चक्कर लगा रहे है लेकिन अधिकारी से मुलाकात नहीं हो पा रही है। बता दें सरकार ने शासनादेश जारी कर सभी जनपदीय अधिकारियों को सुबह 9 बजे से 1 बजे तक उपस्थित रहने को कहा है लेकिन अधिकारी अपने लेट लतीफी से बाज नहीं आ रहे है। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी से वार्ता करने की कोशिश की गई तो उनका सीयूजी नंबर स्विच ऑफ बता रहा था।

# शंख वीथिका का शुभारम्भ



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** इन्टैक उरई अध्याय व संस्कार भारती जालौन की प्राच्य विधा के संयुक्त तत्वावधान में एक अद्भुत सीप, शंख वीथिका का शुभारम्भ हुआ। श्रीमती सन्ध्या पुरवार व डा0 हरी मोहन पुरवार के शंखनाद के द्वारा इस.वीथिका का शुभारम्भ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा0 शान्तनु ने कहा कि यहां पर आकर मुझे नवीन ऊर्जा का आभास हुआ। यहां का शंखों आदि का संग्रह और उसका प्रस्तुतिकरण अत्यन्त प्रभावकारी और दुर्लभ व रोचक रहा। उन्होंने आगे कहा कि शंख ध्वनि से एक हजार दो सौ फुट दूरी तक के बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं।डा0 शान्तनु के साथ आये कालेज के वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डा0 शिवकुमार ने कहा कि मैं सीप शंखों के इस अद्भुत संसार को देखकर आश्चर्य चकित हूं। ऐनाटौमी विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 आलोक कुमार सिंह ने कहा कि इस स्थान पर आकर मुझे अपने बचपन का स्मरण हो आया। सीपों और शंख का संग्रह वास्तव में अद्भुत है। मैडिकल कालेज जालौन के फार्माकोलौजी विभाग के असिस्टैंट प्रोफेसर डा0 अमित कुमार ने कहा कि आज के पहले तो मैं केवल एक ही शंख जानता था जोकि हमारे घर पर पण्डितजी आकर बजाते थे। आज इस शंख, सीप वीथिका को देखकर ऐसा लगा कि मैं किसी दूसरी दुनिया में चला गया। कार्यक्रम के सूत्रधार डा0 रघुवीर सिंह मण्डलोई व उनकी पत्नी श्रीमती सपना व्यास व श्रीमती सन्ध्या पुरवार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## बिजनौर में जुमा की पहली नमाज़ पर पुलिस अलर्ट

**धामपुर अवधनामा संवाददाता।** यूपी के संभल जिले में हुई हिंसा के बाद से यूपी पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मूड में है। शुक्रवार को जुम्मा की नमाज़ को लेकर पुलिस प्रशासन ने खास ध्यान रखा है। धामपुर, शेरकोट, स्योहारा, नहटौर, अफजलगढ़, और रेहड़ सहित अन्य क्षेत्रों में मस्जिदों के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस द्वारा विशेष उपाय किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को दंगा नियंत्रण के लिए रिहर्सल किया था। इसके बाद, शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति से बचने के लिए पुलिस ने पहले से ही धार्मिक गुरुओं के साथ बैठक की थी। पुलिस ने हर मस्जिद के बाहर तैनाती की है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरा भी उड़ाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने मस्जिदों के पास से गुजरने वाले संदिग्ध व्यक्तियों को रोक कर उनकी पूछताछ की, और सुरक्षा की दृष्टि से, पुलिस ने पूरे नगर में निगरानी बढ़ा दी है ताकि किसी भी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। पुलिस के अधिकारी लगातार लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से सभी उपाय किए जा रहे हैं ताकि शांति और व्यवस्था बनी रहे। पुलिस ने पूरी तैयारी की है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैनात हैं।

# धरती के भगवानों को भी भाने लगी है अयोध्या



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद दूर-दूर से श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। वे न सिर्फ रामलला का दर्शन कर रहे हैं बल्कि योगी सरकार द्वारा सजाई गई रामनगरी का दीदार भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में धरती के भगवान माने जाने वाले चिकित्सक भी अब देश-विदेश से किसी न किसी बहाने अयोध्या पहुंच रहे हैं। शुक्रवार से राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज गंजा में शुरू हुई अंतरराष्ट्रीय क्रोनोमेडिसिन इसका जीता-जागता उदाहरण रहा। दरसअल अयोध्या में पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रोनोमेडिसिन 2024 कांफ्रेंस हो रही है। इस कांफ्रेंस में प्रदेश से ही नहीं बल्कि देश-विदेश से चिकित्सक शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। आयोजन के सचिव व मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि पिछली बार इसका आयोजन राजस्थान के जैसलमेर में हुआ था। राम मंदिर निर्माण के बाद चिकित्सकों ने अयोध्या में इस कांफ्रेंस को कराने का आह्वान किया था। सभी रामलला के दर्शन व अयोध्या को देखना भी चाहते थे। यही कारण रहा है कि कांफ्रेंस अयोध्या में कराई गई है। तकरीबन 800 से 1000 के बीच चिकित्सक इसमें शामिल हो रहे हैं। विदेश से 14 चिकित्सक, उसमें 10 अमेरिका से हैं संरक्षक व मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि कांफ्रेंस का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। यह 1 दिसंबर तक चलेगी। इसमें विदेश से 14 चिकित्सक पहुंच रहे हैं। 10 अमेरिका से ही हैं। उन्होंने बताया कि यूएसए के अमेरिका कॉलेज ऑफ फिजिशियन की वाइस प्रेसिडेंट डॉ. मुक्ता पांडा, यूएसए से डॉ. देवेंद्र अग्रवाल, चेन्नई से डॉ. कृष्णा शेषादोई, अमेरिका से डॉ. सुरेश सी त्यागी, यूएसए से डॉ. देवाशीष बगेची, डॉ. के राय चौधरी, डॉ. सीबा चौधरी, यूएस से डॉ. रामेश्वर नाथ चौधरी, डॉ. समेन्द्र नाथ, डॉ बानिक, यूके से डॉ. परिजाल डे व संगीता डे के अलावा देश के नामी गिरामी चिकित्सक शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा पद्मश्री डॉ. कमलाकर त्रिपाठी, बीएचयू के डायरेक्टर प्रो. डॉ. एनएस संखवार, एम्स के डायरेक्टर प्रो. डॉ. अजय सिंह भी शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। सभी अयोध्या दर्शन को भी जाएंगे। पहले दिन दिए चिकित्सकों को सुझावपहले दिन कांफ्रेंस में डॉ. नर सिंह वर्मा, डॉ. दिनेश व डॉ. अनुज महेश्वरी समेत नामी-गिरामी चिकित्सकों ने क्रोनोमेडिसिन के बारे में बताया। उन्होंने चिकित्सकों से मरीजों को दिनचर्या ठीक करने के बारे में बताने को कहा है।

# विवाह बंधन में बंधे 142 जोड़े, अतिथियों ने दिया उपहार व आशीर्वाद



*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** विकासखंड मुख्यालय पर शुक्रवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 142 जोड़ें विवाह बंधन में बंधे। अतिथियों ने नव दंपतियों को आशीर्वाद, उपहार व प्रमाण पत्र भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख श्रीदेवी ने किया।रूदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि परिणय सूत्र में बंधे सभी नव दम्पतियों का जीवन खुशहाली से भरा रहे। बेटियों के हाथ पीले करने के लिए पहले गरीबों को सेंठ साहूकारों के यहां हाथ फैलाना पड़ता था आज वे गर्व से अपनी बेटी का विवाह कर रहें हैं। अवधेश प्रसाद पर निशाना साधते हुए कहा कि इसके पूर्व सामूहिक विवाह में सपा के जनप्रतिनिधि ने कामाख्या धाम में प्रीतिभोज कराने का वादा किया था क्या व पूरा हुआ। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा हमारी सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ तलाकशुदा महिलाओं को भी दे रही है। पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार की संपूर्ण योजनाएं पारदर्शिता के साथ चल रही है, उन्होंने नव दम्पतियों को शुभकामनाएं दी। मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह ने कहा कि सभी जोड़े शपथ लें कि दहेज नहीं लेंगे और घरेलू हिंसा नहीं सहेंगे। कार्यक्रम को बीकापुर विधायक अमित सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने भी संबोधित किया। भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विवेक पांडेय की टीम द्वारा प्रस्तुत मांगलिक गीतों ने लोगों का मन मोहा।कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी बीके सिंह, एसडीएम राजीव रत्न सिंह, तहसीलदार प्रदीप सिंह, बीडीओ अखिलेश गुप्ता, एडीओ पंचायत सिद्धार्थ नाथ पांडे, एडीओ आईएसबी संपूर्णानंद तिवारी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर सील की गई संपत्ति प्रशासन द्वारा की गई मुक्त

**बीकापुरः अयोध्या।** जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत जिला पंचायत सदस्य की सील की गई करोड़ों की बेश कीमती संपत्ति को कोर्ट के आदेश के बाद शुक्रवार को प्रशासन द्वारा मुक्त कर दिया गया। बीकापुर कस्बे में प्रयागराज हाईवे के किनारे स्थित श्लोक आश्रम, विद्युत उपकेंद्र के समीप बीकापुर इनायत नगर मार्ग के किनारे स्थित कई दुकानों सहित कई भूखंडों को लंबी जद्दोजेहद के बाद आखिरकार शुक्रवार को तहसील प्रशासन ने अवतश तिवारी सिक्कू को सुपुर्द कर दिया। इस दौरान दिनभर चली कार्यवाही में पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवतस तिवारी उर्फ सिक्कू तिवारी की तीन प्रॉपर्टी व एक टाटा सफारी वाहन को भी कानूनन सुपुर्दगी में दिया गया। तहसील प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए नायब तहसीलदार दीपांकर ने बताया है कि अपर सत्र न्यायाधीश पंचम के आदेश दिनांक 10 अप्रैल 2024 के अनुपालन में जिलाधिकारी द्वारा 11 11.2024 को दिए गए।

## श्री लोधेश्वर महादेवा में सात दिवसीय महोत्सव का हुआ भव्य आगाज



**बाराबंकी।** राम नगर स्थित श्री लोधेश्वर महादेवा में सात दिवसीय महोत्सव शुक्रवार से आरंभ हो गया है। जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार की दोपहर महादेवा पहुंचकर बैंड की मधुर धुनों के बीच विश्व कल्याण द्वार पर फीता काटकर व भोलेनाथ के दरबार में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर महादेवा महोत्सव का शुभारंभ किया। महादेवा महोत्सव इस बार शिवोऽहम् की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। मंदिर परिसर से लेकर मंदिर में फूल-मालाओं से सजावट की गई है। गर्भगृह को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। श्री लोधेश्वर महादेव के दरबार में शुक्रवार को पूजन-अर्चन हरि ओम स्वस्ति न इंद्रो स्वस्ति। स्वस्ति नः पूषा स्वस्ति न वृहस्पति दधाति... के वैदिक मंत्र गूंजते रहे। विश्व कल्याण द्वार पर जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने फीता काटकर महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह सहित पूर्व विधायक श्री शरद अवस्थी आदि भोलेनाथ की आराधना के लिए मंदिर पहुंचे जहाँ पर अनिल शास्त्री, आदित्य तिवारी व मंदिर के पुजारी वीरेंद्र शास्त्री द्वारा अंग वस्त्र, नारियल, पुष्प, अक्षत, दूध, गंगाजल, शहद आदि से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा-अर्चना कराई गई।

# शिक्षक समाज के लिए होता है पथ प्रर्दशकः रोली सिंह

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पांडे गुट का 54 वां जनपदीय सम्मेलन एम पी एल एल आदर्श इंटर कॉलेज अयोध्या में संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, जिपंअ प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित व नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया। एस एस वी इंटर कॉलेज के छात्रों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत की प्रस्तुति की।सम्मेलन में पधारे हुए अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह व संयोजक अनिल कुमार मिश्र ने माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर किया। सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि गुरुजनों के समक्ष मुझे उपस्थित होने का अवसर मिला यह मेरा सौभाग्य है। शिक्षक समाज के लिए पथ प्रर्दशक होता है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि शिक्षकों की समस्याएं हमारी समस्याएं हैं इसके निस्तारण के लिए शिक्षकों की एक समिति बनाकर संबंधित अधिकारियों को बुलाकर समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जाएगा ।आलोक कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए छात्रों के उत्कृष्ट चरित्र का निर्माण कर रहे हैं जो देश के लिए अत्यंत हितकारी है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगठन के मंडलीय मंत्री उदय नारायण तिवारी ने कहा कि हमारा संगठन भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए ही बना हुआ है और भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए हम लोग सदैव तैयार रहते हैं। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि संगठन अपने संघर्षों के बल पर निरंतर उपलब्धियां को प्राप्त करता जा रहा है उन्होंने आवाहन किया कि इसी तरह एकत्रित व संगठित होकर किसी भी प्रकार की समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है। सम्मेलन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश सिंह, दान बहादुर सिंह प्रधानाचार्य के के यादव प्रदेश महामंत्री घनश्याम तिवारी आदि मुख्य वक्ताओं ने संबोधित किया सम्मेलन में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संगठन द्वारा शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छः शिक्षक शिक्षिकाओं श्रीमती किरण सिंह सहायक अध्यापक आर्य कन्या इंटर कॉलेज ,श्रीमती सुमन श्रीवास्तव सहायक अध्यापक बापु बालिका इंटर कॉलेज, प्रधानाचार्य भोपाल सिंह जनता इंटर कॉलेज जयसिंह मऊ, उदय नारायण तिवारी प्रवक्ता राजकरण इंटर कॉलेज अयोध्या ,ओम प्रकाश वर्मा प्रवक्ता आर डी इंटर कॉलेज सुचितागंज ,विनोद शंकर मिश्र सहायक अध्यापक एसएसबी इंटर कॉलेज अयोध्या को सम्मानित किया । अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं प्रधानाचार्य वरुण प्रताप सिंह ने भारी संख्या में उपस्थित प्रधानाचार्य शिक्षकों शिक्षिकाओं के प्रति आभार वक्त करते हुए कहा कि एकत्रित रहिए संगठित रहिये आह्वान करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

## बैंक मैंनेजर, सेल्समैन व ज्वैलर्स साथ एएसपी ने की बैठक



**कोठी बाराबंकी।** स्थानीय थाना परिसर पर शुक्रवार को एएसपी डा अखिलेश नरायन व इंस्पेक्टर कोठी संतोष सिंह ने संयुक्त रूप से क्षेत्रीय बैंक मैनेजर, शराब के सेल्समैन व सराफा व्यवसाई साथ बैठक की। एएसपी ने उन्हें बताया कि ग्रामीण क्षेत्र दुकानें व बैंक एकांत स्थानों में है। जिससे परिसर के आगे व पीछे सुरक्षा दृष्टि से प्रकाश व्यवस्था साथ सीसीटीवी कैमरा लगाने जरूरत है। इंस्पेक्टर ने सभी से अधिक नगदी दुकानें से घर या अन्य स्थानों पर लाने ले जाने में पुलिस को सहयोग लेने अपील की। जिससे सुरक्षा साथ अप्रिय घटना नहीं हो सके। पुलिस का बोझ कम रहे। इस बाबत सूचना देने साथ संदिग्ध व्यक्ति के प्रतिष्ठान आस-पास दिखाई देने सूचना देने अपील की। इस मौके पर अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक रामनरेश, एसएसआई शिवसागर तिवारी, दरोगा सरफराज अहमद समेत सिपाही राजेश्वर, विवेक व दिनेश आदि थे।

# सड़क पर टूटा नाला हादसे को दे रहा मौत को दावत, अधिकारी मौन




*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** सडक के बीचोबीच बना टूटा नाला हादसे को दे रहा दावत स्थानीय लोगों ने पुलिस बैरिकेटिंग से गड्ढे को ढका। वहीं भानमऊ सिद्दौर मार्ग पर बना नाला टूटने से अवगम हो रहा अवरोधित करीब एक माह पहले ही हुई थी मरम्मत। बताते चले कि पूरा मामला नगर पंचायत जैदपुर कस्बे का है जहां पर मार्ग पर पानी टंकी के निकट बाईपास पर सडक के बीचोबीच बना नाला टूट जाने से मार्ग अवरोधित हो रहा है लेकिन जिम्मेदार सिर्फ खाना पूर्ति कर चले जाते हैं स्थानीय लोगों की माने तो छोटे-बड़े हजारों वाहनों का रोजाना इस मार्ग से आना-जाना रहता हैं कभी-कभी तो नाला टूटा होने से रास्ता न मिल पाने की वजह से लम्बा जाम भी लग जाता है जिससे वाहन चालकों को तो भारी समस्याओं का सामना करना ही पड़ता है साथ ही स्थानीय लोगों को भी दिक्क़ते होती है आसपास के लोग बताते हैं की अगर ठेकेदार के द्वारा सही से कार्य कराया गया होता तो दोबारा यह स्थित नहीं होती लेकिन जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठें हैं करीब एक माह पहले इसी जगह पर टूटे नाले का मरम्मत कार्य कराया गया था लेकिन एक माह भी नहीं हुआ स्थिति जैसी की तैसी बनी हुई है। वहीं इस सम्बन्ध मे नगर पंचायत जैदपुर के ईओ आलोक वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया मामला संज्ञान मे आया है ठेकेदार को निर्देशित किया गया है जल्द ही इस कार्य को कराकर मार्ग को सुधिर्ण कराया जाएगा फिलहाल देखने वाली बात है कि राहगीरों को कब रहत मिलती है या फिर से सिर्फ खानापूर्ति कर मामले को रफादफा कर दिया जायेगा।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, सनसनी

## कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द का मामला

*अवधनामा संवाददाता*



**(महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द गांव में गांव के पश्चिम टोला स्थित समय माता स्थान के पास पेड़ से लटकता शव मिलने से सनसनी फैल गई है। परिवार में कोहराम मच गया। बेवा दुल्हन की हृदयविदारक चीख व वेदना से मौजूद भीड़ में सभी कीआंखे नम दिखाई दी।कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द गांव में दिन गुरुवार की रात करीब साढ़े नौ बजे समय माता मंदिर के समीप स्थित आम के पेड़ पर एक युवक का शव लटकता हुआ मिला जिससे पूरे गांव में सनसनी मच गई। मृतक युवक की पहचान अवधेश यादव पुत्र विक्रम यादव उम्र 33 वर्ष निवासी लक्ष्मीपुर खुर्द बताया गया। ग्रामीणों को सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक का इसी 24 नवंबर को शादी व 27 को बहूभोज कार्यक्रम समाप्त हुआ था, 28 की रात करीब साढ़े नौ बजे फंदे लटकता शव बरामद हुआ। विक्रम यादव निवासी के चार पुत्रों में मृतक अवधेश सबसे बड़ा पुत्र था देवेंद्र, व मुकेश व दिनेश छोटे भाई है। उन्होंने बताया कि घर में नई दुल्हन आई थी जिससे खुशी का माहौल था। सभी लोग खाना खाने के बाद सोने की तैयारी में थे। करीब रात नौ बजे मृतक अवशेष घर से निकला था। काफी देर तक घर नहीं लौटा तो परिजन उसका खोजबीन करने लगे। जैसे ही गांव के पश्चिम स्थित समय माता मंदिर पहुंचा तो टार्च की रोशनी से देखा तो आम के पेड़ की टहनी पर कुछ लटकता दिखाई दिया।नजदीक पहुंच कर देखा तो अपने बेटे अवधेश का शव दिखा। जिससे वह चिग्घाड़े मारकर जोर जोर से रोने बिलखने लगा। शोर सुनकर गांव वालों की भरी भींड इकट्ठी हो गई। उसी दौरान ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जिस पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस गुरुवार की रात को ही शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। इस बाबत प्रभारी कोतवाल योगेंद्र कुमार ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

### 24 नवंबर को बहुआर कला में हुई शादी

मृतक अखिलेश की 24 नवंबर को बहुआर कला थाना निचलौल के लाइन टोला निवासी विशुनी यादव की पुत्री सावित्री से शादी हुई थी। 25 को विदाई व 27 को बहुभोज कार्यक्रम हुआ था। जिसमे क्षेत्र के तमाम लोगों ने शिरकत कर वर वधु को आशीर्वाद दिया था। वहीं 28 को अवधेश का शव गांव के पश्चिम समय माता जी के स्थान पर स्थित पेड़ पर फंदेसे लटकता मिला।

## 15 दिवसीय प्रदर्शनी में मिट्टी के बने हुए विभिन्न प्रकार के बर्तन प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण

**अयोध्या।** उ0प्र0 खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अयोध्या द्वारा मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योगी 15 दिवसीय प्रदर्शनी राजकीय बालिका इण्टर कालेज परिसर अयोध्या में लगायी गयी है, प्रदर्शनी प्रांगण में कुल 82 स्टॉल विभिन्न जनपदों एवं प्रान्तों से खादी से बने विभिन्न प्रकार के उत्पाद रेडीमेड वस्त्र सूती एवं ऊनी, कपड़े एवं शिल्की की साड़ियां एवं ग्रामोद्योगी रेडीमेड परिधान, मुरब्बा अचार, बेडशीट चादर एवं आयुर्वेदिक दवायें तथा मिट्टी के बने हुए विभिन्न प्रकार के बर्तन प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण हैं। उक्त के अतिरिक्त प्रदर्शनी में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अयोध्या द्वारा विभागीय स्वरोजगार की योजनाओं की जानकारी प्रत्येक दिवस दी जा रही है। प्रदर्शनी में आम जनमानस का सहयोग एवं प्रोत्साहन प्राप्त हो रहा है।

# जिलाधिकारी ने पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा शुक्रवार परतावल बाजार में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया। अधिकारियों ने अपराह्न परतावल बाजार में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया और पुलिस अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया आदि पर सतर्क निगाह रखते हुए अराजक तत्वों को चिन्हित करें और उनके विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक महोदय ने भी पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने पुलिस अधिकारियों को विगत दिनों हुई हिंसा की घटनाओं के दृष्टिगत दोनों समुदायों के प्रबुद्ध लोगों के साथ लगातार संवाद बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही संदिग्ध लोगों पर कड़ी निगाह रखने का निर्देश दिया।

## उधार पैसा मांगना युवक को पड़ा महँगा, दबंगो ने पीटा

**जैदपुर बाराबंकी।** आज के दौर में किसी को उधार पैसा देना मुसीबत बन जाती है। चाहे 10 रुपये हो या फिर एक लाख, वापस मांगने पर दुश्मन बन जाता है ऐसा ही एक मामला जनपद बाराबंकी के जैदपुर में देखने को मिला जहाँ पर उधार के बीस रुपए की मांग करने पर नाराज़ होकर लोगों ने एक यूवक को जमकर मारा पीटा, जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाना जैदपुर में की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। जैदपुर थाना क्षेत्र के नवाबपुर का है। जहां अमर सिंह पुत्र नौमीलाल ने शिकायत करते हुये थाना जैदपुर में बताया कि गांव के धर्मेन्द्र की पत्नी नी किसी जरूरत के लिये बीस रुपए उधार मांगें थे।इसी बात को लेकर शाम छे बजे आजाद ,नैना,ने गंदी गंदी गालियां देते हुये लात घूसों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी है।

# सिसवा सेंट जोसेफ्स स्कूल में खेल प्रतियोगिता समापन

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** सेंट जोसेफ्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया गया। इसमें रिले रेस में व्हाइट हाउस के प्रतिभागियों का दबदबा रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक ओए जोसफ ने दीप प्रज्वलन व ओलंपिक ध्वजारोहण कर किया। बच्चों ने मार्च पास्ट की सलामी दी। उन्होंने कहा कि खेलकूद के साथ-साथ पढ़ाई में भी मेहनत करनी होगी। उन्होंने छात्र छात्राओं को नियमित रूप से खेलों का अभ्यास करते रहने पर जोर दिया। छात्राओं की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति के उपरांत ग्रीन, व्हाइट, ब्लू, सेफ़रान हाउसों के प्रतिभागियों ने कबड्डी, खो-खो, रिले रेस, टग ऑफ वॉर, फुटबॉल आदि खेलों में प्रतिभाग किया। इसमें रिले रेस में व्हाइट हाउस, कबड्डी में सैफरॉन हाउस तथा




खो-खो व कबड्डी में ग्रीन हाउस के प्रतिभागी अव्वल स्थान पर रहे। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा शील्ड व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक विंसी जोसफ ने खेल के महत्त्व को रेखांकित करते हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य बैजू चेरियन, शिवेंद्र सिंह, फणींद्र मिश्र, प्रेमसागर चौबे, धनजंय मिश्र, वीरेंद्र त्रिपाठी, राजकुमार सिंह, भुवनेश्वर मिश्र, पूर्णिमा शाही, मनोरमा जायसवाल, अनूप रौनियार, वर्षा जायसवाल, सिनसी पीटर आदि मौजूद रहे।

## दो पक्षों में मारपीट, तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**निचलौल ( महराजगंज)।** निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर टोला आमू तलाव में शुक्रवार को बच्चों की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गया। जिसमें एक पक्ष की एक महिला घायल हो गई। जनीतुन निशा पत्नी असफाक निवासी रायपुर टोला आमूतालाव ने तहरीर देकर अरमान पुत्र ध्यान, जध्यान पुत्र बाड़ू शाहिना खातून पत्नी ध्यान के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।इस संबंध में थानाध्यक्ष गौरव कुमार कनौजिया ने बताया कि महिला की तहरीर पर तीन लोगो के विरुद्ध मारपीट संबंधित धारा अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# मांगों को लेकर दूसरे दिन जारी रहा लेखपाल संघ का धरना

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** अपने 09 सूत्री मांगों सहित बर्खास्तगी के विरोध में धरने पर उतरे उत्तर प्रदेश लेख पाल संघ के उपशाखा बांसी द्वारा आज दूसरे दिन तहसील कार्यालय के गेट पर धरना दिया गया। सुबह 10 बजे से जुटे दर्जनों की संख्या में लेखपालों द्वारा अपने मांगों को लेकर नारे लगाए गए।

वक्ताओं ने कहा कि उच्चाधिकारियों द्वारा जान बूझ कर हमारे बातों को अनसुना किया जा रहा है। हमारी मांगे जनता के हितों को लेकर है। उल्लेखनीय है कि अपने 09 सूत्री मांगों को लेकर 28 नवम्बर से धरने पर बैठे लेखपालों ने कहा कि हमारे जिन साथियों को निलंबित किया गया उसमें एक तरफा कार्यवाही की गई है। वर्षों पूर्व मृतक लेखपालों की समस्त बकाया देयों का तुरंत भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन अब उत्पीड़न पर उतर आया है, कार्यवाही का भय दिखाकर लेखपालों की आवाज को दबाया जा रहा है। लेखपाल संघ जिलाधिकारी के स्थानांतरण की मांग करता है।इस विषय में अध्यक्ष विनोद गौतम ने कहा कि तीन दिनों तक धरना चलेगा अगर हमारी मांगों को नहीं माना गया तो तीन दिन के पश्चात हम लोग जिले पर धरने को लेकर बैठेंगे। धरना स्थल पर भानू प्रताप (मंत्री) प्रभात सैनी, प्रभात, विपुल तिवारी, शैलेश भारती, प्रियंका द्विवेदी, नेहा उपाध्याय, रतनाकर मिश्र, प्रशांत पांडे उषा चौधरी, पूजा, संतोष भारती, सुमित्रा सिंह, अर्निका यादव, अजय यादव, सुधा यादव, रत्नाकर मिश्र, संजीव, अतुल, शिवमंगल अरुण आनन्द राव के अलावा बड़ी संख्या में लेखपाल उपस्थित रहे।

## दो पक्षों में मारपीट ग्रामीणों ने घायलों को पहुंचाया सीएचसी लोटन

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बनियाडीह में किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच मार पीट हुआ जिसमें अभिषेक सिंह बुरी तरह घायल हो गया। वहीं दूसरे पक्ष के विक्की जायसवाल को भी चोट लगी है। घटना शुक्रवार के सुबह ग्यारह बजे की है। अभिषेक पुत्र अषिलेश सिंह अपने बाईक पर गांव के सड़क पर बैठा था कि अचानक विक्की जायसवाल पुत्र रमपति जायसवाल ग्राम भरमी थाना मोहाना आकर डण्डें से मारने लगा अपनी बचाव के लिए अभिषेक भी हाथ चलाने लगा।उसी दौरान विक्की अभिषेक के सर में डण्डें से मार दिया और बेहोश होकर अभिषेक जमीन पर गिर गया। सिर से खून गिरने लगा ग्रामीणों द्वारा हालत खराब होता देखकर परिवार व गांव के कुछ लोग सीएचसी लोटन ले आये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने हालत को खराब होता देखकर कर जिला अस्पताल रेफर कर दिये। वहीं विक्की को डाक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया। थाना प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता का कहना है कि घटना की जानकारी नहीं है। तहरीर मिला तो कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# सीडीओ ने किया विद्यालय में चल रहे प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा शुक्रवार को विकास खण्ड बर्डपुर के ग्राम पंचायत दुल्हा सुमाली में राजकीय इण्टर कालेज एवं विद्यालय में चल रहे प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय 5 सहायक अध्यापक उपस्थित पाये गये। प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि इस शैक्षिक वर्ष से संचालित विद्यायल में 350 बच्चों का नामाकंन है, जिसके सापेक्ष आज 150 बच्चों उपस्थित है। बच्चों की कम संख्या के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि बच्चो की उपस्थिति बढाने के लिए अनुपस्थित छात्र-छात्राओ के अभिभावकगण से वार्तालाप करें तथा नियमित रूप से अभिभावक की बैठक आयोजित करें। विद्यालय में मिड डे मील के अन्तर्गत भोजन बनाया गया है। निर्मित भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। विद्यालय में प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत पेयजल सुविधा, शौचालय ब्लाक एवं अतिरिक्त कक्ष कक्ष प्रयागेशाला तथा पुस्तकालय का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय का निर्माण कार्य पूर्ण है। सहायक अभियन्ता, सिडको द्वारा बताया गया कि प्रथम किश्त के सापेक्ष निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुए द्वितीय किश्त का मांग पत्र प्रेषित किया गया है। निर्देशित किया कि नियमित रूप से निर्माण कार्य स्वयं निरीक्षण कतरे हुए सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करें।

## महिला के ज़ेवरात और बेटी लेकर सुसरालजनो ने निकाल दिया घर से

**अम्बेडकरनगर।** टांडा कोतवाली क्षेत्र के पिपरी मोहम्मदी गांव में महिला से मारपीट, जेवरात और बेटी छीनकर घर से निकालने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में महिला के पति, जेठ और जेठानी को आरोपी बनाया गया है। पुलिस मुकदमें की जांच पड़ताल में जुट गई है। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के मोलनापुर निवासी सीमा पुत्री अनिल कुमार मिश्र की शादी लगभग पांच साल पूर्व कमलेश चौबे निवासी ग्राम पिपरी मोहम्मदी से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद दोनों पक्षों में आपस में विवाद उत्पन्न हो गया, जिसका मामला न्यायालय में पहुंच गया। न्यायालय से विदा करा कर कमलेश चौबे सीमा को अपने घर लेकर आया। कुछ दिन तक दोनों पक्षों में सब कुछ ठीक ठाक रहा। एक सप्ताह बाद पूरा परिवार सीमा को दोबारा परेशान करने लगा। आरोप है कि बीते 24 नवम्बर को सीमा को उसके पति, जेठ एवं जेठानी ने मारपीट कर उसका स्त्री धन एवं उसकी पुत्री को उससे छीन लिया और उसे घर के एक कमरे में बन्द कर दिया। 25 नवम्बर को धमकी देते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक टांडा दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया कि सीमा की तहरीर पर उसके पति कमलेश चौबे, जेठ उमेश एवं जेठानी अनुपम चौबे निवासीगण पिपरी मोहम्मदी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है।

## जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए बच्चों का कराये टीकाकरण



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ग्राम प्रधानों के साथ एक बैठक बुलाई गई। जिसमें यूनिसेफ के शिखर श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया कि 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए प्रत्येक बुधवार और शनिवार को हर गांव में टीकाकरण किया जाता है। आगामी 08 दिसम्बर से पल्स पोलियों अभियान चलना है जिसका उद्घाटन भी प्रत्येक बूथ पर ग्राम प्रधान के द्वारा किया जाएगा। जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी तथा पोलियो की दवा पिलवाने से इनकार करने वाले परिवारों को ग्राम प्रधान लोगों से अनुरोध करेगे कि आप लोग सहयोग करें ताकि कोई भी बीमारी आप के ग्राम पंचायत मे न अटैक कर सके। इस दौरान बीसीपीएम रमाकांत चतुर्वेदी, प्रधान कमलेश चौरसिया, मनोज कुमार, रिंकू पाण्डेय, मुसे सिंह, अरबाज खान, महबूब अली, अरविन्द पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# बीईओ बांसी अखिलेश कुमार सिंह गिरफ्तार

### बच्चों को किताब मिला ही नहीं बेच दिया कबाड़ी को हाल ए बीआरसी बांसी

कैलाश नाथ द्विवेदी



**सिद्धार्थनगर।** थाना कोतवाली बांसी पुलिस द्वारा सरकारी स्कूल के बच्चों को निःशुल्क बाँटने हेतु प्राप्त पुस्तकों को अवैध रूप से कबाड़ी के दुकान पर बेचने के आरोप में 04 अभियुक्तो को अक्टूबर माह गिरफ्तार किया गया था शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि 15 अक्टूबर 2024 को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निशुल्क बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाली किताबों को बच्चों के हाथ में न देकर सीधे कबाड़ी के हाथ बेचा जा रहा था मामले का खुलासा तब हुआ था जब कोतवाली प्रभारी रामकृपाल शुक्ला को सूचना मिली कि सरकारी स्कूल के बच्चों को निःशुल्क बाँटने हेतु प्राप्त पुस्तकों को अवैध रूप से मंगल बाजार स्थित कबाड़ी की दुकान पर बेचा जा रहा है । इस सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस टीम द्वारा कबाड़ी के दुकान वाले से पूछताछ की गई तो ज्ञात हुआ कि सरकारी स्कूल की किताबें वीआरसी बांसी के कार्यालय सहायक व चपरासी द्वारा बेची गई हैं तथा 02 नफर कबाड़ी दुकानदार तथा 02 नफर पुस्तक बेचने वाले अभियुक्तगण को वीआरसी बांसी से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-201/2024 धारा 316(5), 317(2) बीएनएस पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उ0नि0 रमाकान्त यादव,उ0नि0 रामाज्ञा प्रसाद, हे0का0 अदनान शेख, का0 चन्दन सिह ने आरोपी अंकित कसेरा पुत्र अरूण कुमार कसेरा निवासी मोहल्ला शास्त्रीनगर ,प्रतीक कसेरा उर्फ गोपाल पुत्र अरुण कुमार उर्फ बिहारी निवासी मोहल्ला शास्त्रीनगर थाना कोतवाली बांसी, सहाबुद्दीन पुत्र स्व0 मो0 इस्लाम निवासी नेउरी थाना मिश्रौलिया सिद्धार्थनगर तथा रामजस पुत्र चन्द्रभान निवासी प्रतापनगर थाना को0 बाँसी जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर लिया गया था। उक्त क्रम में ही शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी रामकृपाल शुक्ला ने बताया कि उक्त प्रकरण में खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार सिंह की गिरफ्तारी करके आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा ने हाइवे को ही बना दिया कूड़ाघर

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पर्यावरण प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए केंद्र सरकार व राज्य सरकारों के निर्देश पर नगर पालिका नगर व पंचायतों द्वारा समय-समय पर स्वच्छता सर्वेक्षण जैसा कार्यक्रम चलाया जाता रहा है। नगरों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सरकार चाहे जितने प्रयास कर ले उसके जिम्मेदार



अधिकारी कर्मचारी ज्यादातर पलीता लगाने में लगे रहते हैं वहीं ज्यादातर नगर पालिका एवं नगर पंचायते सरकारी नियमों को दरकिनार कर कहीं भी कूड़ा डंप कर देती है। इसी तरह का एक ताजा मामला अशरफपुर किछौछा नगर पंचायत अंतर्गत बसखारी बाजार से सटे हुए भटपुरवा हाईवे के पास आधे हाईवे तक कूड़ा डंपिंग कर दिया गया है जिससे पूरे नगर क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है जिससे नगर वासियों को वहां से निकलने वाली दुर्गंध से बड़ी दिक्कतें हो रही है यहां तक की तमाम संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। चाहे कितना भी प्रदूषण फैल जाए इससे नगर पंचायत के कर्महीन अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पड़ता है। वहीं नगर पंचायत को नरक पंचायत बनाने में कोई और कसर नहीं छोड़ा जा रहा है।

## आत्महत्या के लिये उसकाने पर दस वर्ष की सज़ा

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** किशोरी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मोहन कुमार ने दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पर कुल 36 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।मामला अलीगंज थाना क्षेत्र में सात वर्ष पहले का है। एक व्यक्ति ने तहरीर देकर कहा कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बलुहवा गांव निवासी अभिषेक मौर्य ने शादी का झांसा देकर प्रेम प्रसंग किया। उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाए। इसके बाद विवाह से इन्कार कर दिया।

## पंचायत भवन पर ग्राम चौपाल का आयोजन



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड लोटन बाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत लकडा में स्थित पंचायत भवन सभागार में चौपाल का आयोजन सचिव के मौजूदगी मे किया गया। ग्राम विकास अधिकारी ईश्वर देव ने कहा कि हर शुक्रवार को चौपाल का आयोजन किया जाता है। ताकि इसके माध्यम से लोग अपनी समस्याओं का निस्तारण ग्राम पंचायत मे आये अधिकारी से अवगत कराकर करा सके। इसलिए इसमें बढ़-चढ़कर भाग लें। गांवों के विकास को गति देने के लिए ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। ग्राम चौपाल में आरोह फाउंडेशन की समन्यवक प्रिया सिंह ने ग्रामीणों को बैंक से सम्बंधी अटल पेंशन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा, सुकन्या समृध्दि योजना के बारे में विस्तार से ग्रामीणों को जानकारी दी। किसान सम्मान निधि, विधवा, वृद्धा, दिव्यांग पेंशन का समाधान किया गया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि सुनील कुमार, अनूप पाण्डेय, संतोष कुमार, राजेश कन्नौजिया,जंगी, विक्रम गौड़,आदि लोग मौजूद रहे।

## गाँव की समस्या गाँव में समाधान के तहत ग्राम पंचायत रोमनदेई में लगा चौपाल



अवधनामा संवाददाता

**रोमनदेई पंचायत भवन पर सचिव संजय कुमार के अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ सम्पन्न**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रोमनदेई में शुक्रवार को गाँव की समस्या गाँव में समाधान करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत में कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव संजय कुमार ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना, राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है इस दौरान ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत सचिव संजय कुमार, ग्राम प्रधान अब्दुल करीम, आरबीआई बैंक प्रचारक अंबुज श्रीवास्तव, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक व दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# पशुपालन विभाग द्वारा 21वीं पशु गणना हेतु दिया गया प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** विकास खंड नौगढ़ सभागार में पशुपालन विभाग द्वारा शुक्रवार को तहसील स्तरीय प्रशिक्षण तहसील नौगढ़ सदर के पांचो विकास खंड के पशु चिकित्सा अधिकारियों, पशुधन प्रसार अधिकारियों, वेटनरी फार्मासिस्ट सहित समस्त कर्मचारियों, चयनित पशु मित्रों को 21वीं पशु गणना हेतु प्रशिक्षण दिया गया। पशु गणना में स्टेट से पर्यवेक्षण अधिकारी के रूप में स्टेट नोडल अधिकारी पशु गणना डॉक्टर संजीव शर्मा, उपनिदेशक सांख्यिकी मौजूद रहे।

पशु गणना प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए स्टेट नोडल अधिकारी डॉक्टर संजीव शर्मा ने कहा कि सभी गणनाकारों को सावधानीपूर्वक पशु गणना करना है। इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि जो पशु हमारे क्षेत्र में पाया जाता है हम उसी पशु को हम ऑनलाइन पशु गणना में फीड करें, पिछली बार 20वी पशु गणना में कुछ गणनाकारों ने याक, होल्सटीन फीजियनं जैसे नस्ल की फीडिंग कर दिए थे, जो हमारे क्षेत्र में नहीं पाए जाते हैं, जो सरासर गलत था। 21वीं पशु गणना को करने हेतु गणनाकारो को किट उपलब्ध कराया गया जिसमें एक बैग,बुकलेट सहित पावर बैंक भी है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जीवन लाल ने कहा कि किसी भी गणनाकर को किसी भी प्रकार से समस्या आने पर उसका त्वरित निदान किया जाएगा। उसके लिए हमारे जनपद के नोडल अधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार और 6 मास्टर ट्रेनर भी नियुक्त कर दिए गए हैं। जिनके संपर्क नंबर सभी गणकारों को उपलब्ध भी कर दिया गया। गणनाकारो को प्रशिक्षण देने का काम मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉक्टर अनिमेष मिश्रा एवं डॉ राजकमल यादव ने किया। डॉ अनिमेष मिश्रा ने गणनाकारों को प्रशिक्षण देते हुए ऑनलाइन मोबाइल से स्टेप बाय स्टेप ट्रेनिंग दिया, और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत उसके समाधान के लिए सभी को अस्वस्त भी किया। पशु गणना प्रशिक्षण शिविर में उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राज बहादुर यादव ने सभी अधिकारियों एवं गणनाकारों का स्वागत करते हुए यह कहा कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि 20वीं पशु गणना की भाति इस बार भी 21वीं पशु गणना सभी गणनाकार,सभी अधिकारी, कर्मचारी मिलकर सकुशल संपन्न करेंगे। प्रशिक्षण का संचालन पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति ने किया। जनपदीय नोडल अधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार ने बताया कि सभी गणना कारों को ग्रामीण क्षेत्र में 9 रूपये 95 पैसा तथा शहरी क्षेत्र में आठ रूपए 60 पैसे के अनुसार परितोषित भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रदीप कुमार, डॉ देवेंद्र पांडे, डॉ अनिमेष कुमार डॉ राजकुमार यादव, पशुधन प्रसार अधिकारी रमेश चंद्र प्रियंका श्रीवास्तव अमित यादव अरुण पांडे वेटरनरी फार्मासिस्ट जितेंद्र श्रीवास्तव रवि कुमार सहित अशोक चौधरी चंद्रजीत रामदेव पप्पू श्रेयांश मौर्य सहित अन्य पशु मित्र उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 152 जोड़ों ने लिये सात फेरे

**बस्ती, छावनी।** रामरेखा आश्रम में शुक्रवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक



विवाह में 152 जोड़ों ने सात फेरे लिए। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कियाजिला समाज कल्याण अधिकारी प्रकाश पांडेय ने मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में गायत्री परिवार द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ पुरोहितों ने 152जोड़ों का विवाह सात फेरे, हवन-पूजन के साथ संपन्न कराया। आयोजन में विकास खंड हर्रैया के 25, परशुरामपुर के 32, विक्रमजोत के 9, दुबौलिया के 41, बस्ती सदर के 3 गौर के 6 ,कप्तानगंज के 4, कुदरहॉ के 5, रुधौली के 7, सल्टौआ के 8 ,साउघाट के 2, नगर पंचायत बनकटी के 3 , नगर पालिका बस्ती 1,भानपुर नगर पंचायत के 1, नगर पंचायत कप्तान गंज के 2 ,नगर पंचायत हरैया के 2 कुल 152 जोड़ों का विवाह कराया।

# बड़े धूमधाम के साथ मना टांडा एजुकेशनल एसोसिएशन का संस्थापक दिवस

अवधनामा संवाददाता




**टाण्डा अंबेडकरनगर।** टाण्डा एजूकेशनल एसोसिएशन टाण्डा का संस्थापक दिवस समारोह एवं स्व. सुरेन्द्र नाथ कपूर स्मृति समारोह गुरुवार को त्रिलोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय टाण्डा के देवी प्रसाद स्मृति सभागार में प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी सम्पन्न हुआ। टी एन पी जी व एच टी इंटर कालेज, और जनता जूनियर हाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने मंच पर बैठे अतिथियो के सम्मुख अपने अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन विभिन्न रूपों में प्रस्तुत किया।

मां सरस्वती जी के चित्र पर मुख्य अतिथि व प्रबंधिका सहित अन्य अतिथियों नेदीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। अतिथियो व अध्यक्ष का टी एन पी जी के प्राचार्य डॉ0 रमेशचन्द्र पाठक व एच टी इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य रामदास व जनता जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाचार्य ने माल्यार्पण कर स्वागत किया ।कार्यक्रम के दौरान कालेज की प्रबन्धिका श्री मती शिप्रा टण्डन ने कॉलेज के सम्बंध में अपने विचार प्रस्तुत किये । मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अशोक कुमार अध्यक्ष राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ रहे। न्यायमूर्ति श्री अशोक कुमार ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने आये छात्र छात्राओं में अन्य प्रतिभाओं का भी आंकलन करते रहें और प्रतिभावान बच्चो को अग्रसर करने के लिए शासन प्रशासन का भी सहारा लेवें। जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो सकें । प्रबंधिका के चाचा सुरेन्द्र नाथ कपूर ने कहा कि - कालेज शिक्षा का मंदिर होता है बच्चे यहां शिक्षा ग्रहण करते है। विकास की कड़ी में शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है इसमें कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। अध्यक्ष अरुण कुमार मेहरोत्रा व रामदास एच टी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य, रमेश चन्द्र पाठक (प्राचार्य) त्रि.ना.. महा, टाण्डा और प्रमोद कुमार मौर्य, प्रिंसिपल जनता जूनियर हाईस्कूल, टाण्डा देवेश कुमार पांडेय, प्रदीप कुमार पांडेय आदि की उपस्थिति में प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पुरस्कृत व सम्मानित भी किया गया

## ट्रेलर की ठोकर से बाईक सवार पुत्र की मौत

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती कोतवाली अंतर्गत बड़े वन चौकी के पास गोरखपुर की तरफ जाने वाले सर्विस रोड पर ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए तथा घटनास्थल पर ही बेटे की मौत हो गई जानकारी के अनुसार छावनी थाना क्षेत्र के रूपगढ़ निवासी बाढ़ू पुत्र भोला उम्र 50 वर्ष तथा पत्नी श्रीमती और उनका बेटा महेश उम्र 18 साल किसी काम से बड़े बन के पास गोरखपुर की तरफ जा रहे सर्विस रोड पर ट्रेलर की चपेट में आ गए जिससे बाड़ू तथा उनकी पत्नी श्रीमती उनका बेटा महेश टेलर की चपेट में आ गए दुर्घटना के बाद महेश की मृत्यु घटना स्थल पर ही हो गई जबकि घायलों को चौकी प्रभारी बड़े वन रामानंद सिंह ने जिला चिकित्सालय भिजवाया और शव को कब्जे में ले लिया मृतक महेश दो भाई है मनमोहन बड़ा है छोटा महेश है घायल पिता बाडू दिल्ली में सेन्टरिंग में मजदूरी करता है वाडू 15 दिन पहले दिल्ली से आया है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण के सम्बन्ध में बैठक

अवधनामा संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** पिछडा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूर्वदशम, दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण के सम्बन्ध में शुक्रवार को जिलाधिकारी डा राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा राजागणपति आर द्वारा पिछडा वर्ग कल्याण विभाग अन्तर्गत द्वितीय चरण में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूर्वदशम, दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत संस्था में अध्यनरत छात्रवृत्ति हेतु पात्र छात्रों का निर्धारित तिथि के अनुसार शत-प्रतिशत आनलाइन आवेदन कराने के साथ सभी प्रक्रिया पूर्ण कराने का निर्देश दिया। कोई भी पात्र छात्र/छात्रा आवेदन से वंचित न रहे। जिन संस्था के छात्र/छात्राओं द्वारा त्रुटिपूर्ण आवेदन किया गया है एवं फाइनल सबमिशन हो गया है तो ऐसे छात्र/छात्राओं का आवेदन 24 से 27 जनवरी तक त्रुटियों को ठीक करके 1 फरवरी तक विद्यालय में जमा कराना एवं संस्था द्वारा अग्रसारित किया जाये। दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (इन्स्टीट्यूट लेवल) योजनान्तर्गत ग्रुप 1 से सम्बंधित शिक्षण संस्थाओं को छात्र/छात्राओं की दैनिक उपस्थिति बायोमेट्रिक/फेशियल ऑथन्टिकेशन के माध्यम से सम्पादित कराये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य/प्रतिनिधियों को पात्र छात्र/छात्राओं के आवेदन को समय से अग्रसारित करने का निर्देश दिया। यदि इस कार्य में किसी भी शिक्षण संस्थान द्वारा लापरवाही बरती गयी तो सम्बंधित शिक्षण संस्थान के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, अन्य संबन्धित अधिकारी तथा शिक्षण संस्थानो के प्रधानाचार्य/प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहे।

## बिहार की कोकिला

पदूम भूषण से सम्मानित बिहार कोकिला 5 नम्बर को हमें अलविदा कह दिया। वह गम्भीर रूप से बीमार थी। आईएमएम में इजाज चल रहा था। बीच में कई बार उनके मरने की खबर आ जाती थी। बिदाई उन्होंने 5 नवम्बर को लिया पिता शिक्षा विभाग में अधिकारी थे, पति डाक्टर थे। शिक्षित और समृद्ध परिवार से सम्बन्द्ध थी। उदारता उनमें इतनी थी बिहार और पूर्वी भारत में जितनी लोकप्रिय थी उतना ही विदेशों में भी थी। छठ त्योहार के गीतो के लिये वह हमेश याद आती रहेगी।

बताते है कामगार स्त्रियां प्रायः जिनके पति विदेश पैसा कमाने गये रहते थे उनसे जिन घरों में वे करती थी उनके रिकार्ड सुनवा कर उनसे ज्यादा काम करवा लेती थी। बचपन में उन्हें नृत्य को शौक था। क्लासिकल नृत्य की बकायदा प्रतिक्षण लिया था। पर धीरे धीरे शौक नृत्य से अलग हो गायन में बदल गया। गांव के महिलाओं में उनका गीत कोयल बिन बगिया न सोहे राजा, लेले आई हो पिया सेनुरा बंगाल से, रोई रोई चिठियां लिखा वे रमपतियां, ककडी जिन माराअऐ मोरे राजा को बार बार सुनना पसन्द करती थी। आदमी भी उनके गायन और रसीले आवाज का लुल्फ्त लेने में पीछे नहीं रहते थे। जगदम्बा घर में दियना बार अइली हो गीत से वे रातोंरात भोजपुरी गायन, भजन का सितारा बन गई।

वह पटना के राजेन्द्र नगर के मकान में अपने पति के साथ रहती थी। पति पत्नी दोनो बतरस का भी आनन्द लेते थे और रोक्टिव हिस्सा रहते थे। बताती थी अपनी शादी में बिदा होने लगी तो घरवालों ने उनसे बिदाई गीत गाने को कहा। रोते हुये उन्होंनें सबकी फरमाईश पूरी की। बताती थे उन दिनों रेडियो का बोलबाला था। गाने के लिये आडीशन देने गई उन्हें लगा आडीशन में फेल हो गई है। आइसक्रीम खाने लगी की गला बचा कर क्या होगा। पर अगले दिन जब उन्होंने छेकाई गीत हार के छेकाई नेग गया वो सेलेक्शन हो गया। वह मिथिला के परिधि में ही पहले गावी रही। और लोकप्रिय रही। जगदम्बा घर में दिखा बार अइली हो से रातोरात भोजपुरी समाज का दिल घड़कन बन गई। पिछले चार दशको में छठ के गीतों का पर्याप्त बन कर राज किया। बिहार की लोक गायकी में जो सम्मान उन्हें मिला वह किसी को नही मिला। हालाकि विदेसियां गायक को भी श्रृखला की इस कडी में आदर के साथ याद किया जाता है। पर उनदिनों प्रसारण को क्षेत्र इतना विस्तृत नही था जितना आज है। आज गांव में बैठकर दुनियां के किसी भी हिस्से में पहुचा जा सकता है। पालायन पीडा और प्रेम पीड़ा का ठोस रूप अपने गायन से उपस्थिति कर देती है। कहा जाता है सबसे मधुर संगीत वही जो दर्द के सुर में गाते है। दया लुता इतनी थी की एक बार उनके घर के नौकर ने चोरी कर ली। उन्होंने पुलित को रिपोर्ट नही करने दिया कि वह उसको मोरगी पीटेगी, जेल, में बन्द कर देगी बच्चे अनाथ हो जायेगे खायेगे क्या बाद में उन्होंने चोरी करने की नौबत पूछा तो उन्होंने उसकी जरूरत को पूरा कर दिया। एक बार एक पत्रकार ने अनौपचारिक सर्वे गायकी को लेकर किया तो 90 प्रतिशत लोगो ने शारदा को ही सबसे लोकप्रिय गायिका बताया। जहाज और रेल से सबको विदेश भेजते भेजते वह खुद ही ऐसे विदेश में चली गयी। जहां से कोई नहीं लौटता है। अथुमरी श्रद्धान्जली नाली के अलावा आपको देने के लिये हमारे पास कुछ नहीं हो विदाई से पहले गाया गीत हमेशा दिल को सालता रहे रहेगा।

**विपक्ष योजनाबद्ध तरीके से सत्र से पूर्व किसी न किसी मुद्दे को बेवजह खड़ा करता है। कांग्रेस लगातार अडानी का मुद्दा उठा रहे हैं। संसद के हर सत्र से पहले किसी विदेशी एजेंसी के माध्यम से अडानी ग्रुप पर कोई ने कोई आरोप लगाया जाता है, जिसे लेकर संसद में विपक्ष खासकर कांग्रेस खूब हंगामा मचाती है। संसद सत्र खत्म होने और संसद का कीमती समय नष्ट करने के बाद कांग्रेस और विपक्ष अडानी के मुद्दे को भुला देता है। इस बार भी ऐसा ही हुआ है। संसद का सत्र शुरू होने से पहले फिर एक बार अडानी का मुद्दा गरमाया हुआ है।**

# हंगामे बाजी की भेंट चढ़ता संसद का शीतकालीन सत्र


रोहित माहेश्वरी

संसद के शीतकालीन सत्र में सियासी गर्मी को साफ-साफ महसूस किया जा सकता है। संसद में अडानी के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को कार्यवाही बाधित रही। संसद का शीतकालीन सत्र बीती 25 नवंबर से शुरू हुआ, लेकिन कार्यवाही शुरू होते ही यह विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गई।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तो अडानी को लेकर हंगामा खड़ा करने की कोशिश की। विपक्ष के हंगामे के बीच लगातार संसद का कामकाज प्रभावित हो रहा है। संसदीय प्रक्रिया को नजरअंदाज करते हुए विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर पर तत्काल चर्चा करने पर अड़ा हुआ है। 20 दिसंबर तक चलने वाले शीतकालीन सत्र को 20 दिसंबर तक चलना है, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण ऐसा प्रतीत होता है कि बिलों को पास कराने में सरकार को खासी मशक्कत करनी पड़ेगी। संसद के सत्र के दौरान 16 विधेयक पेश किए जाने हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक, मुस्लिम वक्फ (निरसन) विधेयक, भारतीय वायुयान विधेयक, आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, बिल ऑफ लैडिंग विधेयक, समुद्री मार्ग से माल ढुलाई विधेयक, रेलवे (संशोधन) विधेयक, बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक और तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, बॉयलर्स बिल, राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय बिल, पंजाब न्यायालय (संशोधन) बिल, मर्चेंट शिपिंग बिल, तटीय शिपिंग बिल और भारतीय बंदरगाह बिल सूची में शामिल हैं।

पिछले कई सत्रों में यह देखने में आ रहा है कि विपक्ष योजनाबद्ध तरीके से सत्र से पूर्व किसी न किसी मुद्दे को बेवजह खड़ा करता है। कांग्रेस लगातार अडानी का मुद्दा उठा रहे हैं। संसद के हर सत्र से पहले किसी विदेशी एजेंसी के माध्यम से अडानी ग्रुप पर कोई ने कोई आरोप लगाया जाता है, जिसे लेकर संसद में विपक्ष खासकर कांग्रेस खूब हंगामा मचाती है। संसद सत्र खत्म होने और संसद का कीमती समय नष्ट करने के बाद कांग्रेस और विपक्ष अडानी के मुद्दे को भुला देता है। इस बार भी ऐसा ही हुआ है। संसद का सत्र शुरू होने से पहले फिर एक बार अडानी का मुद्दा गरमाया हुआ है। न्यूयॉर्क फेडरल कोर्ट ने भारत के शीर्षस्थ उद्योगपति गौतम अडानी और 7 अन्य आरोपितों के खिलाफ गिरफ्तारी के वारंट जारी किए हैं। अमेरिकी निवेशकों, एजेंसियों और बैंकों को गुमराह करने, बेईमानी करने, धोखा देने और भारत में करीब 2200 करोड़ रुपए की घूसखोरी को छिपाने सरीखे गंभीर आरोप अडाणी समूह पर हैं। हालांकि समूह ने आरोपों को गलत



और बेबुनियाद करार दिया है, लेकिन यही पर्याप्त नहीं है। अमेरिकी कानून और न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज के नियमानुसार ये बेहद गंभीर अपराध हैं। अडाणी समूह की कुछ कंपनियां न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में भी सूचीबद्ध हैं। चूंकि सौर ऊर्जा के भारत सरकार के अनुबंध के लिए अडाणी समूह ने अमेरिकी बाजार और बैंकों से करीब 25,000 करोड़ रुपए जुटाए थे। उसी में से 26.5 करोड़ डॉलर (करीब 2200 करोड़ रुपए) आंध्रप्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ और जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों को कथित रूप से घूस दी गई, ताकि इन राज्य सरकारों से सौर ऊर्जा के अनुबंध हासिल किए जा सकें।

रिश्वत और ठेकेदारी के इस खेल में अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के साथ मॉरीशस की भी एक कंपनी थी, जिन्हें 'सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया' (सेकी) का 12 मेगावाट अर्थात 12,000 मेगावाट सौर ऊर्जा का ठेका मिला था। चूंकि ऊर्जा महंगी थी, लिहाजा राज्य सरकारें उसे खरीद नहीं पा रही थीं। सौदेबाजी के लिए घूस दी गई, यह आरोप है। समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने 2021 में आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी से मुलाकात की थी और राज्य सरकार 7000 मेगावॉट बिजली खरीदने को राजी हुई थी। ओडिशा ने भी 500 मेगावॉट बिजली खरीदी थी। जिन सरकारों के साथ अडाणी समूह ने करार किए थे, वहां तब विपक्ष की सरकारें थीं। सिर्फ जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन था, लेकिन तब भी उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ही थे। बहरहाल अब अडाणी को अमेरिकी अदालत के कठघरे में पहुंच कर अथवा अपने वकीलों के जरिए अपना पक्ष रखना होगा।

देश की जनता और विपक्ष में शामिल कई दल भी कांग्रेस की अडानी वाली रणनीति को समझने लगे हैं। इस बार विपक्ष की एकता में फूट पड़ती हुई नजर आ रही है। तृणमूल कांग्रेस ने कहा है कि वह संसद के शीतकालीन सत्र में जनता के मुद्दों पर ध्यान देगी। पार्टी ने कहा है कि वह नहीं चाहती है कि संसद का ध्यान केवल अदाणी समूह के मुद्दे पर ही रहे। यह बात बीते 27 नवंबर को तृणमूल कांग्रेस के नेता काकोली घोष दस्तीदार ने कही। तृणमूल की रणनीति में आया यह बदलाव कांग्रेस के लिए एक बहुत बड़ा झटका है। जो संसद में केवल अदाणी समूह पर लगे आरोपों के नाम पर संसद को ठप करना चाहती है। तृणमूल ने जिन मुद्दों पर ध्यान देने की बात कही है, उनमें मणिपुर के हालात और पश्चिम बंगाल के साथ केंद्र की योजनाओं के बजट में भेदभाव और अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक, 2024 को मंजूरी देने में हो रही देरी जैसे मुद्दे शामिल हैं। अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक, 2024 को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो संसद प्रत्येक कार्रवाई हर एक मिनट में ढाई लाख रुपये खर्च हो जाते हैं। इसका मतलब है कि एक घंटे में यह आंकड़ा डेढ़ करोड़ रुपये खर्च हो जाता है। संसद सत्र के 7 घंटों में से एक घंटे लंच के हटा भी दिए जाएं तो 6 घंटे के हिसाब से 9 करोड़ रुपये का प्रतिदिन खर्च होता है। अगर इन 6 घंटों में सिर्फ शोर-शराबा हो, हंगामा होता रहे तो आप इसे नुकसान नहीं कहेंगे तो क्या कहेंगे। यही इकोनॉमी को डेंट है और टैक्सपेयर्स के पैसे की बर्बादी है। पिछले लगभग पांच साल से विपक्ष का रवैया संसद को ठप करने का है। संसद सत्र को जनहित में प्रयोग करने की बजाय विपक्ष राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए कर रहा है।

सवाल यह है कि राहुल गांधी ने इस मामले में भी अडाणी के साथ प्रधानमंत्री का भी नाम जोड़ दिया है। वह मोदी-अडाणी जोड़ी की राजनीति अक्सर करते रहे हैं। उन्होंने यहां तक भी दावा किया है कि प्रधानमंत्री अडाणी को गिरफ्तार नहीं करने देंगे, क्योंकि अंततः वह भी जेल जाएंगे। राहुल गांधी की यह राजनीति अनैतिक है। वह खुद जमानत पर हैं। यदि उनके पास मोदी-अडाणी मिलीभगत के कोई ठोस प्रमाण हैं, तो वह अदालत में जा सकते हैं। संसद सत्र जनहित के मुद्दों का उठाने और आम आदमी की भलाई और कल्याणकारी कार्यों के निष्पादित करने के लिए होता है।

## दिशाहीन होता वैश्विक धार्मिक अतिवाद और आतंकवाद

संजीव ठाकुर

वर्तमान परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर धार्मिक अतिवाद औपनिवेशिक विस्तारवाद के कारण कई देशों के मध्य युद्ध तथा हिंसा का तांडव मचा हुआ है जो वैश्विक शांति, मानवता, सौहार्द के लिए सर्वथा बहुत ज्यादा घातक एवं भविष्य में अप्रिय परिणाम देने वाले हैं। धर्म की अवधारणा परोपकार, जनकल्याण, अहिंसा तथा मानवता को निरंतर आगे बढ़ाना है। जबकि अतिवाद किसी मान्यता विचार व अवधारणा को जबरन लागू करने की प्रक्रियागत सोच है। अतिवाद ही किसी भी विचारधारा या किसी पंथ को अति होने तक ले जाना है। अतिवाद किसी भी धार्मिक और राजनीतिक विषय में ऐसी विचारधारा के लिए प्रयुक्त होता है जो समाज की मुख्यधारा के नजरिए को स्वीकार नहीं करती है। यह एक ऐसा राजनीतिक अथवा धार्मिक सिद्धांत है जो अमर्यादित नीति का पक्षधर है तथा इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाइश भी नही होतीहै। यह धर्म की ओर एवं कठोर मान्यताओं को लोगों पर जबरदस्ती थोपने का कार्य करता है, तथा हिंसा ,हत्या बलात्कार आदि को सर्व मान्य रूप से सही ठहराता है। भारत में धार्मिक विवाद का असर युवाओं पर सबसे ज्यादा पड़ता है क्योंकि युवा मन अपरिपक्व तथा किसी विचारधारा में ढला हुआ नहीं रहता और भारत में 65त्न 35 साल से कम उम्र के युवा निवासरत हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैद्य स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया हैद्य देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैंद्य देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है।

# जलवायु संकट : चीन भी अमेरिका बनने की राह में

**पेरिस जलवायु समझौते के तहत, चीन ने 2060 तक नेट-जीरो का लक्ष्य हासिल करने की घोषणा की है। हालांकि, इसके बावजूद चीन का वार्षिक कार्बन उत्सर्जन लगातार बढ़ रहा है। चीन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस दशक के अंत तक उसका उत्सर्जन चरम पर पहुंच जाएगा और उसके बाद गिरावट शुरू होगी। चीन कम कार्बन ऊर्जा की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। यह किसी भी अन्य देश की तुलना में सबसे अधिक पवन टर्बाइन और सौर पैनल स्थापित कर रहा है और इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में भी अग्रणी है। इसके बावजूद, विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में चीन का कुल ऐतिहासिक उत्सर्जन अमेरिका के करीब पहुंच सकता है।**


डॉ कुशाग्र राजेंद्र

बीते हफ्ते, जलवायु संकट को लेकर दुनिया की चिंता अपने चरम पर थी, क्योंकि कॉप-29 में जलवायु परिवर्तन के आर्थिक पहलुओं पर विश्व के नेताओं और नीति-निर्माताओं के बीच गहन बहस जारी रही। वो अलग बात है कि बाकू में हुई कॉप-29 की बैठक हर मुद्दे पर वादों की बैठक साबित हुई, यहाँ तक लगभग सभी प्रमुख देशो के राष्ट्राध्यक्ष बैठक से अपने आप को अलग रखा। जबकि अब हर हफ्ते या हर महीने दुनिया के किसी न किसी कोने में लगातार बाढ़, जंगल की आग, अत्यधिक गर्मी, चक्रवात, या मौसम की चरम स्थितियाँ देखने को मिल रही हैं।

पिछले पांच दशकों से जलवायु संकट के लिए जिम्मेदार देशों की स्वार्थपूर्ण नीतियों और खींचतान ने समस्या को और गहरा कर दिया है। अब नेताओं के पास इस पर सहमति बनाने के लिए बहुत कम समय बचा है कि इस संकट से निपटने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए। जबकि मानव इतिहास में जलवायु अब अपने सबसे निर्णायक दौर से गुजर रही है। क्या किया जाना है? यह 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में पहले ही तय हो चुका है। हालांकि, असली विवाद इस बात पर है कि प्रयास कौन करेगा और किस हद तक करेगा। इस खींचतान में एक ओर ऐतिहासिक रूप से कार्बन उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार अमेरिका और यूरोप के अमीर देश हैं, तो दूसरी ओर भारत, चीन, और अन्य विकासशील एवं गरीब देश हैं, जो जलवायु संकट से उत्पन्न बर्बादी का सबसे अधिक सामना कर रहे हैं। इस विभाजन को अक्सर देशों के उत्तर-दक्षिण विभाजन के रूप में भी देखा जाता है। यह मुद्दा केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक न्याय का भी सवाल बन गया है। जब हम जीवाश्म ईंधन जलाते हैं या जंगलों को काटते हैं, तो इसके परिणामस्वरूप वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर बढ़ता है, जो आमतौर पर सैकड़ों वर्षों तक वहां बना रहता है। इस प्रक्रिया के चलते ग्रह लगातार गर्म होता रहता है। यही कारण है कि अब तक किया गया उत्सर्जन यानी ऐतिहासिक उत्सर्जन को अक्सर ग्लोबल वार्मिंग की जिम्मेदारी तय करने के मानदंड के रूप में देखा जाता है।

चंद देशों का ऐतिहासिक उत्सर्जन जलवायु विमर्श के मूल में है,जो सैकड़ो सालो से औद्योगीकरण, और शहरीकरण की जरुरतों को पूरी करने के लिए लगातार जीवाश्म ईंधन को बड़े पैमाने पर जलाते रहे हैं। पिछली सदी के मध्य में इसमें पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस का भी साथ मिला। इसी बीच सदी का अंत आते-आते चीन और भारत समेत कई देश का भी आर्थिक विकास के वैश्विक मॉडल के अनुरूप कार्बन-उत्सर्जन में योगदान दिखने लगा, वो अलग बात है कि ऐसे विकासशील देशों का समूह अभी तक अपनी-अपनी विशाल जनसँख्या की मूलभूत जरुरतों को पूर्ण करने में ही जूझ रहे



हैं। साल 2017 तक के आँकड़ों के मुताबिक अब तक वायुमंडल में उत्सर्जित मानव जनित कार्बन के मामले में अमेरिका (संयुक्त राज्य अमेरिका) का योगदान 25 फीसदी यूरोप का 22 फीसदी, चीन का 12.6 फीसदी, रूस का 6 फीसदी, जापान का 4 फीसदी और भारत का 3त्न था। वही महादेश के स्तर पर उत्तरी अमेरिका, यूरोप और विकासशील एशिया का क्रमशः योगदान 29 फीसदी, 33 फीसदी और 29 फीसदी था, जबकि विकास के क्रम में पिछड़ चुके दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका का योगदान मात्र 3 फीसदी ही था। कई वर्षों से वैश्विक तापमान वृद्धि के लिए सबसे बड़ी ऐतिहासिक जिम्मेदारी अमेरिका और यूरोप जैसे समृद्ध देशों पर बनती हैं, ऐसे में जाहिर है कि इसे रोकने में अग्रणी भूमिका भी उन्हीं की बनती भी है। विकासशील देशों, विशेष रूप से भारत और चीन जैसे देशों में, जहाँ दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या निवास करती है, प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन अब भी अपेक्षाकृत कम है, भले ही वे ऐतिहासिक रूप से दुनिया के शीर्ष दस कार्बन उत्सर्जकों में शामिल हैं। दूसरी ओर, अमेरिका ने अब तक किसी भी अन्य देश की तुलना में सबसे अधिक जीवाश्म ईंधन जलाया है, जबकि यूरोप कुल ऐतिहासिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में लंबे समय तक दूसरे स्थान पर रहा है, जिसे चीन ने पिछले साल पीछे चोद चुका।

हालांकि, पिछले चार-पाँच दशकों में चीन का कार्बन उत्सर्जन तेज़ी से बढ़ा है। ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिए, चीन ने पिछले तीन दशकों में 1,000 से अधिक कोयला-आधारित बिजली संयंत्र बनाए और अपनी अर्थव्यवस्था को 40 गुना से अधिक विस्तार दिया। इसके परिणामस्वरूप, आज चीन दुनिया में ग्रीनहाउस गैसों का सबसे बड़ा वार्षिक उत्सर्जक बन चुका है, यहाँ तक कि उसने इस मामले में अमेरिका को भी पीछे छोड़ दिया है। कार्बन ब्रीफ के हालिया विश्लेषण के अनुसार, पिछले साल पहली बार चीन ने यूरोप को भी पीछे छोड़कर कुल ऐतिहासिक उत्सर्जन में दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया। अब तक, यह अमेरिका और यूरोप के बाद तीसरे सबसे बड़े ऐतिहासिक उत्सर्जक के रूप में गिना जाता था। पेरिस जलवायु समझौते के तहत, चीन ने 2060 तक नेट-जीरो का लक्ष्य हासिल करने की घोषणा की है। हालांकि, इसके बावजूद चीन का वार्षिक कार्बन उत्सर्जन लगातार बढ़ रहा है। चीन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस दशक के अंत तक उसका उत्सर्जन चरम पर पहुंच जाएगा और उसके बाद गिरावट शुरू होगी। चीन कम कार्बन ऊर्जा की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। यह किसी भी अन्य देश की तुलना में सबसे अधिक पवन टर्बाइन और सौर पैनल स्थापित कर रहा है और इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में भी अग्रणी है। इसके बावजूद, विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में चीन का कुल ऐतिहासिक उत्सर्जन अमेरिका के करीब पहुंच सकता है।

ऐतिहासिक कार्बन उत्सर्जन में चीन की बढ़ती हिस्सेदारी अब जलवायु विमर्श में एक नया विवाद खड़ा कर रही है। अमीर और गरीब देशों के बीच की खाई के साथ-साथ, यह मुद्दा मौजूदा जलवायु चर्चाओं में एक प्रमुख चुनौती बन गया है। 1992 के पृथ्वी सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित ढांचे के तहत, चीन, भारत, सऊदी अरब और अफ्रीका के सभी देशों को विकासशील देशों की श्रेणी में रखा गया था। इस श्रेणी के तहत, इन देशों को जलवायु परिवर्तन की आर्थिक जिम्मेदारियों से मुक्त रखा गया था। वहीं, अमेरिका, जापान, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिमी यूरोप के समृद्ध औद्योगिक देशों को कमजोर देशों को स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और जलवायु संकट के प्रभावों से निपटने के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। हालांकि, हाल के वर्षों में और मौजूदा कॉप-29 में भी, अमीर देशों ने चीन के बढ़ते कार्बन उत्सर्जन के मद्देनजर उसे जलवायु वित्त में योगदान देने की मांग उठाई है।

# उत्तर प्रदेश में पुलिस कंप्लेंट अथारिटी क्यों नहीं

**पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी का विचार पहली बार 2006 में माननीय उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार के मामले में आया था। इस मामले में न्यायालय ने पुलिस सुधारो के लिए कई दिशा निर्देश दिए थे। जिनमें एक था कि हर राज्यों में एक स्वतंत्र पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी का गठन किया जाय। इसका उद्देश्य था कि पुलिस की बर्बरता, भ्रष्टाचार और कदाचार के मामलों की जांच की जा सके। यह अथॉरिटी पुलिस कर्मचारी अधिकारियों के खिलाफ शिकायतों की सुनवाई कर उन्हें जवाबदेही ठहराने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करके शिकायतकर्ताओं के समस्या का निस्तारण किया जा सकता है। इससे पुलिस द्वारा किए जा रहे लोगों को अनावश्यक परेशान होने से बचाया जा सकता है।**


सूर्य नारायन विश्वकर्मा

उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थित को लेकर हमेशा सवाल उठाते रहते हैं पुलिस पर लगातार आरोप एवं हिरासत में मौतों पर भी सवाल उठता रहता है। मृतक के परिजन न्याय पाने के लिए थकहार का निराश होकर बैठ जाते हैं लेकिन पुलिस द्वारा किये गये कृत्यों के आधार पर गुण दोष सिद्ध नहीं हो पाता है आखिर क्यों? पुलिस अपने कर्तव्यों का पालन करने में सफल हो रही है और अक्सर मानवाधिकार का उल्लंघन किया करती है। पुलिस किसी की जिंदगी बर्बाद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ती है यहां तक पुलिस पूछताछ के लिए व्यक्तियों को थाने ले आती है और पूछताछ के नाम पर कई दिनों तक थाने के लाकप बैठे रहती है तब पूछताछ के लिए लाये गये व्यक्तियों के परिजनों से भारी भरकम रकमों की मांग करते हैं। जो परिजन पैसे देने में सक्षम होते हैं पुलिस वाले पैसे लेकर उनको छोड़ देते हैं जिनके परिजन पुलिस द्वारा मांगे गये पैसे देने में असमर्थता जाहिर करते हैं उन व्यक्तियों के विरुद्ध एक मुकदमा नहीं कई मुकदमों में सह अभियुक्त बना देते हैं जबकि उसके पूर्व उस व्यक्ति का अपराधिक इतिहास नहीं रहता।

पुलिस के द्वारा किये गये इन कृत्यों से अपराध जगत का बढ़ावा मिल रहा है पुलिस अपनी मनमानी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ती पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करती है। किसी स्थान से और दिखाती है किसी स्थान पर आखिर ऐसा क्यों करती हैं ? यहां तक देखा गया है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के पास जामा तलाशी लेते वक्त कुछ भी नहीं रहता लेकिन पुलिस अपने लिखित फर्द में कई वस्तुओं की बरामदगी दिखा देती हैं।



आखिर आरोपियों की तलाशी करते वक्त वीडियो बनाने का प्राविधान क्यों नहीं ? इन सब समस्याओं का समाधान करने के लिए पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी की स्थापना किया जाना नितांत आवश्यक है। जो पुलिस के खिलाफ शिकायतों की स्वतंत्रता और निष्पक्ष जांच कर सके लेकिन अफसोस की बात यह है कि अब तक उत्तर प्रदेश में इस अथॉरिटी का गठन नहीं हो पाया है।

पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी का विचार पहली बार 2006 में माननीय उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार के मामले में आया था। इस मामले में न्यायालय ने पुलिस सुधारो के लिए कई दिशा निर्देश दिए थे। जिनमें एक था कि हर राज्यों में एक स्वतंत्र पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी का गठन किया जाय। इसका उद्देश्य था कि पुलिस की बर्बरता, भ्रष्टाचार और कदाचार के मामलों की जांच की जा सके। यह अथॉरिटी पुलिस कर्मचारी अधिकारियों के खिलाफ शिकायतों की सुनवाई कर उन्हें जवाबदेही ठहराने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करके शिकायतकर्ताओं के समस्या का निस्तारण किया जा सकता है। इससे पुलिस द्वारा किए जा रहे लोगों को अनावश्यक परेशान होने से बचाया जा सकता है। जहां कई राज्यों में पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी की स्थापना कर दी है वही उत्तर प्रदेश इस दिशा में अभी तक पीछे है,राज्य में पुलिस सुधारो की बात तो होती है लेकिन उन्हें लागू करने की इच्छा शक्ति का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है यहां तक कई सिविल सोसाइटी, संस्थान लंबे समय से पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी की स्थापना की मांग कर रहे हैं। लेकिन इन सबकी आवाजें अनसुनी करके रह जाते हैं पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी की स्थापना करने में राजनीतिक इच्छा शक्ति का अभाव दिखाई दे रहा है।

उत्तर प्रदेश में पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कोई नई बात नहीं है अक्सर देखा जाता है कि पुलिस को सत्ताधारी दल अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करते हैं। पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति,तबादला और प्रमोशन तक में राजनीतिक दबाव देखा जाता है। पुलिस अधिकारियों को भी यह डर सताता है कि एक स्वतंत्र निकाय के आने से उनके ऊपर निगरानी बढ़ेगी और उन्हें अपने कार्यो के लिए जवाबदेह ठहराया जायेगा। इसलिए अधिकारियों और सत्ताधारी दल के बीच एक मौन समझौता बन जाता है कि इस तरह के सुधारो को लागू न किया जाय। यह शायद एक प्रमुख कारण है कि सरकारें इस अथॉरिटी की स्थापना करने से कतराती है। जब पुलिस अपनी मर्जी से काम करती है और उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करने का कोई प्रभावी तंत्र नहीं होता आम नागरिकों के अधिकारों का हनन होता है।

कई बार देखा गया है कि निर्दोष लोगों को फर्जी मामले में फसाया जाता है हिरासत में मौतें होती हैं और मुठभेड़ों में संदिग्ध हालात पैदा होते हैं। ऐसे मामलों में पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी का गठन होना अत्यंत आवश्यक है ताकि जांच निष्पक्ष हो सके और दोषी कर्मचारियों अधिकारियों को सजा मिल सके तब जाकर पुलिस के कार्यशैली में सुधार हो सकता है और आमजन अमन चैन से रह सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए राज्य में पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी का गठन करें यह कदम न केवल कानून के शासन को मजबूत करेगा बल्कि जनता की पुलिस पर भरोसे को भी बढ़ाएगा। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों का एहसास होगा और वह जनता के प्रति अपनी जवाबदेही समझेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# एलओसी कारगिल से लेकर मोहब्बतें तक, ये हैं सबसे लंबी फिल्में

भारतीय सिनेमा में समय-समय पर कुछ ऐसी फिल्में सामने आती हैं जिनका रनटाइम सामान्य से कहीं ज्यादा लंबा होता है। हाल ही में खबर आई थी कि पुष्पा 2-द रूल इस साल की सबसे लंबी फिल्म बनने जा रही है, जिसका रनटाइम तीन घंटे 20 मिनट 38 सेकंड है। इससे पहले कल्कि 2898 एडी इस साल की सबसे लंबी फिल्म थी, जिसका रनटाइम तीन घंटे एक मिनट था। इस संदर्भ में हम आपको भारतीय सिनेमा की कुछ प्रमुख लंबी फिल्मों के बारे में बताएंगे, जिनका रनटाइम बहुत अधिक था और जो अपने समय की सबसे लंबी फिल्में मानी जाती थीं। 2003 में रिलीज हुई फिल्म एलओसी कारगिल एक ऐतिहासिक युद्ध ड्रामा थी, जो 1999 में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए कारगिल युद्ध पर आधारित थी। यह फिल्म भारतीय सिनेमा की सबसे लंबी फिल्मों में से एक मानी जाती है। फिल्म में कई बड़े सितारे



नजर आए थे। इसकी लंबाई युद्ध की जटिल घटनाओं और पात्रों के विस्तृत चित्रण के कारण काफी बढ़ गई। इसका रनटाइम चार घंटे 15 मिनट था। राज कपूर की मेरा नाम जोकर 1970 में रिलीज हुई थी। इसे भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े एंटरटेनमेंट ड्रामा के रूप में जाना जाता है। यह फिल्म एक जोकर के जीवन पर आधारित थी और उसकी यात्रा को दर्शाती थी, जिसमें उसकी खुशियां और दुख दोनों शामिल थे। इस फिल्म की लंबाई चार घंटे चार मिनट थी। साल 1964 में आई फिल्म संगम राज कपूर के निर्देशन में बनी एक रोमांटिक ड्रामा थी, जिसमें राजेंद्र कुमार, वैजयंतीमाला और राज कपूर मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म एक त्रिकोणीय प्रेम कहानी पर आधारित थी। दर्शकों को यह फिल्म खूब पसंद आई थी। इसका रनटाइम तीन घंटे 58 मिनट था। साल 2001 में आई लगान भारतीय सिनेमा की एक ऐतिहासिक फिल्म थी, जो ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ क्रिकेट मैच के जरिए भारत के किसानों की संघर्ष को दर्शाती थी। आमिर खान की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म ने ना केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी धमाल मचाया। फिल्म की लंबाई के बावजूद, इसके प्रेरणादायक दृश्य और मजबूत कहानी ने इसे एक ऐतिहासिक फिल्म बना दिया। इसका रनटाइम तीन घंटे 44 मिनट था। साल 2000 में आई मोहब्बतें आदित्य चोपड़ा के निर्देशन में बनी एक रोमांटिक ड्रामा थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय मुख्य भूमिका में थे। फिल्म का रनटाइम तीन घंटे 36 मिनट था।

# लिन और रणदीप का शौक है एक जैसा, पत्नी ने शादी की सालगिरह पर उठाया राज से पर्दा



पिछले साल रणदीप हुड्डा ने लिन लैशराम से शादी की। दोनों ने लिन के पैतृक घर इंफाल में ट्रेडिशनल अंदाज में शादी की। इंफाल की परंपरा अनुसार ही रणदीप दुल्हा बने। उस समय रणदीप और लिन के ट्रेडिशनल लुक की बहुत तारीफ हुई थी। आज इस जोड़े की शादी को एक साल हो गया है। इस मौके पर लिन ने रणदीप को सालगिरह की शुभकामनाएं इंस्टाग्राम के जरिए दी। रणदीप लिन के लाइफपार्टनर तो हैं, साथ ही वह उनके साथ पियानो पार्टनर भी है। इस बात की जानकारी सोशल मीडिया यूजर्स को लिन की इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए ही मिली। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो लगाया जिसमें रणदीप और उनका हाथ पियानो पर रखा हुआ है और इस फोटो पर लिखा है, 'हैप्पी एनिवर्सरी, मेरे पियानो क्लासमेट।' रणदीप को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं देने के बाद लिन ने आगे एक वीडियो भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगाया। जिसमें पिछले साल शादी के बाद इंफाल में बिताए गए पलों को दिखाया गया है। इस वीडियो में रणदीप और लिन पूजा करते हुए दिख रहे हैं साथ ही इंफाल के आम लोगों से भी मिलते हुए नजर आ रहे हैं। लिन और रणदीप एक दूसरे के लिए परफेक्ट लाइफपार्टनर हैं क्योंकि दोनों के शौक बहुत हद तक मिलते हैं। पियानो सीखने के अलावा दोनों जंगल सफारी पर भी जब तक निकलते हैं। साथ ही दोनों जानवरों के लिए भी काफी काम करते हैं। लोगों के बीच भी वाइल्ड लाइफ को लेकर अवेयरनेस फैलाते हैं। जहां तक रणदीप हुड्डा के करियर की बात है तो वह अलगे साल एक फिल्म 'जाट' में नजर आ सकते हैं।

# दिसंबर में एक्शन-कॉमेडी-थ्रिलर का मिलेगा तड़का, पुष्पा 2-बेबी जॉन-वेलकम टू द जंगल है शामिल



इस साल दिसंबर में अल्लू अर्जुन-वरुण धवन और अक्षय कुमार की फिल्मों का दिखेगा जलवा। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म में भरपूर एक्शन के साथ रोमांस देखने को मिलेगा। वहीं बेबी जॉन में थ्रिलर-एक्शन और रोमांस देखने को मिलेगा। इन दोनों फिल्मों के अलावा वेलकम टू द जंगल में भरपूर एक्शन के साथ रोमांस और सस्पेंस देखने को मिलेगा। पुष्पा 2: द रूल एक आगामी भारतीय तेलुगु भाषा की एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसे सुकुमार ने लिखा और निर्देशित किया है। यह फिल्म मुत्तमसेट्टी मीडिया और सुकुमार राइटिंग के सहयोग से माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के अलावा फहद फासिल भी नजर आएंगे। पुष्पा 2 फिल्म का बचत 500 करोड़ है। फाइनली पुष्पा 2 द रूल 5 दिसंबर को रिलीज हो रही है। बेबी जॉन एक आगामी भारतीय हिंदी भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन कलीज ने किया है और इसका निर्माण जियो स्टूडियो, सिने 1 स्टूडियो और ए फॉर एप्पल प्रोडक्शंस ने किया है। फिल्म में वरुण धवन मुख्य भूमिका में हैं। ऐसा पहली बार है जब वरुण साउथ अभिनेत्री कीर्ति सुरेश के सथ नजर आएंगे। इस फिल्म में वरुण और कीर्ति के साथ वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ भी नजर आएंगे। यह एटली द्वारा निर्देशित 2016 की तमिल फिल्म थेरी का हिंदी रूपांतरण है, जो खुद चतरियां (1990) और होमफ्रंट (2013) पर आधारित है। वरुण धवन और कीर्ति सुरेश की फिल्म बेबी जॉन 25 दिसंबर में रिलीज के लिए तैयार है। वेलकम टू द जंगल एक कॉमेडी ड्रामा बॉलीवुड फिल्म है, जिसका निर्देशन अहमद खान द्वारा किया जा रहा है। फिल्म की स्टार कास्ट में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, संजय दत्त और कई अन्य सितारे मुख्य भूमिका में शामिल हैं। संगीत मीट ब्रदर्स द्वारा तैयार किया गया है। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, फिरोज ए नाडियाडवाला ने जियो स्टूडियो के बैनर तले किया गया है।

# ऋतिक रोशन-एनटीआर की वॉर 2 से जुड़े तीन एक्शन निर्देशक

ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी जैसे सितारों से सजी वॉर 2 बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म को मशहूर निर्देशक अयान मुखर्जी निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म ने घोषणा के बाद से ही दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर लिया है। फिल्म को लेकर फैंस की जबर्दस्त उत्सुकता को देखते हुए निर्माता इसमें किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं। इस वजह से फिल्म के निर्माताओं ने इसके क्लाइमैक्स को शानदार सिनेमाई अनुभव बनाने के लिए हॉलीवुड के एक्शन निर्देशकों को फिल्म से जोड़ा है, जिन्होंने वेनम, ऐज ऑफ अल्ट्रॉन, के साथ-साथ जवान और पठान जैसी फिल्मों का एक्शन निर्देशित किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके शानदार एक्शन सीक्वेंस के लिए तीन मशहूर एक्शन निर्देशकों को फिल्म से जोड़ा गया है, जिनमें अमेरिकी स्टंट कोर्डिनेटर स्पाइरो रजाटोस, सी योंग ओह, और सुनील रोड्रिग्स हैं। स्पाइरो रजाटोस ने इससे पहले वेनम और द फेट



ऑफ द फ्यूरियस जैसी फिल्मों का एक्शन निर्देशन किया है। वहीं, एवेंजर्स- एज ऑफ अल्ट्रॉन में सी योंग ओह तथा जवान और पठान में सुनील रोड्रिग्स ने काम किया है। बताया जा रहा है कि यह तिकड़ी एक शानदार और स्टाइलिश फाइट सीक्वेंस तैयार कर रही है, जो दर्शकों को लिए एक बेहद शानदार अनुभव होने वाला है। फिल्म को एक शानदार अनुभव बनाने के निर्माताओं द्वारा काफी सारी चीजें की जा रही हैं, जिसके तहत फिल्म के क्लाइमेक्स में दर्शकों को सांस रोक देने वाला एक्शन सीक्वेंस दिखाया जाएगा। मिड-डे की एक रिपोर्ट के अनुसार, ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर दिसंबर के मध्य में मुंबई में हाई-ऑक्टेन क्लाइमेक्स सीन की शूटिंग करेंगे, जिसे 15 दिनों के शेड्यूल में पूरा किया जाएगा। दोनों कलाकार गोरेगांव में फिल्म सिटी और अंधेरी के वाईआरएफ स्टूडियो में इसकी शूटिंग करेंगे। बताया जा रहा है कि निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अयान मुखर्जी व्यक्तिगत रूप से सेट डिजाइन और जटिल एक्शन कोरियोग्राफी की देखरेख कर रहे हैं। बताते चलें कि यशराज फिल्म्स की वॉर 2 अगले साल 2025 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को आदित्या चोपड़ा द्वारा नाया जा रहा है।

# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में छाए हिमाचल के मोहित परमार

स्टार प्लस के टीवी सीरियल 'पांड्या स्टोर' में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद अब हिमाचल के मोहित परमार 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में छा गए हैं। उनके किरदार का नाम अभीर है। यह सीरियल 'स्टार प्लस' पर सोमवार से रविवार को रात 9.30 बजे प्रसारित होता है। मूल रूप से कांगड़ा जिला के ननाओं (पालमपुर) के रहने वाले मोहित परमार टीवी सीरियल 'पांड्या स्टोर' में नजर आए थे। इस शो में उन्होंने करीब 500 से अधिक एपिसोड किए थे। यह सीरियल टॉप-7 में शामिल था। इसके अलावा हिमाचल की पहली फिल्म 'नठ पज्ज' में बतौर हीरो काम कर चुके हैं। बता दें कि मोहित के पिता आत्मा सिंह पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं, जबकि माता लवलीन परमार पंचायत प्रधान हैं। मोहित ने बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग की है। दूरभाष के माध्यम से 'दिव्य हिमाचल' के साथ बातचीत करते हुए मोहित परमार ने बताया कि उन्हें यह किरदार निभाने में काफी मजा आ रहा है।

# राज कुंद्रा ने जेल में बिताए 63 दिन

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अश्लील कंटेंट से जुड़े एक मामले में राज कुंद्रा और उनकी पत्नी शिल्पा शेट्टी के घर और दफ्तर में छापेमारी की। यह कार्रवाई 29 नवंबर को की गई। छापेमारी का उद्देश्य अश्लील कंटेंट के प्रसार और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी जानकारी प्राप्त करना था। राज कुंद्रा पर आरोप है कि उन्होंने एक एप के जरिए अश्लील वीडियो का निर्माण और प्रसारण किया था और इससे वह अपने उनके साथियों ने अवैध रूप से पैसे कमाए। इस मामले में राज कुंद्रा पर बेहद गंभीर आरोप है। बिजनेसमैन पर आरोप है कि वह विहान इंटरप्राइजेज के माध्यम से अश्लील कंटेंट का प्रसार कर रहे थे। उनका यह एप गूगल और एप्पल स्टोर पर भी उपलब्ध था, लेकिन साल 2021 में इस मामले के सामने आते ही दोनों जगहों से इसे हटा दिया गया था। राज कुंद्रा और उनके साथियों पर यह भी आरोप हैं कि अश्लील कंटेंट के प्रसार के लिए उन्होंने एक सुव्यवस्थित नेटवर्क तैयार किया था, जिसमें वॉट्सऐप ग्रुप्स, मेल और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। इस मामले में राज कुंद्रा की मुश्किलें तब और बढ़ गई, जब पुलिस ने मड आईलैंड में छापेमारी कर एक रैकेट का खुलासा किया। इस जांच में कई प्रमुख नाम सामने आए, जिनमें टीवी अभिनेत्री गहना वशिष्ठ का नाम प्रमुख था। गहना



वशिष्ठ के माध्यम से पुलिस राज कुंद्रा की कंपनी में कार्यरत उमेश कामत तक पहुंची, जो वीडियो को कुंद्रा के बहनोई प्रदीप बख्शी तक पहुंचाता था। इसके बाद प्रदीप बख्शी उन वीडियोज को एक अन्य ऐप पर अपलोड करता था। पुलिस ने अपने आरोप-पत्र में यह बताया है कि उमेश के मोबाइल से दो वॉट्सएप ग्रुप का भी पता चला, जिनके ग्रुप एडमिन राज कुंद्रा ही थे। इस ग्रुप में एप के कंटेंट में काम करने वालों के पेमेंट के संदर्भ में भी बात हुई थी। ईडी ने कुछ ही समय पहले मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ रुपये की संपत्ति भी कुर्क की है। इसमें जुहू स्थित शिल्पा शेट्टी का फ्लैट, राज कुंद्रा का बंगला और इक्विटी शेयर शामिल हैं। यह कार्रवाई 2002 के बिटकॉइन पोंजी स्कीम घोटाले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग के सिलसिले में की गई थी। ईडी की इस कार्रवाई से यह साफ है कि राज कुंद्रा का मामला केवल अश्लील कंटेंट तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वह मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में भी ईडी के रडार पर हैं। इस केस में शर्लिन चोपड़ा, पूनम पांडे और गहना वशिष्ठ जैसी नामी अभिनेत्रियां भी आरोपी हैं। इन अभिनेत्रियों पर आरोप है कि वे राज कुंद्रा के साथ मिलकर अश्लील फिल्मों का निर्माण और वितरण कर रही थीं। यह घटना बॉलीवुड और फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक बड़ा झटका है।



पुष्पा 2 के प्रमोशन के लिए मुंबई पहुंचे अल्लू अर्जुन-रश्मिका

## सलमान की सिकंदर को लेकर चर्चाएं हुई तेज

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की आगामी फिल्म सिकंदर बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म में सलमान और रश्मिका मंदाना पहली बार एक साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इसकी झलक पाने को बेताब हैं। अब इस फिल्म के पहले पोस्टर को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं, जिनमें कहा जा रहा है कि सलमान के जन्मदिन पर इसका पहला लुक पोस्टर साझा किया जा सकता है। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिकंदर के निर्माता सलमान खान के जन्मदिन पर फिल्म का पहला लुक पोस्टर जारी कर सकते हैं। इससे अभिनेता के फैंस के बीच खुशी की लहर है। जाहिर है कि फैंस फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसका इंतजार कर रहे थे। अब उनका इंतजार सलमान के जन्मदिन यानी 27 दिसंबर 2024 को समाप्त हो सकता है। फिल्म के निर्माता सिकंदर से अभिनेता की पहली झलक दिखा सकते हैं। सूत्र ने उन्हें बताया कि फिल्म की टीम फिलहाल बड़े पैमाने पर एक्शन से भरपूर दृश्यों की शूटिंग और प्रचार अभियान की योजना बनाने में व्यस्त है।

# अब अफसोस और गर्व महसूस करती हैं मधु

## जब सात साल की प्रियंका को मां ने भेजा बोर्डिंग स्कूल

प्रियंका चोपड़ा इस वक्त एक वैश्विक स्टार हैं, जो अपने पेशेवर जीवन में काफी सक्रिय रहती हैं। इन दिनों वह अपने हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स को लेकर व्यस्त चल रही हैं। अभिनेत्री अपनी मां के साथ भी काफी अच्छा बॉन्ड साझा करती हैं। उनकी मां मधु चोपड़ा अक्सर प्रियंका को लेकर जानकारियां साझा करती रहती हैं। एक बार फिर उन्होंने प्रियंका चोपड़ा के बचपन से जुड़ी यादें साझा करते हुए कहा कि उनके लिए प्रियंका को महज सात साल की उम्र में बोर्डिंग स्कूल भेजना काफी मुश्किल रहा था। अभिनेत्री को उनके माता-पिता ने महज सात साल की उम्र में बोर्डिंग स्कूल भेज दिया था। अपनी संतान को खुद से दूर भेजना किसी भी माता-पिता के लिए काफी मुश्किल भरा अनुभव होता है। हाल में ही में रॉड्रिगो कैनेलस के साथ उनके समथिंग बिगर टॉक शो पॉडकास्ट पर मधु चोपड़ा ने प्रियंका को बोर्डिंग स्कूल भेजने की यादों को साझा किया है। मधु का अपनी बेटी के प्रति प्यार और समर्पण स्पष्ट था। उन्होंने व्यक्त किया कि यह निर्णय अभी भी उनके दिल को छू जाता है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह तब एक कठोर मां थी या नहीं, लेकिन उनके लिए ये काफी मुश्किल था।





अपनी बेटे से अलग होने के दर्द के बावजूद मधु ने इस मुश्किल फैसले को प्यार से लिया। वह हर वीकेंड प्रियंका से मिलने जाती थीं और उनके साथ कुछ समय बिताती थी। वह तब तक ऐसा करती रहीं, जब तक कि प्रियंका के लिए बोर्डिंग स्कूल के माहौल में ढलना और मुश्किल नहीं हो गया। मधु चोपड़ा ने कहा,÷ बात यह थी कि हर शनिवार को मैं अपना काम छोड़कर ट्रेन पकड़ती और हर शनिवार को उससे मिलने आती। यह उसके लिए मुश्किल होता जा रहा था, क्योंकि वह अपने बोर्डिंग स्कूल में ढल नहीं पा रही थी। शनिवार को वह मेरे आने का इंतजार करती और फिर रविवार को मैं उसके साथ रहती। इसके बाद पूरे हफ्ते टीचर मुझसे कहती रहीं कि आना बंद करो, तुम नहीं आ सकती। अभिनेत्री की मां ने कहा कि उन्हें अपने फैसले पर अफसोस और गर्व दोनों है। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी न केवल उस समय उस माहौल में ढलने में सफल रहीं, ब्लकि वो अपने पेशेवर जीवन में भी काफी तरक्की हासिल की।

# रूपाली गांगुली ने सौतेली बेटी ईशा को नाम लिए बगैर दिया जवाब



रूपाली गांगुली की छवि टीवी पर एक बेहतरीन अभिनेत्री की है। असल जिंदगी में भी लोगों की उनके बारे में राय अच्छी रही है। लेकिन ऐसी राय उनके परिवार से जुड़े लोगों की नहीं है। दरअसल, सौतेली बेटी ईशा वर्मा (पति की पहली शादी से हुई बेटी) ने रूपाली पर पिछले महीने कई गंभीर आरोप लगाए। कल भी एक पोस्ट के जरिए ईशा ने रूपाली का नाम लिए बगैर अपनी परेशानियों और दुख का जिक्र किया। अब इसका जवाब रूपाली ने भी एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दिया है।

ईशा वर्मा और रूपाली गांगुली के बीच पिछले महीने से एक विवाद चल रहा है। टीवी सीरियल 'अनुपमा' की मुख्य अभिनेत्री रूपाली गांगुली पर उनकी सौतेली बेटी ईशा वर्मा ने एक आरोप लगाया कि जिसमें उन्होंने कहा कि रूपाली ने उन्हें पिता से दूर किया है। इसके बाद रूपाली ने ईशा को 50 करोड़ का मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा। ऐसे में ईशा ने जिन वीडियो में रूपाली पर आरोप लगाए, उन्हें डिलीट कर दिया। अब फिर से वह इंस्टाग्राम पर एक्टिव हो गई हैं और रूपाली को निशाना बना रही हैं। ईशा वर्मा ने कुछ कल अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में एक लंबी पोस्ट शेयर की। इसमें वह लिखती हैं, 'एक बच्चे को सच बोलने के लिए सजा नहीं मिलनी चाहिए। बालिग होने के बावजूद मैं अपने पिता की बेटी हूं। लेकिन उनका जो रेस्पॉन्स मेरे बयान को लेकर आया वह क्रूर है। इस तरह से उन्होंने अपना असली किरदार दिखा दिया।' इस बात में ईशा ने रूपाली का नाम नहीं लिया लेकिन इशारा उनकी तरफ ही था। वह उन्हें क्रूर कह रही हैं। आज रूपाली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्टर शेयर किया है।

# कार्यशाला के साथ संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ

■ लोकतांत्रिक पद्धति के आधार पर संचालित होती है विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा : विमल

अवधनामा संवाददाता




**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी का संगठन पर्व-2024 प्रारंभ हो गया है। संगठन पर्व के अंतर्गत प्रथम दिवस 29 नवंबर को पुष्पांजलि कालोनी स्थित जिला कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महानगर चुनाव अधिकारी श्री विमल शर्मा और महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कार्यशाला का शुभारंभ किया। महानगर चुनाव अधिकारी श्री विमल शर्मा ने कहा कि पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 2 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक मंडल अध्यक्ष के चुनाव होंगे और 15 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक महानगर अध्यक्ष का चुनाव होगा और भाजपा का परिवार विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का परिवार है। ये पार्टी लोकतांत्रिक पद्धति के आधार पर संचालित होती है। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया को समझाया। इस अवसर पर श्री लोधी ने कहा कि संगठन का यह चुनाव बूथ से लेकर जिला, क्षेत्र, प्रदेश, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ेगी। पूर्व महानगर अध्यक्ष श्री चेतन स्वरूप पाराशर ने हर कार्यकर्ता से संगठन की चुनाव प्रक्रिया में सम्मिलित होने की अपील की। प्रारंभ में चुनाव सह प्रभारी संजय शर्मा और कुंज बिहारी ने अतिथियों का स्वागत पटुका पहनाकर किया। महानगर सह चुनाव अधिकारी संजय शर्मा ने संचालन किया। कार्यशाला में पूर्व मेयर मुकेश आर्य बंधु, राजू यादव, चंद्रपाल कुंतल, मुकेश खंडेलवाल, निरंजन सिंह धनगर, गंभीर गुर्जर, ज्ञानेन्द्र राणा, अवधेश उपाध्याय, मोहन लाल शर्मा, विपिन सिंह, महादेव शर्मा, पंकज शर्मा, राजेश गुप्ता, राजेंद्र पटेल, नितिन बैंटी, अनिल खंडेलवाल, कौशल बंसल, यशराज चतुर्वेदी, विनीत शर्मा, राम रतन चौधरी, लोकेश निषाद, परशुराम सिंह, खज़ान सिंह, नंद किशोर कुंतल, विक्रम मुदगल, यशपाल सिंह, सुनील तरकर, सुरेंद्र सिंह, यतेन्द्र फौजदार, दीपक गोला, पूजा चौधरी, राजेंद्र होरा, नारायण सिंह, नेत्रपाल चौधरी, प्रिन्स गौड़, राहुल रजावत, योगेश चौधरी, मोहित सरोज, कान्हा शर्मा, पवन शर्मा, बादल शर्मा, अजय शर्मा, हर्ष गौड़ आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महानगर के चुनाव अधिकारी विमल शर्मा के अनुसार संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया तीन चरणों में होगी जिसमें प्रथम स्तर पर बूथ समिति व बूथ अध्यक्ष का चुनाव होना है। द्वितीय मंडल स्तर पर चुनाव होंगे। इसमें मंडल अध्यक्ष, मंडल समिति के चुनाव होंगे। तृतीय स्तर पर जिलाध्यक्ष, जिला समिति व प्रांतीय परिषद का चुनाव होना है।

# बलदेव में तीन बाइक सवारों की सड़क दुर्घटना में मौत

अवधनामा संवाददाता

■ रात करीब 11 बजे हुआ सड़क हादसा, नामकरण संस्कार में शामिल होकर गांव लौट रहे थे

**मथुरा।** बलदेव में गुरुवार की रात एक भीषण सड़क हादसा में तीन लोगों की मौत हो गई। ये तीनों लोग बाइक पर सवार सवार थे। बाइक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया, जिसमें तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे, घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। बलदेव थाना क्षेत्र के अंतर्गत सादाबाद रोड बिहारी कोल्ड स्टोर के समीप देर रात करीब 11 बजे एक बाइक पर सवार तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी जब परिजनों को लगी तो मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए मथुरा के निजी अस्पताल ले गए। बलदेव के गांव गोठा से गुरुवार को गांव के रहने वाले चेतराम की बेटी के बेटा होने पर बाइक सवार नामकरण संस्कार में शामिल होने के लिए थाना जमुनापार के गांव गोपालपुर गए हुए थे। देर रात कार्यक्रम में शामिल होकर नारायण सिंह पुत्र प्रथम सिंह, महेंद्र सिंह पुत्र मलखान, थान सिंह पुत्र नवाब सिंह एक ही बाइक पर सरवार होकर गांव गोठा वापस लौट रहे थे, तभी बलदेव सादाबाद मार्ग बिहारी कोल्ड स्टोर के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की जानकारी होने पर थाना बलदेव प्रभारी त्रिलोकी सिंह टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी की। थाना प्रभारी ने कहा कि मृतक व्यक्तियों के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। ग्राम प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि तीनों व्यक्ति एक ही परिवार के थे और एक नामकरण संस्कार में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे तभी यह हादसा हुआ है।

## पूर्वोत्तर क्षेत्र में बकरी पालन को बढ़ रहा रुझान

**मथुरा।** पूर्वोत्तर क्षेत्र में बकरी पालन को लोकप्रिय बनाने के लिए आईसीएआर सीआईआरजी ने आईसीएआर राष्ट्रीय याक अनुसंधान केंद्र, दिरांग, अरुणाचल प्रदेश के सहयोग से बकरियों पर फील्ड लेवल डेमोंस्ट्रेशन (एफएलडी) इकाई शुरू की। इसके क्रम में वैज्ञानिक बकरी पालन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें 100 किसानों ने भाग लिया। सीआईआरजी ने किसानों को बकरी का चारा, खनिज मिश्रण और सामान्य आवश्यक दवाइयां भी वितरित कीं। सीआईआरजी के निदेशक डॉ मनीष कुमार चटली ने किसानों को अरुणाचल प्रदेश में बकरी पालन की संभावनाओं के बारे में बताया और कहा कि देश के इस हिस्से में बकरी के मांस की मांग बहुत अधिक है। उन्होंने किसानों को बकरी के टीकाकरण प्रोटोकॉल और सामान्य बीमारियों और उनकी रोकथाम के बारे में भी बताया। उन्होंने खेती के लिए शुद्ध नस्ल के जानवरों के चयन के बारे में भी बताया। उन्होंने पशुओं के प्रजनन स्वास्थ्य पर जोर दिया ताकि दो साल में एक मादा से कम से कम तीन प्रसव या छह बच्चे लिए जा सकें। किसान बहुत उत्साहित थे और बकरी पालन को व्यावसायिक उद्यम के रूप में अपनाने के लिए तैयार थे। डॉ मिहिर सरकार, निदेशक एनआरसी, याक ने इस पहल के लिए सीआईआरजी को धन्यवाद दिया और इस क्षेत्र में मल्टीप्लायर झुंड की स्थापना के लिए एफएलडी को मजबूत करने का आश्वासन दिया।

# मिशन शक्ति फेज-5 अभियान जारी



अवधनामा संवाददाता

■ थाना क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को किया गया जागरूक

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक व एएसपी अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/ कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी.एम.स्वानिधि योजना, पी.एम. सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि शासन और पुलिस विभाग द्वारा शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस 03 अक्टूबर 2024 से मिशन शक्ति के तहत पंचम चरण का अभियान 90 दिवस तक चलाया जाएगा।

## मड़ावरा पुलिस ने चार वारण्टी पकड़े

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में जिले में वांछित, वारण्टी अभियुक्तों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत मड़ावरा पुलिस ने मानिकपुर निवासी सुखलाल पुत्र बल्लू, लल्लू पुत्र जूजे अहिरवार और अंगद पुत्र गनुवा अहिरवार को हिरासत में लिया है। वांछितों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मड़ावरा अशोक कुमार वर्मा, उप निरीक्षक विपिन ढेंढ़ा, उप निरीक्षक चन्द्रपाल व हे.कां. विक्रम सिंह शामिल रहे।

# कोहरे में हाईवे पर सफर रहे सुगम, बैठक में हुआ मंथन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने एन.एच.ए.आई के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि थाना हाईवे से लेकर नरहौली (भरतपुर मोड) की यातायात व्यवस्था में सुधार, जर्जर सड़कों की स्थिति को तत्काल ठीक कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के अवैध कटों को बन्द किया जाए, जो व्यक्ति अवैध कट को बार बार क्षतिग्रस्त करें तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। ठण्ड में कोहरे के दृष्टिगत सड़कों पर कम विजिबिलिटी हो जाती है। इससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि खम्भों पर लगी लाइट एवं रोड पर बनी व्हाइट पट्टी को ठीक किया जाए तथा रेडियम का प्रयोग किया जाए। इसके साथ ही खम्भो पर रिफलेक्ट भी लगा दिए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर झाड़ियों की कटाई छटाई व साफ सफाई करा दिया जाए। रास्तों पर रम्बल स्ट्रीप लगाये जाए। संबंधित थानों से रिपोर्ट लेकर आवश्यक कार्यवाही कराएं, यदि किसी थाने पर कोई समस्या आ रही है, तो अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से पत्राचार किया जाए। आगामी ठंड में घने कोहरे से होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने के दृष्टिगत ट्रैक्टर व अन्य व्यावसायिक वाहनों में रेट्रो रिफलेक्टिव टेप लगाये जाने के साथ ही स्कूली वाहनों तथा सड़क के किनारे खड़े व्यावसायिक वाहनों में एवं पुल व चौराहों आदि रास्तों पर रेट्रो रिफलेक्टिव टेप, स्टिकर लगाए जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कोई भी वाहन अनफिट नहीं चलना चाहिए। ओवरलोडिंग वाहनों की समय समय पर चेकिंग की जाए। हिट एवं रन मामले में नियमानुसार कार्यवाही की जाए और प्रभावित को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अजय कुमार सिंह, एआरटीओ राजेश राजपूत, एनएचएआई, एक्सप्रेस वे, रोडवेज आदि के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मंडी में जल भराव के समाधान को भाकियू ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** रतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने नेशनल हाईवे स्थित एच- 19 पर स्थित राजकीय मंडी समिति पहुंचकर जल भराव की समस्या के समाधान की मांग के लिए प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मंडी सचिव के विरुद्ध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर चेकपोस्ट प्रभारी इंद्रजीत शर्मा का घेराव कर जोरदार नारेबाजी की। यूनियन राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने कहाकि अनाज मंडी परिसर में जल भराव की समस्या सुरसा राक्षसी की तरह मुंह फाड़े हुए है लेकिन मंडी सचिव इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जल भराव को हुए तीन दिन बीत गए हैं। लेकिन इसकी निकासी कोव्यवस्था नहीं की गई है। आज व्यापारियों ने अपने निजी खर्चे से पानी निकासी के लिए टिल्लू पंप लगाया है उससे नाले के पानी को बाहर किया जा रहा। जबकि मंडी प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। जिसकी उन्होंने निंदा की। प्रदर्शन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण भास्कर एडवोकेट, जिला प्रभारी सुनील चौधरी जनसेवक, महानगर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी, प्रदेश प्रमुख महासचिव उदयभान सिंह जाटव, किसान नेता हर्ष चौधरी,किसान नेता असलम कुरैशी, विनोद अग्रवाल, झमन आढ़ती, मनीष चौधरी पंडा, विष्णु, बॉबी अग्रवाल, भोला चाचा, धर्म चंद, नेत्रपाल ठाकुर आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### यातायात प्रभारी ने बच्चों को दी जानकारियां



**ललितपुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय पनारी में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने यातायात के संबंध में बहुत सारी जानकारी बच्चों दी। साथ में बताया कि जो बच्चे 18 साल की उम्र पूरी कर लेंगे उसके बाद वह गाड़ी चला सकते हैं और अपना लाइसेंस भी बनवा सकते हैं। बच्चों को रोड देखकर पर करना चाहिए। गाड़ी चलाने वालों को हमेशा हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाना चाहिए। गाड़ी के कागज हमेशा अपने साथ डिजिटल लॉक ऐप पर रखना चाहिए जिससे कि चैकिंग के दौरान में परेशानी ना हो। साथ में बच्चों ने यातायात संबंधी बहुत से चित्र बनाए जो बच्चे प्रथम द्वितीय और तृतीय आए टीएसआई आलोक कुमार तिवारी ने उनको सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम में ग्राम प्रधान पनारी बलवंत सिंह, पत्रकार विभाकांत हुण्डैत, लोकेन्द्र राजा, आनंद स्वामी, विद्यालय स्टाफ प्रतिभा यादव, सीमा जैन, तारा तिवारी, नंदनी डायट प्रशिक्षु भी मौजूद रहे। सबसे आखिर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक मो.जाकिर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### नौवें दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन



**ललितपुर।** युवाओं को खेल मैदान आवंटन की मांग को लेकर घण्टाघर पर चल रहा धरना प्रदर्शन नौवें दिन भी जारी रहा। विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन करते हुये तुवन मैदान को खेल मैदान घोषित करने की मांग की। इस दौरान नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने कहा कि इस मैदान पर सन 1957 से लेकर सन 1960 तक हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने हॉकी खेलकर अपने खेल से सबको मंत्र मुग्ध किया। देश के कई राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने यहां प्रदर्शन किया। इसको खेल मैदान घोषित किया जाय। उन्होंने इस मैदान को खेल मैदान घोषित किये जाने की मांग को दोहराया। धरना स्थल पर पार्षद मनमोहन चौबे, करन पाल, पार्षद जगदीश यादव, किसान नेता लाखन सिंह पटेल, किसान नेता राजपाल यादव, सुधीर श्रीवास्तव, ब्रजबिहारी मिश्रा, सचिव, देवेंद्र, बॉबी राजा, अशोक टोनी, योग शिक्षक फूलचंद्र रजक, सुनील शर्मा, प्रमोद चौबे, पवन परमार, शाहिद आलम, ब्रजेश पाडिया, दीपक पाठक, अभिषेक, राजीव जैन, संकेत कुशवाहा, भीकम सिंह यादव, राणाजी परमार, नैतिक, हनुजीत, मोहसिन, शहीम मिर्जा, महादेव सेन, मुहम्मद अंसार, रामसेवक, कृष्णकांत साहू आदि उपस्थित थे।

### अवैध निर्माणों की बाढ़ से सराबोर हो रहा सिविल लाइन क्षेत्र

**मुरादाबाद।** मामला मुरादाबाद के बंगला गाँव क्षेत्र का है जहां पुलिस चौकी के सामने पुरानी इमारत को तोड़कर नई दुकानों का निर्माण कर लिया गया है सवाल ये है कि दिन भर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के सुपरवाइजर क्षेत्र में घूमते रहते है साथ ही क्षेत्र के निरमाणो की जानकारी अवर अभियंता को देते हैं क्योंकि ये निर्माण लबे सड़क पर है इसलिए ये मान पाना तो मुश्किल है कि जे ई साहब को इसकी जानकारी नहीं होगी। इस खबर के प्रकाशन के बाद उपाध्यक्ष महोदय किस तरह की कार्यवाही करते हैं।

### संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद में जुमे नमाज शांति पूर्वक संपन्न

**संभल।** संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद मे जुमे की नमाज शांति पूर्वक संपन्न हुई पुलिस प्रशासन ने कड़े सुरक्षा के इंतजाम किये थे चपे चपे पर पुलिस पीएसी के जवान तैनात किये गये जुमे की नमाज शांति पूर्वक संपन्न होने पर पुलिस प्रशासन ने भी राहत की सास ली जनपद न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीज़न के न्यायालय में शाही जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट आज दाखिल नही की गयी इस के लिए आठ जनवरी की तारिख नियत की गई है न्यायालय मे आज सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने की तारिख नियत थी रिपोर्ट दाखिल न करने का कारण हिंसा की वजह से रिपोर्ट तैयार न होना बताया जा रहा है संभल के चन्दौसी स्थित जनपद न्यायालय मे सुरक्षा के पुलिस प्रशासन ने कड़े इंतजाम किये थे रविवार को सर्वे के दौरान ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के आसपास हुई हिंसा के कारण संभल मे तनावपूर्ण हुआ माहौल अब शांत है स्कूल कालिज खुले है शहर के बाजार भी खुल गये हैं जिससे बाजारो मे रौनक लौट आयी है और लोग अपने अपने कामो मे लग गये हैं। संभल मे ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद से बन्द इंटरनेट सेवाएं आज शाम से बहाल कर दी गयी।

# बाबू वीर विक्रम सिंह ने शिक्षा को पूरा जीवन समर्पित किया

■ सादगीपूर्वक मनाई गई बाबू वीर विक्रम सिंह की पुण्यतिथि

अवधनामा संवाददाता



**बलिया।** शिक्षक बाबू वीर विक्रम सिंह की पुण्यतिथि शुक्रवार की दोपहर एक बजे जमुआं गांव में सादगीपूर्वक मनाई गई। इस दौरान विभिन्न दलों के नेतागण व समाजसेवीगण मौजूद रहे। सभी ने स्व. बाबू वीर विक्रम सिंह के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बतौर अतिथि आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा की बाबू वीर विक्रम सिंह जी हमारे अभिभावक थे, हम लोग भी शिक्षा क्षेत्र से जुड़े है, शिक्षा क्षेत्र में किसी भी समस्या और शंका होने पर वो हमारा मार्गदर्शन करते थे। उनकी इसी शैली ने उनको छात्रों के साथ - साथ, अध्यापकों में भी लोकप्रिय बना दिया था, उनका एक सपना था कि कोई भी छात्र फेल ना हो, उसका मनोबल ना गिरे आज सरकार उसी पॉलिसी पर कार्य कर रही है। बाबू वीर विक्रम सिंह जी का योगदान कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर एआईएमआईएम नेता मुदास्सिर अंसारी, गंगा मुक्ति अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रामशंकर तिवारी, अर्जुन सिंह, प्रवीण गिरी, अरुण सिंह, सत्येंद्र यादव, धनजय सिंह, कृष्ण विक्रम सिंह, शिवम सिंह, गोलू सिंह, ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह, सत्यम सिंह, आदित्य विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनार्दन राय, व संचालन व आभार सुनीत प्रताप सिंह ने किया।

## नगर निगम ने मुसाफिरों को बचाने के लिए बनाए अस्थाई रैनबसेरा

**मथुरा।** बेसहारा लोगों और मुसाफिरों को ठंड से बचाने के लिए नगर निगम ने स्थायी रैन बसेरा तैयार करने के साथ शहर के छह स्थानों पर अस्थायी रैन बसेरा बनाए हैं। इनमें सर्दी से बचाव के सभी प्रबंध किए गए हैं। नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम के निर्माण विभाग ने नगर के अलग-अलग स्थानों पर छह अस्थायी रैन बसेरा बनाए हैं। भूतेश्वर तिराहा, नया बस स्टैंड के समीप, गोवर्धन चौराहा, रेलवे स्टेशन के समीप 2 एवं जिला अस्पताल परिसर में एक रैन बसेरा बनाया गया है। इसके अलावा बंगाली घाट, भूतेश्वर रेलवे स्टेशन एवं नगला कोल्हू में स्थायी रैन बसेरों को तैयार किया गया है। इनमें लोगों को ठंड से बचाव के लिए बेड के साथ ही गद्दे, और रजाई उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा गैस हीटर लगाए जाएंगे। सभी रैन बसेरों में देखरेख के लिए एक-एक कर्मचारी तैनात किए गए हैं। रैन बसेरा में रजिस्टर रखे गए हैं। इसमें कर्मचारी को सुविधा लेने वालों का नाम और आधार कार्ड नंबर रजिस्टर में अंकित करने के निर्देश दिए हैं।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नौ दिसंबर को

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** शाही ईदगाह परिसर विवाद से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नौ दिसंबर को होगी। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित हिंदू पक्ष के 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति की याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट की ओर खारिज किए जाने के खिलाफ दायर की गई याचिका पर नौ दिसंबर को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि वह नौ दिसंबर को दोपहर दो बजे याचिका पर विस्तृत सुनवाई करेगी। हमें यह तय करना है कि कानूनी स्थिति क्या है। प्रथम दृष्ट्या ऐसा लगता है कि हाईकोर्ट की एकल न्यायाधीश पीठ के एक अगस्त के आदेश के खिलाफ अंतर-न्यायालयीय अपील की जा सकती है। इससे पहले हाईकोर्ट ने एक अगस्त को मथुरा में मंदिर-मस्जिद विवाद से संबंधित 18 मामलों की स्थिरता को चुनौती देने वाली प्रबंधन समिति, ट्रस्ट शाही मस्जिद ईदगाह की याचिका को खारिज कर दिया था। कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि शाही ईदगाह के धार्मिक चरित्र को निर्धारित करने की आवश्यकता है। मस्जिद समिति का तर्क था कि कृष्ण जन्मभूमि मंदिर और उससे सटी मस्जिद के विवाद से संबंधित हिंदू पक्षकारों द्वारा दायर मुकदमे पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम का उल्लंघन करते हैं और इसलिए वे स्वीकार्य नहीं हैं। संसद से पारित 1991 का अधिनियम देश की आजादी के दिन से किसी भी धार्मिक स्थल के धार्मिक चरित्र को बदलने पर रोक लगाता है। इसने केवल राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को इसके दायरे से बाहर रखा। हिंदू पक्ष द्वारा दायर मामलों में औरंगजेब के समय की मस्जिद को हटाने का अनुरोध किया गया है। इसके बारे में उनका दावा है कि यह वहां पहले से मौजूद मंदिर को ध्वस्त करके बनाई गई थी। हाईकोर्ट ने कहा कि 1991 के अधिनियम में धार्मिक चरित्र शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है और विवादित स्थान का मंदिर और मस्जिद का दोहरा धार्मिक चरित्र नहीं हो सकता है, जो एक ही समय में एक दूसरे के प्रतिकूल हैं। या तो यह स्थान मंदिर है या मस्जिद। इसलिए, मेरा मानना है कि 15 अगस्त, 1947 को विवादित स्थान का धार्मिक चरित्र दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजी और मौखिक साक्ष्यों से निर्धारित किया जाना चाहिए। इससे पहले विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट में अन्य मामलों की वजह से बृहस्पतिवार को सुनवाई नहीं हो सकी। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता तनवीर अहमद ने बताया है कि 5 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सेवन रूल इलेवन याचिका पर सुनवाई की थी। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को जवाब दाखिल करने के लिए कहा था। हालांकि, बृहस्पतिवार को इस पर सुनवाई नहीं हो सकी। सेवन रूल इलेवन याचिका के तहत उन्होंने पूरा प्रकरण किसी प्रकार से कोर्ट में चलने योग्य नहीं होने की अपील की है। इसके अलावा तीन अन्य प्रार्थना पत्र सुनवाई के लिए लिस्ट नहीं हो सके हैं। उन्होंने बताया है कि चारों मामलों में इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसलों को चुनौती दी है।

## पैसे के लेनदेन में युवक को मारी गोली

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी क्षेत्र में पैसे के लेनदेन को लेकर युवक ने दूसरे युवक को गोली मार दी। पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया बताया जा रहा है कि युवक की हालत गंभीर है। गुरुवार की देर रात थाना रिफाइनरी के गायत्री विहार कॉलोनी में रुपए के लेनदेन को लेकर लखन पुत्र रविंद्र को रमन बिहारी उर्फ लखू नमक युवक ने गोली मार दी। दोनों में रूपयों का लेनदेन चल रहा था जिसमें लखू नामक युवक ने लखन को रुपए लेने के लिए बुलाया गायत्री विहार चौराहे पर रुपए लेने के इंतजार में खड़े लखन को रमन बिहारी नामक युवक ने आते ही गोली मार दी और गोली मारकर भाग गया घटना से हड़कंप मच गया। जानकारी पुलिस को दी सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। इसको लेकर परिजनों में हड़कंप मच गया और परिजन अस्पताल जा पहुंचे। पिता ने बताया कि बेटा को नामजद युवक ने रुपये के लेनदेन को लेकर गोली मार दी।

शाम के करीब चार बजे सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति के गोली लगी है। तत्काल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। जहां इसका उपचार हुआ। जो व्यक्ति ने गोली मारी थी उसका नाम है रमणबिहारी उसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिस तमंचे से फायर किया था उसे बरामद कर लिया था। दोनों के बीच लगभग 95 हजार रुपये के लेनदेन का मामला था। दोनों के बीच कहासुनी हुई थी इसके बाद रमणबिहारी ने गोली मार दी। घायल खतरे से बाहर है।
**डा. अरविंद कुमार, एसपी सिटी**

## विद्यार्थियों व शिक्षकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय पनारी में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया। टीएसआई ने कहा कि 18 वर्ष पूर्ण होने पर पहले लाइसेंस बनवाना फिर वाहन चलाना, सड़क पर स्टंट न करना,सेफ्टी बेल्ट का प्रयोग, हेलमेट लगाकर वाहन चलाना, ट्रिपलिंग न करना, डिजी लाकर ऐप में प्रपत्र रखना, दुर्घटना में घायल व्यक्ति की अविलंब मदद करना, हिट एंड रन के मामले में मिलने वाली आर्थिक मदद, आदि के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया।

# निपुण मूल्यांकन परीक्षा में शत-प्रतिशत बच्चों ने किया प्रतिभाग

■ अभिभावक सम्पर्क कर छात्र उपस्थिति बढ़ाने का करें प्रयास : बीईओ

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** विकास खण्ड मड़ावरा अंतर्गत संकुल केंद्र पारौल के समस्त विद्यालय में खंड शिक्षाधिकारी नरेश कुमार रावत के निर्देशन में एन.ए.टी. परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों के अथक प्रयास से अनेक विद्यालय के शत-प्रतिशत बच्चों ने प्रतिभाग किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बछ्रावनी में पर्यवेक्षक विशाल जैन पवा, केंद्र व्यवस्थापक राकेश नामदेव एवं अनुदेशक सुनील कुमार की देखरेख में परीक्षा का आयोजन किया गया, नामांकित सभी 50 बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। ए.आर.पी. सुरेश कुमार के नेतृत्व में कम्पोजिट विद्यालय गुरयाना में प्राथमिक के 107 के सापेक्ष 105 एवं उच्च प्राथमिक के सभी 52 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें संतोष कुशवाहा, लक्ष्मणदास, हाकम सिंह, संध्या, अनीता तिवारी एवं विनीता पाठक आदि का सहयोग रहा। वहीं कम्पोजिट विद्यालय देवरी के सभी 60 बच्चों, पूर्व माध्यमिक विद्यालय पारौल के सभी 50 बच्चों, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चांदौरा के सभी 53 बच्चों पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरौदिया के सभी 40 बच्चों ने निपुण मूल्यांकन परीक्षा में प्रतिभाग किया। जिसमें स्वाति श्रीवास्तव, प्रभा सिंह, नरेन्द्र प्रताप सिंह, आशीष तिवारी, अमित जैन, संतोष कुमार नपित, अतिम जैन, देशबंधु नरवरिया, संकुल शिक्षक आदेश पुरोहित, नितिन जैन, ज्योतिरादित्य पटेल, संजीव आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

# ज्यादा साइकिल चलाने वालों को होती है साइकिलिस्ट सिंड्रोम की समस्या, ऐसे पहचानें इसके लक्षण



साइक्लिस्ट सिंड्रोम एक क्रोनिक न्यूरोपैथी पेल्विक होता है, जोकि साइक्लिंग करने वालों में ज्यादा देखने को मिलता है। यह दर्द उन लोगों को ज्यादा होता है, जो अधिक साइकिल चलाते हैं। लेकिन इसमें कुछ अन्य कारण भी शामिल हो सकते हैं। ऐसे स्थिति होने पर जेनिटल में दर्द होता है और इस स्थिति को पहचानने में अक्सर लोग गलतियां कर देते हैं। जिसका कारण इसका ठीक से इलाज न मिल पाना भी है। ऐसे में व्यक्ति को अधिक दर्द का सामना लंबे समय तक करना पड़ सकता है। इसलिए साइक्लिस्ट सिंड्रोम को पहचानने में गलती नहीं करना चाहिए। इस सिंड्रोम को पुडेंडल न्यूरेल्जिया के नाम से भी जाना जाता है। जब पुडेंडल नर्व प्रभावित होती है, तब इस सिंड्रोम का खतरा अधिक देखने को मिलता है। इस स्थिति में जेनिटल सुन्न हो सकते हैं और 12 या 24 घंटे की साइक्लिंग के बाद दोबारा दर्द हो सकता है।

***लक्षण***

*जेनिटल्स में दर्द होना या फिर उस जगह पर सुन्न हो जाना।*

*जब आप बैठे होते हैं या फिर साइक्लिंग कर रहे होते हैं, तब दर्द और अधिक बढ़ जाना।*

*पेल्विक एरिया में दर्द इधर से उधर मूव कर रहा हो।*

*शरीर के एक या फिर दोनों साइड में दर्द होना।*

*खुजली, जलन और सुन्नपन महसूस होना।*

*पेशाब करने में या बाउल मूवमेंट में परेशानी होना।*

*सेक्सुअल डिस्फंक्शन होना।*

***कारण***

यह नाम देखकर ही आपको लग सकता है कि सिर्फ साइकिल चलाने वाले लोगों को यह स्थिति हो सकती है। लेकिन ऐसा नहीं है। ऐसा पेल्विक की मसल्स के कंप्रेशन की वजह से भी हो सकता है। जब पुड़ेंडव नर्व प्रभावित होती है, तो यह सिंड्रोम देखने को मिलता है। प्रेग्नेंसी, शरीर में एनाटोमिक असामान्यता, बच्चे को जन्म देना या फिर सर्जरी की वजह से होने वाले घावों की वजह से आपको यह स्थिति देखने को मिल सकती है।

***रिस्क फैक्टर***

बता दें कि जो लोग साइकिल चलाने के दौरान अपने पोस्चर का अच्छे से ध्यान नहीं रखते हैं, या फिर साइकिल का सेटअप अच्छे से नहीं करते हैं। उनको इस सिंड्रोम के होना का अधिक खतरा होता है। अगर आप भी साइक्लिंग करने से पहले स्ट्रेचिंग या वॉर्मअप नहीं करते हैं, तो आपको इस स्थिति का खतरा अधिक होता है। अगर आपकी कोर स्ट्रेंथ इतनी मजबूत नहीं है, तो भी आपको यह हो सकता है। जिन लोगों को पोषण और हाइड्रेशन की जरूरत पूरी नहीं होती है, तो इसका अधिक खतरा होता है।

***ऐसे करें सिंड्रोम की पहचान***

साइक्लिस्ट सिंड्रोम को पहचानने के लिए कोई खास टेस्ट नहीं बना है। लेकिन इसके कुछ लक्षणों को देखकर आप इसकी पहचान कर सकते हैं। डॉक्टर आपके दर्द के पैटर्न और इसके कारणों को समझकर इसकी स्थिति की पता लगा सकते हैं। बता दें कि न्यूरोपैथी या के इस्तेमाल से भी इस स्थिति की पहचान कर सकते हैं।

***ऐसे करें मैनेज***

इस दर्द को कम करने के लिए इलाज के कई ऑप्शन मौजूद हैं। फिजियोथेरेपी के अलावा डॉक्टर आपको कई दवाइयां दे सकते हैं। इस नर्व को ब्लॉक करने के बाद आपको राहत मिल सकती है। कई बार इसके इलाज के लिए सर्जिकल नर्व डी कंप्रेशन का भी इस्तेमाल किया जाता है। इसके साथ ही आपको साइकल को अच्छे से सेटअप करना चाहिए और एक बढ़िया पोस्चर के साथ साइकिल को चलाना चाहिए। वहीं साइकिल चलाने से पहले स्ट्रेचिंग और वॉर्मअप करना चाहिए। इसके अलावा पौष्टिक और हाइड्रेशन की जरूरत को भी पूरा करते हैं और बीच-बीच में आराम करना भी काफी जरूरी होता है।

# रामबाण हैं सर्दियों में काली गाजर का सेवन, जानें इसके 7 हेल्थ बेनिफिट्स



सर्दियों के दौरान बाजारों में हरी सब्जियों से भरे हुए है। ठंड के मौसम में मेथी, बथुआ, सरसों का साग और चने के साग खाने का एक अलग ही स्वाद मिलता है और शरीर को भी गर्म रखता है। इसके साथ ही बाजारों में गाजर और मूली भी मिल रही है, इसे कच्ची खाओ या फिर पकाकर खाएं, यह अलग स्वाद ही देती है। कम लोग ही जानते हैं काली गाजर, जिसे अक्सर देसी गाजर कहा जाता है। जबकि लाल गाजर आम हैं। काली गाजर में फाइबर, पोटेशियम, विटामिन ए और विटामिन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, काली गाजर पाचन, हृदय स्वास्थ्य और समग्र कल्याण के लिए अत्यधिक फायदेमंद बनाता है।

***काली गाजर के खाने के फायदे***

***कैंसर से बचाव***

काली गाजर में एंथोसायनिन होता है, एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो उम्र बढ़ने और कैंसर के लिए जिम्मेदार मुक्त कणों से लड़ता है। ये फाइटोन्यूट्रिएंट्स कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद करते हैं।विटामिन और फ़ूड सप्लीमेंट खरीदें

***बेहतर पाचन***

फाइबर से भरपूर, काली गाजर स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देती है और कब्ज और पेट की अन्य समस्याओं को कम करने में मदद करती है।

***हृदय स्वस्थ रहता***

काली गाजर रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकती है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम हो जाता है। काली गाजर का हलवा भी आपके दिल को फायदा पहुंचा सकता है।

***बेहतर दृष्टि होती है***

लाल गाजर की तरह, काली गाजर में विटामिन ए और बीटा-कैरोटीन उच्च मात्रा में होता है, जो आंखों के स्वास्थ्य में सहायता करता है और रेटिना को अच्छी स्थिति में रखकर दृष्टि में सुधार करता है।

***ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित करता***

कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के साथ, काली गाजर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती है, जिससे यह मधुमेह के रोगियों के लिए उपयुक्त हो जाती है।

***ग्लोइंग स्किन विटामिन और फ़ूड सप्लीमेंट खरीदें***

काली गाजर के सेवन से झुर्रियां कम होती और सूजन-रोधी लाभ प्रदान करके त्वचा के स्वास्थ्य को बढ़ाती है, जो त्वचा की समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है।

***इम्यूनिटी मजबूत होती है***


विटामिन सी और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर, काली गाजर प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देती है, सर्दी और संक्रमण से बचाती है।

# फ़्लूइड रिटेंशन की वजह से महिलाओं में हो सकता है साइक्लिक एडिमा, इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

फ्ल्यूड रिटेंशन महिलाओं में देखी जाने वाली एक स्थिति है। खासतौर पर यह सिंड्रोम जवान महिलाओं में ज्यादा देखने को मिलती है। ऐसी स्थिति में आपको सोडियम और वाटर रिटेंशन की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि इसका इलाज संभव है, लेकिन आसान नहीं। इस सिंड्रोम को ठीक करने के लिए आपको दवाओं के साथ अपनी लाइफस्टाइल और डाइट में भी बदलाव करने होते हैं। इसको पीरियॉडिक स्वेलिंग के नाम से भी जाना जाता है। इस सिंड्रोम के होने पर हाथ-पैर और मुंह पर सूजन आ जाती है। यह एक सिंड्रोम है, जो फ्ल्यूड रिटेंशन की वजह से होता है। प्रेग्नेंसी के दौरान यह मेंस्ट्रुएशन महिलाओं में ज्यादा देखने को मिलता है। इस सिंड्रोम के होने पर डायबिटीज, मानसिक सेहत खराब होना और मोटापा आदि शामिल है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस सिंड्रोम के लक्षण, कारण और इलाज के बारे में बताने जा रहे हैं।

***जानिए कैसे होते हैं लक्षण***

इस सिंड्रोम के होने पर आपको अपने शरीर के कई हिस्सों में सूजन की समस्या देखने को मिल सकती है। जैसे हाथ-पैर या मुंह पर सूजन आना। वहीं इस सिंड्रोम के लक्षण में पेट फूलने की स्थिति भी हो सकती है या फिर अचानक से आपका वेट बढ़ सकता है। वहीं पीरियड्स आने से पहले पूरी बॉडी में सूजन जैसी समस्या महसूस हो सकती हैं।



***कारण***

शायद आप कुछ ऐसी दवाओं का सेवन कर रहे हों, जिनमें लेक्सेटिव और डाइयूरेटिक आदि शामिल हों। इसकी वजह से भी आपको यह सिंड्रोम हो सकता है। इसमें उन लिंफ का विकास विफल हो जाता है, जो फ्ल्यूड को आपकी बॉडी से बाहर निकालते हैं। जिसकी वजह से फ्ल्यूड शरीर में अधिक मात्रा में एकत्र होने लगते हैं और आप को सोडियम या फिर वाटर रिटेंशन का सामना करना पड़ सकता है।

***जानिए किसमें सबसे ज्यादा रिस्क प्रेग्नेंट महिलाओं में***

बता दें कि प्रेग्नेंट महिलाएं फ्ल्यूड रिटेन अधिक कर पाती हैं। इसलिए प्रेग्नेंसी के दौराम महिलाओं में अधिक सूजन देखने को मिलती है।

***पीरियड्स के समय***

इसके अलावा जो महिलाएं मासिक साइकिल में होती हैं, उनमें भी इस संड्रोम के दिखने का चांस ज्यादा होता है। इस दौरान पेट फूलने जैसे लक्षण देखने को मिल सकते हैं।

***दवाइयां खाने वाले लोगों में***

जो लोग डायबिटीज की दवाइयों का सेवन कर रहे हैं, उनमें भी इस सिंड्रोम के होने का खतरा थोड़ा ज्यादा होता है।

***किडनी के पेशेंट में***

इसके साथ ही जो लोग किडनी के पेशेंट हैं, उनमें भी यह सिंड्रोम होने का रिस्क अधिक होता है।

***इलाज***

इस स्थिति से छुटकारा पाने के लिए आपको अपनी डाइट में कुछ बदलाव करने चाहिए। आपको अपनी डाइट में नमक की मात्र कम करनी चाहिए और ड्यूरेटिक जैसी दवाओं का सेवन बंद कर देना चाहिए। इस दौरान आपको बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचना चाहिए। हालांकि सभी लोगों को हर तरह का इलाज सूट नहीं करता है।

# उम्र से पहले ही गर्ल्स में आ रहे पीरियड्स, लड़कियों को अर्ली प्यूबर्टी से बचाने के लिए इन बातों का ध्यान रखें

आजकल कई केसेज देखने को मिल रहे है कि जिसमे बच्चियों को 8 से 10 साल की उम्र में ही पीरियड्स आ जा रहे हैं। इसके अलावा गर्ल्स के शरीर में दूसरे हार्मोनल चेंजस भी देखने को मिल रहे हैं। अभी उनका दिमाग इसके लिए अच्छे से विकसित नहीं हुआ है। दूसरी ओर, लड़के भी कई बार अर्ली प्यूबर्टी के शिकार हो रहे हैं। अगर आप भी बच्चों को उम्र से पहले बड़ा होने से बचाना चाहते है, तो उनके खाने-पीने से लेकर रोजाना की इन हरकतों का भी जरुर ध्यान रखें। क्योंकि शारीरिक और मानसिक विकास एक साथ होने की जरुरत है। ताकि बच्चे अपने शरीर और दिमाग के साथ पूरी तरह से तालमेल बिठा सकें। छोटी बच्चियों को हाइजीन के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती है। ऐसे में जल्दी पीरियड्स ना केवल उन्हें सोशली शर्मिंदा कर सकता है इसके अलावा कई सारे इंफेक्शन का कारण भी बन जाता है।

***बच्चों को ना दें एनिमल फैट***

एक शोध में पता चला है कि 3 साल से लेकर 7 साल के बच्चों को अगर एनिमल फैट ज्यादा खिलाते हैं, तो इससे बच्चों में हार्मोनल इंबैलेंस होने और जल्दी प्यूबर्टी आने का खतरा रहता है।



***दूध की मात्रा पर ध्यान देना जरुरी***

अपने बच्चों को कौन-सा दूध और कहां से खरीदकर पिला रहे हैं। इस बात का ध्यान जरुर रखें। बता दें कि, गाय-भैंस को दूध ज्यादा देने के लिए हार्मोनल इंजेक्शन दिए जाते हैं। अगर गर्ल्स ऐसा दूध पिएंगी तो शरीर में हार्मोनल गड़बड़ियां देखने को मिलेगी। ऐसे में अर्ली प्यूबर्टी की संभावना रहती है।

***शुगर***

खराब जीवनशैली के चलते कई सारी बीमारियों की जड़ शुगर है। यदि आपके बच्चे भी हद से ज्यादा मीठा खाते हैं तो उनके लिए इस आदत का कंट्रोल भी करें। इसके चक्कर में डायबिटीज और मोटापे को न्योता तो मिलता है, बल्कि इससे बच्चों में जल्द ही हार्मोनल बदलाव देखने को मिलने लगते है।

***जंकफूड खाने से बचें***

जितना हो सके जंकफूड के सेवन से दूर रहे। बच्चों को इनसे दूर रखें या फिर कम ही दें। जिससे लड़कियां मोटापे और बीमारियों के साथ ही अर्ली प्यूबर्टी से बचे रहें।

***खेल कूद की कमी***

आजकल के बच्चों का ध्यान खेल-कूद पर बिल्कुल नहीं रहता है। इसलिए जरुरी है कि आप बच्चों को रोजाना कम से कम 45 से 60 मिनट तक खेलने दें। ऐसा करने से ना केवल बच्चे फिट रहेंगे उनमें अर्ली प्यूबर्टी के लक्षण भी नहीं दिखेंगे।

***स्क्रीन क्वालिटी पर ध्यान***

दरअसल, बच्चे मोबाइल, टीवी और सोशल मीडिया पर क्या देख रहें, इस बात का भी ध्यान रखना काफी जरुरी है। ऐसे कंटेंट जो बच्चों से जुड़े नहीं हो और एडल्ट कंटेंट हैं, तो उन्हें देखने से भी बच्चों की पिट्यूटरी ग्लैड से ऐसे हार्मोस निकलने लगते हैं, जो शरीर में अर्ली प्यूबर्टी लेकर आते हैं। अपने बच्चों का फोकस नॉलेज कंटेट और बच्चों वाले कंटेंट पर भी फोकस करवाएं।

# भूलकर भी इन लोगों को चीया सीड्स सेवन नहीं करना चाहिए? हो जाएगी परेशानी

चीया सीड्स खाने से शरीर को काफी फायदा कर सकता है। इससे आप खुद को कई छोटी-बड़ी समस्याओं से बचा सकते हैं। हालांकि कुछ स्थितियों में चिया सीड्स खाना नुकसान हो सकता है। चीया सीड्स वजन घटाने में सहायक है। चीया सीड्स में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो खतरनाक बीमारियों से भी छुटकारा देता है। चीया सीड्स के लिए काफी फायदेमंद होता है। आइए जानते हैं किन लोगों को चीया सीड्स का सेवन नहीं करना चाहिए।

***चीया सीड्स फायदेमंद क्यों है?***

चीया सीड्स सेहत के लिए सबसे फायदेमंद होते हैं। चीया सीड्स में कैंसर-रोधी और एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज पाई जाती है। यह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचाने में मदद करता है । चीया सीड्स स्किन और बालों के लिए फायदेमंद होती है। इसमें विटामिन-बी1, प्रोटीन, फाइबर, आयरन, फैट, कैल्शियम, जिंक, फास्फोरस और एंटी-ऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व होते हैं। हालांकि, इन लोगों को नहीं खाना चाहिए चीया सीड्स।



***पाचन- तंत्र कमजोर होने पर न खाएं***

जिन लोगों को पाचन संबंधित परेशानियां होती हैं, उन लोगों को चीया सीड्स का सेवन नहीं करना चाहिए। चीया सीड्स में अच्छी मात्रा में फाइबर होता है, जिसे शरीर पचा नहीं पाता है।

***डायबिटीज के मरीज न खाएं***

डायबिटीज मरीजों को चीया सीड्स का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे ब्लड शुगर लेवल ज्यादा लो हो सकता है। चिया सीड्स में फाइबर होता और यह ब्लड में शुगर की मात्रा को कम करता है। इससे लो शुगर वालों की समस्या बढ़ सकती है।

***ब्लड प्रेशर के मरीज न खाएं***

अगर आप हाई ब्लड प्रेशर के मरीज हैं, तो चीया सीड्स का सेवन न करें। इसमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड में खून पतला करने वाला गुण पाया जाता है। इससे ब्लड प्रेशर काफी लो हो सकता है।

***एलर्जी से जूझ रहे लोग न खाएं***

यदि आपको स्किन एलर्जी है तो चीया सीड्स का सेवन न करें। ऐसा करने से आपको काफी नुकसान हो सकता है।

# इस अनाज के फायदे जानकर दंग रह जाएंगे आप, वजन घटाने से लेकर हड्डियों को बनाता मजबूत

सर्दियों के दौरान बाजरा का सेवन अधिक होता है, यह सेहत के साथ ही बॉडी को गर्म रखता है। वैसे तो बाजरा एक महत्वपूर्ण एवं पौष्टिक अनाज है, इसकी सर्वाधिक खेती राजस्थान में होती है। बाजरा अपने अत्यधिक पौष्टिक गुणों और विभिन्न स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। बाजरे के माध्यम से सैकड़ों व्यंजन बनाए जा सकते हैं, हालांकि बाजरे की रोटी सबसे लोकप्रिय है। सर्दियों के दौरान बाजरे की रोटी शरीर को गर्म रखने में मदद करती है। इसके अलावा बाजरे की खिचड़ी, बाजरे का दलिया और बाजरे के लड्डू भी आमतौर पर बनाये जाते हैं। बाजरा आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस और विटामिन बी से भरपूर होता है। जो मैग्नीशियम, फास्फोरस और विटामिन बी से भरपूर है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट का अच्छा स्त्रोत पाया जाता है। बाजरे में फाइबर की अधिक मात्रा होती है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ बनाए रखने में भी मदद करता है।

***बाजरा खाने के फायदे***

***पाचन में सुधार***

बाजरे में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन को बढ़ावा देता है और कब्ज से राहत दिलाने में मदद करता है। यह आंतों के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है क्योंकि यह प्राकृतिक रूप से शरीर को डिटॉक्सीफाई करता है।विटामिन और फ़ूड सप्लीमेंट खरीदें



***हार्ट स्वस्थ रखता***

बाजरा में मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे खनिज होते हैं, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रोग के खतरे को कम करने में मदद करते हैं। बाजरे के नियमित सेवन से कोलेस्ट्रॉल का लेवल कंट्रोल में रहता है, यह समग्र हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है।

***डायबिटीज में फायदेमंद***

बाजरा के सेवन से डायबिटीज का स्तर कंट्रोल किया जा सकता है, क्योंकि इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। इसका मतलब है कि यह शरीर में धीरे-धीरे शर्करा में तबदील हो जाता है। इसके साथ ही यह रक्त शर्करा के स्तर में अचानक वृद्धि को रोकने में मदद करता है, बाजरा टाइप 2 डायबिटीज वाले व्यक्तियों के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प बन जाता है।

***वजन घटाने में मदद मिलती***

बाजरा अपने उच्च फाइबर और प्रोटीन सामग्री के कारण ही वजन घटाने में सहायक होता है। इसके सेवन से पेट काफी लंबे समय तक भरा हुआ रहता है।

***हड्डियां रहती मजबूत***

बाजरा में कैल्शियम और फास्फोरस से भरपूर होता है, इसलिए इससे हड्डियां मजबूत रहती है। इसके अलावा गठिया और हड्डी से संबंधित अन्य समस्याओं जैसी स्थितियों को रोकने में मदद मिलती है।

# सर्दी से होने वाली बीमारियों से बचें, रखें आपनी सेहत का ध्यान, जानें ठंड से बचाव करने के ये उपाय

सर्दियां ने दस्तक दे चुकी है लेकिन कुछ लोग फैशन के चलते है गर्म कपड़े अभी पहनने से बच रहे हैं। अगर आप भी ऐसा कर रहे हैं, तो आप जल्द ही बीमार पड़ सकते है। सर्दियों में मस्ती भरे दिन तो जरुर होते ही साथ में कई बीमारियां भी लेकर आते हैं। ठंड के मौसम में सर्दी औप फ्लू आपको परेशान कर सकता है। अगर आप भी इस मौसम में गर्म कपड़े नहीं पहन रहे तो सर्द हवाओं के चलते आपके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाएगी। इसलिए कुछ बातों का ध्यान रखकर अपनी सेहता का ध्यान रखें।

***सर्दी के मौसम में होने वाली बीमारियां***

***सामान्य सर्दी***

इस मौसम में खांसी और जुकाम जैसी समस्या बहुज जल्द घेर लेती है। वैसे तो सामान्य रुप से होने वाली सर्दी ज्यादा परेशान तो नहीं करती लेकिन यह कई दिन चलती है। जिस वजह से आपको काफी तकलीफ हो सकती है। जैसे कि नाक से पानी बहना, गले में दर्द, तेज सिरदर्द और बलगम जमना होना। यह सब समस्याएं परेशान करती है।



***फ्लू***

ठंड के मौसम में फ्लू की बीमारी सबसे ज्यादा फैलती है। इस कारण आपके नाक, मुंह, गले और फेफड़ों को प्रभावित करता है। फ्लू के दौरान बुखार भी आ जाता है, जिस ठीक होने में 4-5 दिन लग जाते हैं। हालांकि, खांसी और गले का दर्द भी काफी परेशान करता है।

***ड्राई स्किन***

सर्दियों को दौरान ड्राई स्किन होना आम बात है। ठंड में गर्म पानी से नहाने और धूप में बैठे रहने से स्किन ड्राई होने लगती है। कई बार तो स्किन में रैशेज होने लगते है। वहीं, यूवी किरणें हमारी स्किन को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

***सर्दी में खुद का बचाव कैसे करें***

- ठंड के मौसम में साफ-सफाई का ध्यान रखना काफी जरुरी है। इस दौरान बैक्टीरियल इंफेक्शन ज्यादा फैलता है।
- जितना आराम करेंगे उतना बेस्ट है। इसके साथ ही लिक्विड चीजों का सेवन ज्यादा करें।
- अगर आपके आसपास जिन लोगों को जुकाम हो रखा है, उन सभी से दूरी बनाकर रखें। उनकी चीजों का यूज न करें।
- प्रतिदिन एक्सरसाइज करें।
- जब आपको लगे आप ज्यादा ही बीमार हैं, तो डॉक्टर को दिखाएं।
- गर्म पानी पिएं।
- जितना भी ताजे फल और हरी सब्जियों का सेवन करेंगे उतना ही अच्छा है।
- गर्म कपड़े पहनें और खुद को ठंड से बचाकर रखें।
- ड्राई स्किन से छुटकारा पाने के लिए स्किन को अच्छे से माइश्चराइज करें।

## युवक ने नर्स पर चाकू से किया हमला, शादी के लिए इनकार करने से था नाराज



**कर्नाटक।** कर्नाटक के बेलगावी शहर में एक व्यक्ति ने एक नर्स पर चाकू से हमला कर दिया। बता दें कि ये घटना एक महीने पहले 30 अक्टूबर को हुई थी। इस घटना की वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। जिस पर लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

वीडियो में दिखाया गया है कि सर्जिकल मास्क पहने हुए व्यक्ति ने नर्स को अचानक पकड़ लिया और उस पर बड़े चाकू से हमला कर दिया। नर्स ने तुरंत खुद को बचाया और हमलावर का हाथ पकड़ने में कामयाब रही। अस्पताल के कर्मचारी भी उसे बचाने के लिए आए और स्थिति को बिगड़ने से पहले ही शांत कर दिया। आरोपी की पहचान प्रकाश जाधव के रूप में हुई है। वह कथित तौर पर नर्स से शादी करना चाहता था, लेकिन उसने इनकार कर दिया। उसके इनकार से गुस्साए प्रकाश ने गुस्से में उस पर हमला कर दिया। उसे हमले के दिन ही गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ हत्या के प्रयास से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इसी तरह की एक घटना में तमिलनाडु के एक सरकारी स्कूल में 26 वर्षीय शिक्षिका की एक व्यक्ति ने हत्या कर दी, जो उससे शादी करना चाहता था। कथित तौर पर उसने शादी से इनकार करने पर उसकी हत्या कर दी। यह घटना 20 नवंबर को तमिलनाडु के तंजावुर जिले में हुई।

# बर्फबारी ने बढ़ाई ठंड, दिल्ली, यूपी-बिहार में घना कोहरा, तमिलनाडु में तूफान फेंगल की चेतावनी

**विभाग**

**दिल्ली, यूपी, पंजाब समेत पूरे उत्तर भारत में ठंड बढ़ने लगी है। इसकी के साथ मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।**



**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी होने से अब मैदानी इलाकों पर असर दिखने लगा है। दिल्ली, यूपी, पंजाब समेत पूरे उत्तर भारत में ठंड बढ़ने लगी है। इसकी के साथ मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में अगले कुछ दिन कोहरे का प्रकोप देखने को मिलेगा। वहीं, कश्मीर और हिमाचल में बर्फबारी का दौर चल रहा है। कश्मीर के कई इलाकों में गुरुवार को भी बर्फबारी हुई है। मैदानी इलाकों में पड़ रही ठंड का पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का सीधा कनेक्शन हैं। दरअसल पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाओं ने दिल्ली, हरियाणा, यूपी के कई शहरों का तापमान गिरा दिया है। अगले तीन में मौसम तेजी से बदलेगा। मौसमी उतार चढ़ाव के बीच शुक्रवार को वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में बरकरार रही। दिल्ली का एक्यूआई 400 से नीचे ही रहा। किसी भी इलाके हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज नहीं हुई। एनसीआर के शहरों में भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिली। दूसरी तरफ दिल्ली में बृहस्पतिवार की सुबह सीजन की सबसे ठंडी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी एयर क्वालिटी बुलेटिन के अनुसार बृहस्पतिवार को दिल्ली का एक्यूआई 325 रहा। एक दिन पहले बुधवार को यह 303 रिकार्ड हुआ था। यानी 24 घंटे के भीतर इसमें 22 अंकों का इजाफा देखने को मिला। स्विस ऐप आईक्यू एयर पर यह 315 रिकॉर्ड हुआ। वहीं दिल्ली के 39 में से 31 मॉनिटरिंग स्टेशनों की हवा बहुत खराब, सात की खराब और एक बवाना की गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। दूसरी तरफ बृहस्पतिवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर पर 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस सीजन का अभी तक का सबसे कम है। इससे पहले हाल ही में 10.2 डिग्री दर्ज किया गया था। अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 27.0 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर 97 से 35 दर्ज हुआ।

बंगाल की खाड़ी में उठ रहे फेंगल चक्रवात के अगले एक-दो दिन में गहराने की आशंका के चलते भारतीय नौसेना इससे निपटने को तैयार है। तमिलनाडु के तट पर इस चक्रवात के आने से होने वाले असर को भांपते हुए भारतीय नौसेना मुख्यालय के साथ पूर्वी कमांड और तमिलनाडु एवं पुडुचेरी नौसेना इलाके ने एक व्यापक आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली को सक्रिय कर दिया है। इसके अंतर्गत आपदा में राहत, मानवीय सहायता और खोज एवं बचाव कार्य किए जाने की प्रक्रिया शामिल है। इसकी तैयारी के रूप में नौसेना प्रदेश एवं नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर सभी संभावित स्थानों पर मदद पहुंचाने के लिए जरूरी चीजें-सेवाएं जुटा रही है। इनमें वाहनों में भोजन, पेयजल, दवाओं के साथ आपदा में राहत और मानवीय सहायता से संबंधित चीजों को लादने के साथ तेज प्रतिक्रिया के लिए बाढ़ राहत टीमों की तैनाती शामिल है। वहीं, गोताखोर टीमों को आपातकालीन बचाव कार्य के लिए तैयार रखा गया है।

**साइबर ठगी के लिए युवाओं को करते थे प्रताड़ित, कंबोडिया ले जाने वाले नेटवर्क पर कसा शिकंजा**

**नई दिल्ली।** साइबर ठगी के लिए युवाओं को कंबोडिया ले जाने वाले गिरोह के नेटवर्क पर एनआइए का शिकंजा कस गया है। जुलाई में एफआइआर दर्ज करने के बाद एनआइए ने गिरोह से जुड़े छह राज्यों के 22 स्थानों पर छापा मारा। एनआइए ने छापे में युवाओं के साथ धोखाधड़ी के अहम सबूत मिलने का दावा किया है। एनआइए को दिये बयान में इसके पीड़ितों ने कंबोडिया पहुंचने पर साइबर ठगी से मना करने पर इलेक्ट्रिक शॉक (बिजली के झटके) तक की यातना देने का आरोप लगाया है। एनआइए के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गोपालगंज में स्थानीय पुलिस ने एमके ट्रेनिंग सेंटर के प्रह्लाद सिंह के खिलाफ एफआइआर दर्ज की थी। एफआइआर में प्रह्लाद सिंह के खिलाफ एक स्थानीय युवक को विदेश में बेहतर नौकरी का झांका देकर कंबोडिया भेजने और वहां बंधक बनाकर जबरन साइबर ठगी कराने का आरोप था।

## अदाणी मुद्दे पर नहीं थम रहा हंगामा, संसद तीसरे दिन भी ठप; सांसदों ने वेल में आकर की नारेबाजी

**नई दिल्ली।** विपक्षी सांसदों के एजेंडे में वैसे तो अदाणी, मणिपुर, संभल की घटना और वायु प्रदूषण जैसे कई मुद्दे हैं लेकिन संसद में सबसे अधिक शोरगुल अदाणी मुद्दे पर ही है। शीत सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को भी विपक्ष ने अदाणी मुद्दे की जेपीसी जांच और संभल की घटना पर दोनों सदनों में जोरदार हंगामा किया। तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर लगभग सभी विपक्षी दलों के सांसद इसमें शामिल थे। इसके चलते दोनों ही सदनों का कामकाज ठप रहा। विपक्षी सांसदो को समझाने की कोशिश भी की गई, लेकिन उनके रुख में कोई बदलाव नहीं दिखा। आखिरकार दोनों सदनों की कार्यवाही को पहले दोपहर 12 बजे तक के लिए बाद में पूरे दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। संसद में गुरुवार को हंगामे की यह शुरुआत लोकसभा से हुई, जब दो नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने के बाद जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ।

## कनाडा सरकार ने की भारतीय राजनयिकों की ऑडियो-वीडियो निगरानी



**नई दिल्ली।** वैंकुवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने हाल ही में बताया कि कनाडा सरकार द्वारा उन्हें बताया गया था कि उनकी आडियो-वीडियो निगरानी की जा रही थी और उनकी निजी बातचीत को भी देखा-सुना गया। यह जानकारी गुरुवार को केंद्र सरकार द्वारा राज्यसभा में दी गई। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि स्थिर द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक-दूसरे की चिंताओं, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करना जरूरी है। हाल ही में जब वैंकुवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों की कनाडा द्वारा आडियो-वीडियो निगरानी की बात पता चली, तब भारत सरकार ने 2 नवंबर 2024 को राजनयिक प्राविधानों के कड़े उल्लंघन को लेकर कनाडाई उच्चायोग के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया। वहीं, एक अन्य सवाल के जवाब में सिंह ने बताया कि भारत और कनाडा सरकार द्विपक्षीय संबंधों के स्थायित्व को लेकर संपर्क में हैं। भारत बार-बार कनाडाई सरकार से उसकी जमीन से काम करने में जुटे भारत-विरोधी तत्वों के खिलाफ तेज और प्रभावी कार्रवाई के लिए कहता रहा है। इसमें अलगाववादी और चरमपंथी तत्वों को हमारे नेताओं की हत्या का महिमामंडन करने से रोकना भी शामिल है, जो हमारे वर्तमान राजनीतिक नेतृत्व और राजनयिकों को पूजा स्थलों का अनादर और तोड़फोड़ करने की धमकियां दे रहे हैं।

# साइबर ठगी के लिए युवाओं को करते थे प्रताड़ित, कंबोडिया ले जाने वाले नेटवर्क पर कसा शिकंजा

**पूछताछ**

**एनआइए इस मामले में कई संदिग्धों से पूछताछ कर रही है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है।**



**नई दिल्ली।** साइबर ठगी के लिए युवाओं को कंबोडिया ले जाने वाले गिरोह के नेटवर्क पर एनआइए का शिकंजा कस गया है। जुलाई में एफआइआर दर्ज करने के बाद एनआइए ने गिरोह से जुड़े छह राज्यों के 22 स्थानों पर छापा मारा। एनआइए ने छापे में युवाओं के साथ धोखाधड़ी के अहम सबूत मिलने का दावा किया है। एनआइए को दिये बयान में इसके पीड़ितों ने कंबोडिया पहुंचने पर साइबर ठगी से मना करने पर इलेक्ट्रिक शॉक (बिजली के झटके) तक की यातना देने का आरोप लगाया है। एनआइए के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गोपालगंज में स्थानीय पुलिस ने एमके ट्रेनिंग सेंटर के प्रह्लाद सिंह के खिलाफ एफआइआर दर्ज की थी। एफआइआर में प्रह्लाद सिंह के खिलाफ एक स्थानीय युवक को विदेश में बेहतर नौकरी का झांका देकर कंबोडिया भेजने और वहां बंधक बनाकर जबरन साइबर ठगी कराने का आरोप था। आरोप की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय गृहमंत्रालय ने मामले की जांच जुलाई में एनआइए को सौंप दी थी। पांच महीने तक गहन पड़ताल के बाद इस धोखाधड़ी के नेटवर्क के तार छह राज्यों बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र और पंजाब तक फैले होने के सबूत मिले हैं। इसके बाद गुरूवार को एनआइए ने इन राज्यों में इस गिरोह से जुड़े 22 ठिकानों पर छापा मारा गया। एनआइए इस मामले में कई संदिग्धों से पूछताछ कर रही है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है। एनआइए के अनुसार एक बार अच्छी नौकरी का झांसा देकर कंबोडिया ले जाने के बाद गिरोह के सदस्य युवाओं को साइबर ठगी करने वाले फर्जी कंपनियों को सौंप देते थे, जहां उनसे पासपोर्ट छिन लिया जाता था। पीड़ित युवाओं ने बताया कि साइबर ठगी से मना करने पर उन्हें तरह-तरह से प्रताड़ित किया जाता था। गुरूवार को मारे गये छापे में एनआइए ने बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, हार्ड ड्राइव, मेमोरी कार्ड, लैपटाप व अन्य दस्तावेज बरामद होने का दावा किया है। इसके साथ ही 34.80 लाख रुपये नकद और संपत्ति व वित्तीय निवेश से जुड़े भी दस्तावेज भी बरामद किये गए हैं।

## जेनेटिक डिसऑर्डर के साथ पैदा हुआ बच्चा, चार डॉक्टरों पर केस दर्ज

**अलप्पुझा।** केरल में एक नवजात शिशु में जेनेटिक डिसऑर्डर का पता नहीं लगाने को लेकर चार डॉक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अलप्पुझा दक्षिण पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जिन डॉक्टरों पर आरोप लगाया गया है, उनमें कडप्पुरम सरकारी महिला एवं बाल अस्पताल की दो महिला चिकित्सक और निजी जांच प्रयोगशाला के दो डॉक्टर शामिल हैं। यह संभवत÷ अपने तरह का पहला मामला है, जब जेनेटिक डिसआर्डर के साथ शिशु का जन्म होने पर डाक्टरों पर मुकदमा किया गया है। पुलिस ने अलप्पुझा के एक दंपती अनीश और सुरुमी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की। दंपती ने आरोप लगाया कि प्रसव पूर्व जांच के दौरान डॉक्टर आनुवंशिक विकृतियों का पता लगाने में विफल रहे और इसके बजाय उन्हें आश्वासन दिया कि रिपोर्ट सामान्य है। बता दें दंपती ने यह भी दावा किया कि उन्हें प्रसव के चार दिन बाद ही बच्चा दिखाया गया। प्राथमिकी में कहा गया कि सुरुमी को प्रसव के लिए कडप्पुरम महिला एवं बाल अस्पताल में 30 अक्टूबर को भर्ती कराया गया था। हालांकि, भ्रूण की हरकत और धड़कन नहीं होने का हवाला देते हुए उसे अलप्पुझा के वंदनम में सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमसीएच) में रेफर कर दिया गया। गौरतलब है कि एमसीएच में आठ नवंबर को सर्जरी के बाद बच्चे का जन्म हुआ और उसमें गंभीर आंतरिक और बाहरी विकृतियां पाई गईं। इस बीच, आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए एक आरोपित डॉक्टर ने कहा कि उन्होंने सुरुमी का इलाज केवल गर्भावस्था के शुरुआती माह के दौरान किया था। उसने कहा कि मैंने गर्भावस्था के शुरुआती तीन माह तक उसकी देखभाल की। मुझे दिखाई गई रिपोर्ट में भ्रूण के विकास में समस्याएं बताई गई थीं। हालांकि, जांच प्रयोगशाला से जुड़े चिकित्सकों ने कहा कि रिपोर्ट में कोई गलती नहीं है।

## शेख हसीना की कम नहीं हो रही मुश्किलें, बांग्लादेश सरकार आईसीसी टीमें मुकदमा चलाने की कर रही तैयारी



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं।मिली जानकारी के अनुसार, अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के कार्यालय ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में मुकदमा चलाने की मांग की है, जबकि मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में हसीना घरेलू न्यायाधिकरण में मुकदमे का सामना कर रही हैं। मुख्य सलाहकार के प्रेस विंग के एक अधिकारी ने कहा, मुख्य सलाहकार यूनुस ने हसीना के मुकदमे के मुद्दे पर अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के अभियोजक करीम ए खान के साथ चर्चा की, जो उनसे उनके आधिकारिक जमुना आवास पर मिले। विवादास्पद नौकरी कोटा प्रणाली को लेकर अवामी लीग के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध के बाद हसीना 5 अगस्त को भारत आ गईं थी। तीन दिन बाद, नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने कहा कि यूनुस ने बुधवार को खान के साथ अपनी बैठक के दौरान उन्हें बताया कि जुलाई-अगस्त के जन विद्रोह के दौरान नरसंहार को अंजाम देने और उनके शासन के पिछले 15 वर्षों के दौरान लोगों को जबरन गायब करने के आरोपों को लेकर बांग्लादेश हसीना और उनके सहयोगियों के खिलाफ आरोपों को आगे बढ़ाएगा। बांग्लादेश के आंतरिक अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) में हसीना और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों के खिलाफ दर्जनों मामले चल रहे हैं, जिनमें से कई या तो जेल में हैं या देश-विदेश में फरार हैं, जबकि ढाका ने भारत से उनकी वापसी के लिए इंटरपोल से मदद मांगी है। हालांकि, आईसीसी अभियोजक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय आईसीटी-बीडी को सहयोग देना चाहेगा, जिसने अब तक हसीना और उनकी अवामी लीग पार्टी के कई शीर्ष सदस्यों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। प्रेस विंग के अनुसार, दोनों ने चर्चा के दौरान रोहिंग्या संकट और उनके लिए मानवीय सहायता, म्यांमार की स्थिति के साथ-साथ बांग्लादेश में जुलाई-अगस्त के जन आंदोलन के दौरान अत्याचारों के अभियोजन और जवाबदेही पर भी चर्चा की। खान ने यूनुस को बताया कि उनके कार्यालय ने रोहिंग्याओं के साथ व्यवहार के संबंध में मानवता के खिलाफ अपराध के लिए म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख मिन आंग हलिंग के खिलाफ औपचारिक रूप से गिरफ्तारी वारंट मांगा है।

## इस सप्ताह ब्रिटेन में 411 मील लंबा बर्फीला तूफान आने की आशंका, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

**लंदन।** यू.के. के बड़े हिस्से में भयंकर मौसम की चेतावनी दी गई है, क्योंकि 411 मील (661 किमी) लंबा बर्फीला तूफान छुट्टियों के मौसम से पहले तापमान को गिराने वाला है। पूरे देश में मौसम के नक्शे नारंगी हो गए हैं और यात्रियों के लिए अलर्ट जारी किए गए हैं। WX चार्ट के अनुमानों के अनुसार, 30 नवंबर से 9 दिसंबर के लिए लंबी दूरी का पूर्वानुमान जारी किया गया है, जिसमें 7 दिसंबर को बर्फबारी हो सकती है। न्यूकैसल, कुम्ब्रिया, नॉर्थम्बरलैंड और ग्रेटर मैनचेस्टर के कुछ हिस्सों में भी इसका बर्फबारी का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने अपनी चेतावनी में कहा, अधिकतर शुष्क, स्थिर मौसम के बीच कुछ समय के लिए अस्थिर मौसम की स्थिति भी हो सकती है, हालांकि कम दबाव वाले क्षेत्र संभवतः यूके को पार कर सकते हैं, जिससे हवा और बारिश के कुछ दौर आ सकते हैं।

# फेल हो चुकी है यूनुस सरकार, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले को लेकर आया SCIRF के पूर्व अफसर का बयान

**समुदाय**

**मैं बिल्कुल स्पष्ट होना चाहता हूँ कि वैश्विक ईसाई समुदाय बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ खड़ा है।**



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के पूर्व आयुक्त जॉनी मूर ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश में ऐसा कोई अल्पसंख्यक नहीं है जो इस समय खतरे में महसूस न कर रहा हो और मुहम्मद यूनुस विफल हो रहे हैं। एएनआई को दिए गए इंटरव्यू में मूर ने कहा कि खतरे में पड़े लोगों की सुरक्षा करना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि यह न केवल बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए अस्तित्व के खतरे का क्षण है। मूर ने बांग्लादेश पुलिस द्वारा पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की आलोचना की और कहा कि अल्पसंख्यकों के बीच यह धारणा है कि अगर वे उनके पीछे पड़ेंगे, तो वे हममें से किसी के पीछे पड़ेंगे। उन्होंने कहा, बांग्लादेश सिर्फ मुस्लिम देश नहीं है। यह मुस्लिम बहुल देश है, जिसमें बहुत से अल्पसंख्यक हैं। देश में ऐसा कोई अल्पसंख्यक नहीं है जो इस समय खतरे में न महसूस कर रहा हो। हाल के दिनों में यह वैश्विक स्तर पर स्पष्ट हो गया है, क्योंकि यह हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारी न सिर्फ हिंदू बांग्लादेशी समुदाय के नेता की है, बल्कि वास्तव में एक बहुत ही गंभीर धार्मिक व्यक्ति की है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि धारणा यह है कि अगर वे उसके पीछे पड़ेंगे, तो वे हममें से किसी के भी पीछे पड़ सकते हैं। मैं बिल्कुल स्पष्ट होना चाहता हूँ कि वैश्विक ईसाई समुदाय बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ खड़ा है। खतरे में पड़े लोगों की रक्षा करना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। बांग्लादेश के धार्मिक अल्पसंख्यक अब वास्तव में इसे महसूस कर रहे हैं और वे हमारे समर्थन के हकदार हैं। उन्होंने कहा, हमें यकीन नहीं है कि यह वास्तव में कौन कर रहा है, लेकिन मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि जिस तरह से मैं इसे देखता हूं, मोहम्मद यूनुस विफल हो रहे हैं। यही बांग्लादेश में हो रहा है। देश के नेता के रूप में, देश के अंतरिम नेता के रूप में, बांग्लादेशी लोगों के लिए कोई आकांक्षा नहीं है। यदि आप नागरिक समाज के एक बहुत ही सरल घटक का प्रबंधन नहीं कर सकते हैं, जो कि आपको लोगों की रक्षा करनी है, लोगों को सुरक्षित रखना है। यदि कानून का शासन इतना अक्षम हो जाता है कि उचित प्रक्रिया प्राप्त करने के बजाय, एक वकील को मार दिया जाता है। यह अविश्वसनीय है, मैं बांग्लादेशी सरकार में यूनुस की प्रतिक्रिया से चकित था। वे कह रहे हैं कि यह अतिशयोक्ति है। वे कह रहे हैं कि यह उतना बड़ा मामला नहीं है जितना लगता है। मूर ने कहा कि बांग्लादेश से जो दृश्य और रिपोर्ट आ रही हैं, उनसे पता चलता है कि कैसे एक हिंदू पुजारी को पहले गिरफ्तार किया गया और फिर स्थानीय अदालत ने उसे जमानत देने से इनकार कर दिया। मूर ने कहा, फिर पुजारी का बचाव करने वाले वकील को अदालत के बाहर विरोध प्रदर्शनों के बीच मार दिया गया, जहाँ प्रदर्शनकारियों ने वकील को उसके चैंबर से घसीटकर मार डाला।

## रूस का यूक्रेनी संयंत्रों पर बड़ा हमला, 10 लाख लोग अंधेरे में

**खिलाफ**


**हम अपने पास उपलब्ध सभी विध्वंसकारी हथियारों का इस्तेमाल उसके खिलाफ करेंगे।**



**कीव।** रूस ने गुरुवार को यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर इस महीने में दूसरी बार बड़ा हवाई हमला किया। इस हमले के कारण यूक्रेन के मध्य, पश्चिम और दक्षिण भागों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इससे भीषण ठंड के मौसम में 10 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। यह रूसी हमला तब हुआ है जब शीत लहर का दौर करीब है। उस दौरान प्रभावित इलाकों का तापमान शून्य के करीब रहता है और उस समय घरों और कार्यालयों को गर्म रखने के लिए बिजली की जरूरत होती है।

यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि इस वर्ष मार्च से यूक्रेन के बिजली संयंत्रों पर रूस का यह 11 वां बड़ा हमला था। इनसे यूक्रेन की आधी से ज्यादा विद्युत क्षमता नष्ट हो चुकी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि गुरुवार के हमले में रूस ने क्रूज मिसाइलों और क्लस्टर बमों का इस्तेमाल किया। यूक्रेनी वायुसेना ने दावा किया है कि हमले के लिए आई रूस की 91 मिसाइलों में से 79 को और 35 ड्रोन को आकाश में ही नष्ट कर दिया गया। फरवरी 2022 से जारी युद्ध में इसी महीने अमेरिका और ब्रिटेन ने अपनी मिसाइलों से रूस के अंदरूनी हिस्सों में हमले की यूक्रेन को अनुमति दी है तो जवाब में रूस ने अपनी नई हाइपरसोनिक बैलेस्टिक मिसाइल से हमला कर कड़े जवाब का संदेश दिया है, उसके हमले भी तेज हुए हैं। यूक्रेन को अगर परमाणु हथियार मिलते हैं तो रूस अपने पास उपलब्ध सभी हथियारों का इस्तेमाल उसके खिलाफ करेगा। यह बात रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में प्रेस कान्फ्रेंस में कही है। पुतिन की यह प्रतिक्रिया उस प्रश्न के उत्तर में आई है जिसमें उनसे न्यूयार्क टाइम्स में प्रकाशित उस रिपोर्ट के बारे में पूछा गया था जिसमें कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन जनवरी में पद छोड़ने से पहले यूक्रेन को परमाणु हथियार दे सकते हैं। पुतिन ने कहा कि अगर हमसे लड़ रहा देश परमाणु शक्ति संपन्न बनता है तो हमें क्या करना चाहिए ? इसका जवाब स्पष्ट है। हम अपने पास उपलब्ध सभी विध्वंसकारी हथियारों का इस्तेमाल उसके खिलाफ करेंगे। पुतिन ने कहा, हमारी नजर हर गतिविधि पर है। अगर कोई आधिकारिक रूप से परमाणु हथियार का हस्तांतरण करता है तो वह परमाणु अप्रसार संधि का उल्लंघन होगा। उन्होंने कहा, यूक्रेन खुद परमाणु हथियार नहीं बना सकता है। हां, वह कुछ डर्टी बम तैयार कर सकता है जिनमें रेडियोएक्टिव तत्वों का इस्तेमाल हो सकता है। ऐसे बम विकिरण पैदा कर कुछ लोगों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# बौखलाए पुतिन, यूक्रेन को दी हाइपरसोनिक मिसाइल दागने की धमकी; 100 ड्रोन से किया बड़ा हमला



**कीव।** अमेरिकी और ब्रिटिश हथियारों से मॉस्को पर हमले के बाद से ही रूसी राष्ट्रपति पुतिन के सब्र का बांध टूट चुका है। अब उनके निर्देश पर रूसी सेना कीव में तबाही मचा रही है। बुधवार को यूक्रेन पर 90 से ज्यादा मिसाइल और 100 ड्रोन दागे गए। इससे यूक्रेन दहल उठा। इतना ही नहीं, पुतिन ने अब यूक्रेन पर हाईपरसोनिक मिसाइल से हमले की धमकी जारी की है।

यह धमकी मॉस्को द्वारा यूक्रेन के ऊर्जा ग्रिड पर हमला करने के कुछ घंटों बाद दी गई। इस हमले के कारण दस लाख लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं।

कीव ने कहा कि रूस ने इस हमले के दौरान 90 से अधिक मिसाइलें और लगभग 100 ड्रोन दागे, जिसे क्रेमलिन प्रमुख ने पश्चिमी मिसाइलों के साथ अपने क्षेत्र पर यूक्रेनी हमलों का ÷जवाब÷ कहा।

लगभग तीन साल से चल रहे इस युद्ध में हाल के दिनों में तीव्र वृद्धि देखी गई है, तथा दोनों पक्ष जनवरी में अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पदभार ग्रहण करने से पहले बढ़त हासिल करने के प्रयास में नए हथियारों की तैनाती कर रहे हैं।

पुतिन ने कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में एक संवाददाता सम्मेलन में हाइपरसोनिक मिसाइल का जिक्र करते हुए कहा, हम कीव सहित सैन्य, सैन्य-औद्योगिक या निर्णय लेने वाले केंद्रों के खिलाफ ओरेशनिक के इस्तेमाल की संभावना से इनकार नहीं करते हैं।

रूस ने पिछले सप्ताह यूक्रेन पर अपनी नई ओरेशनिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था और पुतिन ने गुरुवार को दावा किया कि एक साथ कई हथियारों को दागने से परमाणु हमले या ÷उल्कापिंड÷ के प्रहार के बराबर बल होगा।

उन्होंने पहले कहा था कि रात भर की बमबारी ÷हमारे क्षेत्र पर (अमेरिकी) ATACMS मिसाइलों द्वारा लगातार किए जा रहे हमलों का जवाब है। पुतिन ने यह भी दावा किया कि रूस को पता है कि कीव को कितने लंबी दूरी के हथियार दिए गए हैं और वे कहां स्थित हैं।

पोलिश प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा कि कीव पर हमला करने की पुतिन की धमकी ÷कमजोरी का सबूत÷ है और कहा कि पश्चिम उनके शब्दों से परेशान नहीं होगा।

ताजा हमले ऐसे समय में हुए हैं जब यूक्रेन के लोग भंयकर सर्दियों के लिए तैयार हैं, क्योंकि लगभग तीन साल के युद्ध के कारण उनका अधिकांश ऊर्जा बुनियादी ढांचा पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुका है और रूसी सैनिक पूर्वी यूक्रेन में आगे बढ़ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ सप्ताहों में तनाव काफी बढ़ गया है, क्योंकि दोनों पक्ष जनवरी में ट्रम्प के शपथ ग्रहण से पहले युद्ध के मैदान में बढ़त हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

पुतिन ने संकेत दिया कि उन्हें ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल से उम्मीदें हैं, उन्होंने गुरुवार को रिपब्लिकन को एक ÷बुद्धिमान व्यक्ति बताया, जो ÷समाधान÷ खोजने में सक्षम है, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वह किस बारे में बात कर रहे थे।

रूसी नेता ने रात भर की बमबारी के कुछ घंटों बाद बात की, जिससे यूक्रेन के पश्चिमी लविवि क्षेत्र में पाँच लाख से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली गुल हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि पश्चिमी रिव्ने क्षेत्र में 280,000 और उत्तर-पश्चिमी वोलिन क्षेत्र में 215,000 लोगों की बिजली भी चली गई। यूक्रेन की आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि रूस द्वारा रात में किए गए हमलों से देश भर के 14 क्षेत्रों में नुकसान हुआ है, जिसमें देश का पश्चिमी भाग सबसे अधिक प्रभावित हुआ है।

जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने हमले के दौरान ÷क्लस्टर गोला-बारूद÷ भी दागा था, इसे ÷रूसी आतंकवादी रणनीति का बहुत ही घृणित विस्तार÷ कहा गया।

# बास्केटबाल के मैच में मो0 हसन की टीम ने खिताब पर किया कब्जा

**बॉक्सिंग खेल में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** क्रीड़ा अधिकारी ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के निर्देश के क्रम में 29 नवम्बर 2024 को तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर के बास्केटबाल कोर्ट पर जनपद स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता एवं बॉक्सिंग रिंग में जनपद स्तरीय बालक/बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल कार्यालय, जौनपुर द्वारा किया गया। बास्केटबाल प्रतियोगिता में जनपद की 07 टीमों ने अपनी प्रविष्टि दी। प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ0 ओ0पी0 सिंह, प्राचार्य, तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 विजय कुमार सिंह, चीफ प्रॉक्टर, संगीत के आचार्य डॉ0 नरेन्द्र पाठक तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर उपस्थित थे जिनका माल्यार्पण कर स्वागत डॉ0 अतुल सिन्हा, क्रीड़ा अधिकारी, व चन्दन सिंह उप क्रीड़ा अधिकारी द्वारा किया गया। बास्केटबाल मैच के पहले चक्र में एक मैच बाई रहा एवं 02 टीमों फारफीट रही। द्वितीय चक्र का पहला मैच एस0एस0 पब्लिक स्कूल जौनपुर तथा मॉ दुर्गा जी सीनियर सेकेण्डरी विद्यालय के मध्य खेला गया जिसमें मॉ दुर्गा की टीम 21-18 से विजेता हुई, इस विजय में मॉ दुर्गा के यथार्थ ने बहुत ही सराहनीय प्रदर्शन किया तथा मॉ0 दुर्गा टीम के प्रशिक्षक मयंक का भी इस जीत में अहम योगदान रहा। अगला मैच मो0 हसन इण्टर कालेज व दिवाकर क्लब के मध्य खेला गया जिसमें मो0 हसन की टीम 20-07 से विजेता हुई। मो0 हसन की टीम से अकील ने अपनी टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन किय। फाइनल मैच मॉ दुर्गा व मो0 हसन की टीम के मध्य खेला गया जिसमें मो0 हसन की टीम ने मॉ दुर्गा को बेहतर रणनीति अपनाते हुए 31-14 से पराजित किया। मो0 हसन की ओर अकील और प्रियान्शु ने अच्छा प्रदर्शन किया। मो0 हसन टीम की जीत में टीम के प्रशिक्षक रहमतउल्लाह का योगदान बहुत ही अच्छा रहा। बास्केटबाल के निर्णायक के रूप में रहमतउल्लाह, विवेक श्रीवास्तव, दिवाकर सिंह, नीरज कुमार, श्रवण कुमार मौर्या व चन्दन सिंह रहे।

जूनियर बालिका बॉक्सिंग (44-46 किग्रा भारवर्ग में) का परिणाम इस प्रकार है- प्रथम- अक्षरा विश्वकर्मा, द्वितीय- लक्ष्मी सिंह, संयुक्त रूप से तृतीय- अंजली एवं संध्या यादव, (48-50 किग्रा भारवर्ग में)- प्रथम- अदिति विश्वकर्मा, द्वितीय- धम्मरत्ना बौद्ध, संयुक्त रूप से तृतीय-सरस्वती एवं खुशी विश्वकर्मा जूनियर बालक बॉक्सिंग- (54-57 किग्रा भारवर्ग में)- प्रथम- मो0 फैज, द्वितीय-युवराज, संयुक्त रूप से तृतीय-स्नेहिल श्रीवास्तव, अंश मौर्या, (44-46 किग्रा भारवर्ग में)- प्रथम- बुद्धघीरज बौद्ध, द्वितीय- अंश विश्वकर्मा, तृतीय- प्रथम तिवारी, (46-50 किग्रा भारवर्ग में)- प्रथम- आदित्य कुमार, द्वितीय- प्रिन्स यादव, संयुक्त रूप से तृतीय- माइकल व आदित्य कुमार। बॉक्सिंग के निर्णायक के रूप में श्री शशि कुमार यादव, सिद्धार्थ यादव, आर्यन यादव, सिद्धार्थ कुमार, मुकेश कुमार, अक्षय विश्वकर्मा, नवनीत पाल टाइगर आदि थे। समस्त विजेता व उप विजेता टीमों के साथ बॉक्सिंग के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण डॉ0 अतुल सिन्हा, क्रीड़ा अधिकारी जौनपुर द्वारा किया गया।

## डॉ विमला शक्ति लाइफटाइम अवार्ड से सम्मानित

**प्रयागराज।** सुप्रसिद्ध शिक्षाविद, साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ विमला व्यास को अभी हाल में कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में इंडो यूरोपियन चैंबर ऑफ स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज द्वारा आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि महारानी रोहिणी कुमारी, करौली स्टेट, राजस्थान द्वारा प्रतिष्ठित शक्ति लाइफटाइम अवार्ड और 17वें राष्ट्रीय महिला उत्कृष्टता पुरस्कार, 2024 से सम्मानित किया गया। डॉ विमला व्यास ने महिला स्वावलंबन, शिक्षा और सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है! जिनका देश भर में हजारों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। लड़कियों और महिलाओं को शिक्षित करके सशक्त बनाने, उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की दिशा में उनके अथक प्रयासों ने उन्हें व्यापक मान्यता और प्रशंसा दिलाई है। शक्ति लाइफटाइम अवार्ड जो देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के मद्देनजर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लड़कियों और महिलाओं को सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं को मान्यता देता है।

# बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त जिला समन्वयक एवं खंड शिक्षा अधिकारी के सहयोग से वर्तमान लक्ष्य 1890 के सापेक्ष 1890 विद्यालयों का निरीक्षण शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

जिलाधिकारी द्वारा डायट एसेसमेंट, निपुण विद्यालय, मध्यान्ह भोजन, कायाकल्प, ब्लॉकवार डीबीटी पेंडेंसी आदि की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि मध्याह्न भोजन में बच्चों को आंवले का अचार भी दिया जाए। जनपद स्तरीय अधिकारी नियमित अंतराल पर कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में रविवार को स्वयं जाकर बच्चों के साथ भोजन करें तथा उन्हें प्रोत्साहित करें। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि मध्याह्न भोजन के अंतर्गत निर्धारित मीनू के अनुसार बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाए। इसके साथ ही बच्चों की उपस्थिति बढ़ाए जाने हेतु प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षक समय से उपस्थित रहे। बच्चों को विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारयुक्त शिक्षा दी जाए। कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। सभी जिलास्तरीय अधिकारी की रोस्टर वार ड्यूटी लगायी जाये कि 19 कस्तूरबा मे महीने मे दो बार जाकर बच्चो के साथ भोजन करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, सम्बन्धित अधिकारीगण, कर्मचारीगण, खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बदलापुर महोत्सव समिति के साथ विधायक ने की बैठक



**असम के राज्यपाल 551 विवाहित जोड़ों को देंगे आशीर्वाद**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** बदलापुर महोत्सव (07 और 08 दिसम्बर 2024) के आयोजन के सम्बन्ध में सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज, बदलापुर में बदलापुर महोत्सव समिति और कार्यकर्ता साथियों के साथ बैठक किया। बदलापुर महोत्सव के प्रथम दिन सामूहिक विवाह के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित रहेंगे।साथ ही कैबिनेट मंत्री (उर्जा और नगर विकास विभाग) ए के शर्मा दिनांक 7 दिसंबर को बदलापुर के पट्टीदयाल में स्थापित ट्रांसफार्मर वर्कशॉप का लोकार्पण और नगर पंचायत बदलापुर में हुए विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण/ शिलान्यास किया जाएगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के द्वारा दिनांक 8 दिसंबर को सरोखनपुर में नवनिर्मित रोडवेज बस डिपो का लोकार्पण किया जाएगा। बदलापुर महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, भोजपुरी के मशहूर कलाकारों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।बैठक के उपरांत कार्यक्रम स्थल का सीओ प्रतिमा वर्मा और एसओ बदलापुर विनोद मिश्रा के साथ निरीक्षण किया। इस मौके पर राम सहाय पाण्डेय, राजदेव सिंह, गंगा प्रसाद सिंह, प्रबंधक द्वय ओम प्रकाश सिंह, श्याम सिंह, शिव बाबा, मंडल अध्यक्ष द्वय शनि शुक्ला, सिकंदर मौर्य, विनोद मौर्य, केशव सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने वृद्ध कीहत्या का किया पर्दाफा शपत्नी और बहू सहित चार लोगों को गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद के रानी की सराय थाना क्षेत्र में 26 नवम्बर को हुई वृद्ध की गला रेतकर हत्या मामले का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए हत्या में शामिल पत्नी और बहू सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अपनों द्वारा ही जमीन की लालच में हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा जमीन सम्बन्धी मामले को लेकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द लाल ने बताया कि 26 नवम्बर को रानी की सराय थाना में चन्द्रकला देवी पत्नी मणीलाल यादव नि0 चकसेठवल ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पति नशे के आदि थे और पुस्तैनी जमीन को बेचते थे जिसमें परिवार व जमीन खरीदारों से रंजिश चल रही थी कि इसी बात को लेकर किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके पति की हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस की विवेचना में सुभाष यादव पुत्र लालचन्द यादव निवासी काजीभीटी, रवि यादव पुत्र स्व0 मणिलाल यादव निवासी चक सेठवल, चन्दना यादव पत्नी रवि यादव निवासी चक सेठ सेठवल, चन्द्रकला देवी पत्नी स्व0 मणिलाल यादव निवासी चक सेठवल का नाम प्रकाश में आया। जो मृतक मणिलाल के परिवार के ही सदस्य हैं। शुक्रवार की दोपहर 12.05 बजे थानाध्यक्ष रानी की सराय सुनील कुमार सिंह द्वारा चारों अभियुक्तों को चकसेठवल से समय गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि मृतक मणीलाल अपने पैतृक सम्पत्ति को बेचकर शराब पीता और पिलाता था और अपने ऊपर खर्च करता था। इस कारण से हम लोगों में विवाद होता था। शेष जमीन को बचाने की नियत से 25 नवम्बर को मृतक की पत्नी चन्द्रकला देवी शेष जमीन को अपने नाम से बैनामा कराना चाहती थी। जिसका मृतक मणिलाल द्वारा विरोध किया गया तथा रजिस्ट्री करने हेतु सहमत न होने पर 25 नवम्बर को समय करीब 10 बजे मृतक की पत्नी चन्द्रकला, पुत्र रवि यादव व बहू चन्दना यादव तथा साला सुबाष यादव के द्वारा शेष जमीन को बचाने तथा मृतक की पत्नी चन्द्रकला के नाम स्थानान्तरित कराने के उद्देश्य से हत्या करने का निश्चय करते हुए 25/26 नवम्बर की रात्रि लगभग 02.30 बजे अपने नये घर से जहां पर मृतक सोता था वहां पहुंचे तथा साला सुबाष के द्वारा पहले ऊपर चढ़ कर मुंह दबाया गया तथा बहू चन्दना व पत्नी चन्द्रकला द्वारा एक-एक पैर को पकड़ा गया और पुत्र रवि द्वारा दोनों हाथों को पकड़ा गया, मणीलाल के बेहोश हो जाने पर साले द्वारा घर में प्रयुक्त होने वाले चाकू से गर्दन को काट दिया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## डॉ जान्हवी श्रीवास्तव बनी कौशल विकास केंद्र की नोडल अधिकारी



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल विकास केंद्र का व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर जान्हवी श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केन्द्र के नोडल अधिकारी प्रो0 राज कुमार के स्थान पर कुलपति प्रो वंदना सिंह ने तात्कालिक प्रभाव से डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव को कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केन्द्र का नोडल अधिकारी नामित किया है। शुक्रवार को डॉक्टर जान्हवी श्रीवास्तव ने प्रोफेसर राजकुमार से कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि कौशल विकास केंद्र में निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिससे लोगों को रोजगार प्राप्त हो सके।

## दो दिवसिय हाफिज ए मिल्लत के उर्स की तैयारी को लेकर इओ0 ने लिया जायजा



**मुबारकपुर आजमगढ़।** अल जामेअतुल यूनिवर्सिटी मुबारकपुर के संस्थापक हाफिज ए मिल्लत का सालाना उर्स 2 दिसंबर से प्रारंभ होगा। जिसकी तैयारी जोरो सोरों से चल रही। इसी के मत देना जरा मुबारकपुर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्रा अपने सभासदों के साथ मौके पर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया अधिशासी अधिकारी ने कहा कि इस पावन उर्स पर नगर पालिका की तरफ से साफ सफई एवं पानी की पूर्ति के लिए नगर पालिका पूरी तरह से सहयोग करेगा वही कमेटी के लोगों ने कहा कि अदिश राशि अधिकारी की तरफ से हर तरह से उर्स के मौके पर सहयोग का आश्वासन मिला है। वहीं आपको बताते चलें कि हाफिज ए मिल्लत मिल्लत साहब को उर्स मोहब्बत एवं भाईचारे का पैगाम देने वाला उर्स है। इस उर्स पर देश के कोने-कोने से लाखों की तादाद में श्रद्धालु आते हैं।

## अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने किया थाना पवई का किया आकस्मिक निरीक्षण

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में आज 28को 'अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन' द्वारा थाना पवई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, भोजनालय, बैरक, शौचालय व महिला हेल्पडेक्स का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। तत्पश्चात पुलिस कर्मियों के साथ गोष्ठी कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर रिस्पांस टाइम कम करने हेतु निर्देश दिया गया।

## सुधांशु की गेंदबाजी से विष्णु भगवान हॉस्टल जीता



**प्रयागराज।** सुधांशु सिंह की अचूक गेंदबाजी (3.1-0-16-4) से विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल हॉस्टल ने फिफ्त पिलर क्लब को सात विकेट से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल मैदान पर शुक्रवार को खेले गये मैच में फिफ्त पिलर क्लब की टीम 22.5 ओवर में 66 रन (कार्तिकेय शुक्ला 09, सुधांशु सिंह 4/16, अमन द्विवेदी 2/21) पर सिमटी। जवाब में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल हॉस्टल ने 7.5 ओवर में 3 विकेट पर 71 रन (आर्यन सिंह यादव 20, अमन द्विवेदी 14, शिवांशु 3/17) बना लिये। मैच में मोहम्मद आरिफ व तौसीफ शेख अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे।

## सतीश चंद्र श्रीवास्तव स्मृति ओपन हॉकी पांच से

**प्रयागराज।** प्रथम स्वर्गीय सतीश चंद्र श्रीवास्तव स्मृति ओपन बालक हॉकी प्रतियोगिता पांच दिसंबर से मेजर रंजीत सिंह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के हॉकी मैदान पर आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में क्लब, एकेडमी, स्कूल/कॉलेज, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं की टीमें भाग ले सकती हैं। आयोजन सचिव आलोक श्रीवास्तव के अनुसार इच्छुक टीमें शनि पांडेय (8005180025) अथवा विवेक कुमार श्रीवास्तव (6387 111106) से संपर्क कर सकती हैं।

## मजीदिया इस्लामिया कॉलेज का वार्षिक खेलकूद आज

**प्रयागराज।** मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज का वार्षिक खेलकूद समारोह शनिवार को सुबह 11 बजे से कॉलेज मैदान पर होगा। कॉलेज के प्रबंधक फरहान उल्ला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता अकील अब्बास रिजवी ने दी है।

## सेल्समैन का शव लेकर किया थाने का घेराव

**प्रयागराज।** सोरांव थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव निवासी सेल्समैन राधेश्याम पुष्पाकर की मौत पर ग्रामीणों का गुस्सा फूट गया है। शुक्रवार को परिजनों के साथ पहुंचने बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सोरांव थाने के सामने राधेश्याम का शव थाने के सामने रखकर सड़क पर बैठ गए। इसके कारण सड़क पर आवागमन अवरुद्ध हो गया। ग्रामीण हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़े हैं। बाइक से घर लौट रहे इस्माइलपुर गांव निवासी सेल्समैन राधेश्याम पुष्पकर (52) का शव बुधवार देर रात सोरांव के निकट से गुजरे प्रयागराज-प्रतापगढ़ हाईवे पर मिला था। राधेश्याम फाफामऊ थाना क्षेत्र के मलाक हरहर स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्समैन था। राधेश्याम बुधवार रात करीब 10 बजे घर लौट रहा था। मौके पर बाइक और मोबाइल नहीं मिलने पर परिजनों को हत्या की आशंका जताई है। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। घटनास्थल से ढाई किमी दूर शिवगढ़ स्थित गेस्ट हाउस के पार्किंग में बृहस्पतिवार को राधेश्याम की बाइक मिली, लेकिन उसके मोबाइल फोन का सुराग नहीं लग सका। गेस्ट हाउस में लगे सीसीटीवी फुटेज में चार लोग मृतक की बाइक को छोड़कर दूसरी बाइक से सोरांव की तरफ भागते हुए दिख रहे हैं।

## फाफामऊ और विप्लव स्पोर्टिंग क्लब को पूरे अंक

**प्रयागराज।** फाफामऊ क्लब और विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर मनीष देब-स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। फाफामऊ क्लब ने शुक्रवार को अपने मैदान पर 37.4 ओवर में 166 रन (करन 30, अनीश पटेल 22, विशेष मौर्य 21, सुधांशु सिंह 5/31, हर्षित राज यादव 2/18, मानस भारती 2/30) बनाकर डीएसए क्लब को 32 ओवर में 104 रन (मोहम्मद साहिल 21, विपिन पाल 3/19, गौरव कुमार 2/08) पर समेट दिया। मैच में अजय कुमार व विपिन यादव अंपायर एवं प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे। चक हरिहर वन झूसी मैदान पर वर्मा क्लब ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 193 रन (आशीष कुमार 31, अंश कुशवाहा व अजीत सोनकर 25-25, ऋषभ यादव 24, शिवम केसरवानी 3/12, मोहम्मद अर्श 3/36, आर्यन प्रजापति 2/42) बनाए। मोहम्मद अर्श ने पारी के 37वें ओवर की दूसरी, तीसरी और चौथी गेंद पर विकेट लेकर हैट्रिक बनाई।

## पृथ्वी पाल सिंह ने किया 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण

**आजमगढ़।** मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र आहोपट्टी द्वारा 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण के पांच सत्र का शुभारंभ पृथ्वी पाल सिंह माननीय सदस्य जिला पंचायत द्वारा महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर माननीय सदस्य जिला पंचायत द्वारा उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समस्त प्रशिक्षार्थी ससमय प्रशिक्षण में प्रतिभाग करें तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वरोजगार स्थापित करने की तरफ आगे बढ़े तथा अपना और अपने परिवार को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करें कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर संजय पांडे जी वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार एवं समाजसेवी ने भी प्रतिक्षार्थियों को संबोधित कर उनको स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा उनके द्वारा यह भी कहा गया की बेटियों के आत्मनिर्भर बनने से तथा शिक्षित होने से पूरे परिवार को लाभ प्राप्त होता है। कार्यक्रम के आयोजक मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य एवं जिला खादी ग्राम उद्योग अधिकारी पवन कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षार्थियों से पूरे प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिदिन उपस्थिति अनिवार्य बताया गया।

# महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के स्वागत में महकेगी प्रयाग की गली गली

**महाकुम्भ 2025 विशेष**

**07 करोड़ 55 लाख 18 हजार रुपए से सुगंधित होगा प्रयागराज**

**26225 गमलों में सजाए जाएंगे मौसमी फूल, बड़े पैमाने पर तैयार हो रहे फ्लावर बेड**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुम्भ शुरू होने से पहले ही प्रयागराज आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधाओं के मद्देनजर योगी सरकार ने जमीनी स्तर पर इंतजाम शुरू कर दिए हैं। इसके लिए यहां 24 घंटे काम जारी है। इसी क्रम में यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पहली बार एक खास इंतजाम किया जा रहा है, जिसको देख पर्यटक खासे रोमांचित नजर आएंगे। महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए इस बार पूरे प्रयागराज को फूलों की खुशबू से महकाने की योजना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार महाकुम्भ में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर पुष्प वाटिकाएं और रंग बिरंगे पौधे क्यारियों और गमलों में लगाए जाने हैं। इसके लिए बाकायदा 07 करोड़ 55 लाख 18 हजार रुपए का बजट रखा गया है।

इसके अंतर्गत 26225 गमलों में मौसमी फूल सजाए जाएंगे। इसके अलावा बड़े पैमाने पर फ्लावर बेड तैयार कर उनकी प्रदर्शनी लगाई जाने की योजना है। मेला क्षेत्र में गंगा किनारे विशेष सजावटी पौधे लगाए जाने का काम शुरू हो गया है।

### अयोध्या और काशी के फूलों से महकेगा प्रयागराज

**प्रयागराज।** महाकुम्भ की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। यहां फूलों के पौधों की बड़ी मांग है। महाकुम्भ को लेकर पूरे प्रयागराज को सुंदर और सुगंधित बनाने के लिए अयोध्या और काशी की नर्सरियों को बड़े पैमाने पर फूलों और सजावटी पौधों के ऑर्डर दिए गए हैं। इस समय मेला के अलावा शहर के प्रमुख स्थलों, पार्कों, सड़कों, चौराहों, एयरपोर्ट और हाईकोर्ट की सजावट में इन पौधों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही महाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले सैलानियों के आकर्षण के लिए प्रयागराज की गली-गली में सजावट के लिए फूलों के गमले रखने का काम भी शुरु हो गया है।

### गेंदा, गुलाब, जूही करेंगी आकर्षित

इस वर्ष महाकुम्भ के लिए खासतौर पर गुलाब, डहेलिया, जूही, मेरीगोल्ड, कामिनी, चांदनी, गुलदावरी, नेरियम और गेंदा के विभिन्न किस्मों की मांग है। साथ ही, सजावटी पौधों में एरिका पॉम, स्पाइडल लिली, पीस लिली, बम्बू, धन लक्ष्मी, विष्णु कमल, और रेड मंचीरा शामिल हैं।

# फिल्म अभिनेता राजपाल यादव ने मेलाधिकारी से की मुलाकात

**दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन है महाकुंभ**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जाने माने हास्य अभिनेता राजपाल यादव ने शुक्रवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण कार्यालय पहुंचकर मेलाधिकारी विजय किरन आनंद से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन है। इससे जुड़ना बहुत बड़े सौभाग्य की बात है। उन्होंने महाकुंभ में मेला प्रशासन के कार्यो की सराहना की। मीडिया से बातचीत करते हुए राजपाल यादव ने कहा कि दद्दा शिष्य मंडल की ओर से संगम तट पर हर वर्ष माघ मेला, कुंभ और महाकुंभ में शिविर लगाया जाता है। यह पहला कुंभ है जब हमारे गुरुजी देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी भौतिक रूप से मौजूद नहीं रहेंगे। निराकार रूप में वह हमारे आयोजन में विद्यमान रहेंगे। दद्दा जी के बड़े पुत्र अनिल के संचालन में महाकुंभ में दद्दा शिष्य मंडल की ओर से सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग की स्थापना करके पूजा आराधना की जाएगी। राजपाल ने कहा कि वह 2002 से संगम की धरती पर आ रहे हैं। दद्दा जी ने हमें संगमनगरी और कुंभ से जोड़ा है। हम सब शिष्य मिलकर हर वर्ष अनुष्ठान करते रहेंगे। कहा कि गंगा जी के तट पर जो जिस भाव से आता है वह उस भाव में पुण्य अर्जित करता है। चौबीस घंटे पूजन, यज्ञ और मंत्रों के उच्चारण से माहौल भक्तिमय रहता है और यहां कल्पवास करने वाले और आने वालों पर मां गंगा की विशेष कृपा रहती है। उन्होंने देश और दुनिया के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में महाकुंभ का हिस्सा बनने का आह्वान किया।

## फरार ब्लॉक प्रमुख समेत दो पर इनाम

**प्रयागराज।** सलोरी में अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला उर्फ गुड्डू की हत्या के मामले में फरार चले रहे ब्लॉक प्रमुख अतुल कुमार सिंह समेत दो पर पांच हजार का इनाम घोषित कर दिया गया है। दूसरा आरोपी उसका ड्राइवर है जिसके बारे में दावा किया जा रहा है कि वह घटनास्थल पर मौजूद था। दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी हो गया है। आरोपी अतुल प्रताप सिंह बलिया के गड़वार ब्लॉक का प्रमुख है। वह फरीदपुर पचखोरा थाना सुखपुरा जनपद बलिया का मूल निवासी है। पुलिस ने बसंतपुर, बलिया निवासी आरोपी दुर्गेश कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि घटना वाली रात दुर्गेश अन्य आरोपियों के साथ मौके पर था। मामले में तीन आरोपी निखिल सिंह, प्रिंस सिंह व मनोज सिंह पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।

**उत्तर रेलवे**

**ई– ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-PRG-OH-535-24-2 (Advertising Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-PRG-OSN-534-24-2 (Advertising On station Premise (Non-Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.12.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: Va-Vi/OOH/Publicity/24/KKG Dt. 28.11.2024 3685/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PRG-WRL-106-24-1 (Pay and Use Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PFM-WRL-103-24-1 (Pay and Use Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.12.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3688/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सिंगापुर और हांगकांग में भारतीय मसालों पर प्रतिबंध नहीं, केंद्रीय मंत्री ने सदन में बताया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने सदन में एक लिखित उत्तर में बताया कि हालांकि, भारत से निर्यात किए गए मसालों के बैचों को पहले हांगकांग और सिंगापुर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की ओर से स्वीकार्य सीमा से अधिक एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) की मौजूदगी के कारण वापस मंगा लिया गया था। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि वाणिज्य मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग जैसे देशों ने भारतीय मसालों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है।

जाधव ने सदन में एक लिखित उत्तर में बताया कि हालांकि, भारत से निर्यात किए गए मसालों के बैचों को पहले हांगकांग और सिंगापुर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की ओर से स्वीकार्य सीमा से अधिक एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) की मौजूदगी के कारण वापस मंगा लिया गया था। वाणिज्य मंत्रालय के मसाला बोर्ड ने इस मामले में कदम उठाए हैं। इनमें निर्यात किए जाने वाले मसालों की अनिवार्य शिपमेंट-पूर्व जांच और सभी स्तरों पर संभावित मिलावट को रोकने के लिए निर्यातकों की ओर से पालन किए जाने वाले व्यापक दिशानिर्देश जारी करना शामिल है।

**दिशानिर्देश**

**मिलावट को रोकने के लिए निर्यातकों की ओर से पालन किए जाने वाले व्यापक दिशानिर्देश जारी करना शामिल है।**



आयातक देश की अलग-अलग ईटीओ सीमाओं को पूरा करने के लिए कच्चे माल की खरीद, प्रसंस्करण, पैकिंग, भंडारण, परिवहन आदि से जुड़े विभिन्न कदम भी उठाए गए हैं। इसके अलावा, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (स्र्स्स्ढ्ढ) देश भर में उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

जाधव के अनुसार, एफएसएसएआई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों व अपने क्षेत्रीय कार्यालयों के जरिए मसालों सहित विभिन्न खाद्य उत्पादों की नियमित निगरानी, निरीक्षण और सैंपल कलेक्शन करता है, ताकि खाद्य सुरक्षा और मानक (एफएसएस) अधिनियम, 2006 और उसके तहत बनाए गए विनियमों के तहत निर्धारित गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

मंत्री ने कहा कि जरूरी आवश्यकताओं पालन न करने की स्थिति में, एफएसएस अधिनियम, 2006 के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार दोषी खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई शुरू की जाती है।

## वृद्धि दर दूसरी तिमाही में दो साल के निचले स्तर 5.4% पर फिसली, उपभोग घटने से प्रभावित हुए आंकड़े

**नई दिल्ली।** भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में घटकर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 8.1 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से शुक्रवार को इसके आधिकारिक आंकड़े जारी किए गए।



हालांकि, भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा। इस वर्ष जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि 4.6 प्रतिशत रही। जीडीपी वृद्धि का पिछला निम्न स्तर 4.3 प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2022) में दर्ज किया गया था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र का जीवीए (सकल मूल्य वर्धन) 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 3.5 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले 1.7 प्रतिशत था। विनिर्माण क्षेत्र की जीवीए वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में घटकर 2.2 प्रतिशत रह गई, जबकि एक वर्ष पूर्व इसमें 14.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। 2024-25 में अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में 8.2 प्रतिशत की तुलना में 6 प्रतिशत रही। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि अक्तूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 12.7 प्रतिशत थी।

वित्तीय, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाओं में जीवीए की वृद्धि 6.7 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 6.2 प्रतिशत थी। बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाओं की वृद्धि दर 3.3 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व की 10.5 प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। निर्माण क्षेत्र में दूसरी तिमाही में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही की 13.6 प्रतिशत से कम है।

2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही।

## ऑन-द-गो वेलनेस- स्वस्थ रहने के लिए उठाइए बायोटिन की खूबियों का फायदा

तेजी से दौड़ती-भागती इस दुनिया में अपना ध्यान रखने के लिए अक्सर समय कम पड़ जाता है। आज के दौर में जबकि समय ही सबसे बड़ी पूंजी है, ऐसे में खुद की देखभाल के लिए समय निकाल पाना बहुत मुश्किल हो गया है। व्यस्त शेड्यूल के साथ स्वस्थ जीवनशैली को बनाए रखना कठिन होता जा रहा है। वर्तमान समय में स्वास्थ्य संबंधी बहुत सी अन्य समस्याओं के साथ-साथ लोगों को बाल झड़ने की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनमें असुरक्षा की भावना पैदा होती है, क्योंकि बाल झड़ने से न केवल व्यक्तित्व पर प्रभाव पड़ता है, बल्कि आत्मविश्वास भी कम होता है।

यही कारण है कि लोगों का रुझान ऐसे उत्पादों की ओर बढ़ा है, जिससे उन्हें अपना आत्मविश्वास पाने में मदद मिले और बिना किसी अतिरिक्त मेहनत के वे अपनी व्यस्त दिनचर्या के साथ ही उन्हें अपना सकें। इसी बात को ध्यान में रखते हुए 'ऑन-द-गो वेलनेस' ने अपनी जगह बनाई है।

बालों की बेहतर सेहत को ध्यान में रखते हुए वेस्टीज ने अपना क्रांतिकारी वेस्टीज प्राइम एब्जॉर्विट बायोटिन सबलिंगुअल स्प्रे पेश किया है। गोलियों के सेवन के पारंपरिक तरीके की तुलना में सबलिंगुअल टेक्नोलॉजी बहुत प्रभावी है। इसे बाल झड़ने, बालों के पतलेपन या बालों के धीमे विकास की समस्या का सामना कर रहे लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। बायोटिन से शरीर में किरैटिन के उत्पादन में मदद मिलती है, जो बालों एवं सिर की त्वचा के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे हेयर फॉलिकल्स का सिकुड़ना भी रुकता है। यह स्प्रे मजबूत और चमकदार बालों को बढ़ावा देते हुए आत्मसम्मान को वापस पाने में मददगार हो सकता है। 90 प्रतिशत की एब्जॉर्प्शन दर के साथ इस एडवांस्ड सबलिंगुअल डिलीवरी सिस्टम से बायोटिन के स्तर में प्रभावी तरीके से वृद्धि सुनिश्चित होती है, जिससे बालों को स्वस्थ रखने का आसान एवं प्रभावी समाधान मिलता है।

यह सबलिंगुअल स्प्रे के रूप में बायोटिन सप्लीमेंट लेने का नया तरीका है। यह बायोटिन स्प्रे जरूरी पोषक तत्वों को पाने में मदद करता है, जिससे बालों का विकास होता है, बाल मजबूत होते हैं और त्वचा में चमक आती है। यह सबलिंगुअल स्प्रे सुरक्षित, प्रभावी, सुविधाजनक और प्रयोग करने व कहीं लाने ले जाने में आसान है। आपको बस सीधे अपनी जीभ के नीचे स्प्रे करना होता है। इससे जरूरी पोषक तत्व तेजी से एवं प्रभावी तरीके से सीधे खून में पहुंचते हैं, जिससे उन तत्वों की बायोएवेलिबिलिटी बढ़ती है और अच्छा परिणाम मिलता है।

वर्तमान दौर में जीवन की गति लगातार बढ़ रही है और ऐसे में सुविधाजनक एवं प्रभावी वेलनेस सॉल्यूशंस की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है। बढ़ती जिम्मेदारियों और संतुलित जीवनशैली बनाए रखने की चुनौतियों के साथ सबलिंगुअल स्प्रे जैसे उत्पाद बहुत अहम होते जा रहे हैं।

बायोटिन हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। यह बालों, त्वचा और नाखूनों के बेहतर स्वास्थ्य में भी भूमिका निभाता है। बाल झड़ने की बढ़ती चिंताओं के बीच वेस्टीज प्राइम एब्जॉर्विट - बायोटिन सबलिंगुअल स्प्रे एक इनोवेटिव एवं आसान समाधान प्रदान करता है। ऐसे स्मार्ट और ऑन-द-गो वेलनेस सॉल्यूशंस को अपनाकर लोग अपने स्वास्थ्य एवं स्वयं की देखभाल को प्राथमिकता में रखते हुए आत्मविश्वास के साथ इस भागमभाग से भरी दुनिया में आगे बढ़ सकते हैं।

## चीन में मिला दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार, कीमत जानकर रह जाएंगे हैरान

**नई दिल्ली।** चीन के हुनान प्रांत के भूवैज्ञानिक ब्यूरो ने घोषणा की वहां एक नया स्वर्ण भंडार मिला है, जो पिंगजियांग काउंटी में स्थित है। भूवैज्ञानिकों ने 2 किलोमीटर की गहराई पर 40 सोने की शिराओं की पहचान की है। जहां करीब 1,000 मीट्रिक टन सोने होने की उम्मीद है। चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार नए स्वर्ण भंडार मूल्य लगभग 83 अरब डॉलर है, जो सम्भवतः अब तक का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

मध्य चीन में संभावित रूप से दुनिया का सबसे बड़ा सोने का नया भंडार मिला है। अनुमान है कि वहां लगभग 1,000 मीट्रिक टन उच्च गुणवत्ता वाले स्वर्ण अयस्क मौजूद है। चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार नए स्वर्ण भंडार मूल्य लगभग 83 अरब डॉलर है, जो सम्भवतः अब तक का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार है। रिपोर्ट के अनुसार चीन में पाया गया स्वर्ण भंडार यह दक्षिण अफ्रीका के साउथ डीप खदान से भी बड़ा है, जो लगभग 900 मीट्रिक टन सोने का भंडार है। चीन के हुनान प्रांत के भूवैज्ञानिक ब्यूरो ने घोषणा की कि यह भंडार पिंगजियांग काउंटी में स्थित है, जहां भूवैज्ञानिकों ने 2 किलोमीटर की गहराई पर 40 सोने की शिराओं की पहचान की है।

सोने के भंडार विभिन्न भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से बनते हैं, जिसमें अक्सर लाखों वर्षों का समय लगता हैद्ध गर्म, खनिज युक्त तरल पदार्थ पृथ्वी की पपड़ी में दरारों और दरारों के माध्यम से घूमते हैं। ये तरल पदार्थ आसपास की चट्टानों से सोने को घोलते हैं और परिस्थितियों में बदलाव जैसे तापमान में गिरावट या दबाव में बदलाव होने पर इसे जमा करते हैं। शुरुआती आकलन से पता चलता है कि मध्य चीन में पाए गए मौजूद भंडार की शिराओं में ही लगभग 300 मीट्रिक टन सोना हो सकता है।

## सोना 700 रुपये उछलकर 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी 1300 रुपये चढ़ी



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार आभूषण विक्रेताओं की ताजा खरीदारी और मजबूत विदेशी रुख के कारण शुक्रवार को दिल्ली में सोने का भाव 700 रुपये बढ़कर 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु गुरुवार को 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। चांदी भी 1,300 रुपये चढ़कर 92,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। गुरुवार को चांदी की कीमत 4,900 रुपये टूटकर 90,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई थी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 700 रुपए बढ़कर 79,000 रुपए पर पहुंच गया, जबकि गुरुवार को इसका भाव 78,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सकारात्मक रुख और घरेलू मांग में वृद्धि के कारण धारणा मजबूत हुई, जिससे मुख्यत- सोने की कीमतों में तेजी आई। इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा कारोबार में दिसंबर डिलीवरी सोना अनुबंध 602 रुपये या 0.79 प्रतिशत बढ़कर 76,326 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी व करेंसी के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, वर्तमान भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग के कारण एमसीएक्स पर सोने में सकारात्मक कारोबार हुआ।

दिसंबर डिलीवरी वाले चांदी अनुबंध की कीमत 1,049 रुपये या 1.19 प्रतिशत बढ़कर 89,051 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 20.60 डॉलर प्रति औंस या 0.77 प्रतिशत बढ़कर 2,685.40 डॉलर प्रति औंस हो गया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ÷शुक्रवार को सोने में मामूली कारोबार के साथ तेजी आई। सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की आरे से दिसंबर की बैठक में ब्याज दरों में कटौती जारी रखने की संभावना के कारण इसमें तेजी आई। हालांकि इस सप्ताह के शुरू में मुद्रास्फीति के आंकड़े थोड़े ऊंचे स्तर पर आए हैं। उधर, एशियाई बाजार में चांदी भी 1.94 प्रतिशत बढ़कर 31.15 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

मिराए एसेट शेयरखान के एसोसिएट वीपी, फंडामेंटल करेंसीज एंड कमोडिटीज, प्रवीण सिंह ने कहा, भू-राजनीतिक चिंताओं के कारण शुक्रवार को हाजिर सोने में लगातार चौथे दिन सुधार जारी रहा, जिससे धातु को समर्थन मिल रहा है।

सिंह ने कहा कि गुरुवार को मिसाइल और ड्रोन हमलों के जरिए यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाने के बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि रूस यूक्रेन को परमाणु क्षमता संपन्न बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बना सकता है, जिसके बाद कीमती धातु की ओर निवेश का प्रवाह बढ़ गया है। अबान्स होल्डिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता के अनुसार, संभावित नए अमेरिकी टैरिफ की अटकलों ने सोने की तेजी को और बढ़ा दिया है। बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच, सोने के लिए संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं।

## निवेशक लौटे तो हरे निशान पर बंद हुआ बाजार
### सेसेंक्स 759 अंक चढ़ा, निफ्टी फिर 24100 के पार

**नई दिल्ली।** 30 शेयरों का बीएसई सेंसेक्स सूचकांक 759.05 (0.96%) अंकों की बढ़त के साथ 79,802.79 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 216.95 (0.91त्न) अंक फिसलकर 24,131.10 पर फिसल गया। एयरटेल और सन फार्मा के शेयरों में क्रमश- 4त्न और 3त्न की बढ़त दर्ज की गई। बाजार का विस्तृत हाल आगे जानें।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में हरे निशान पर क्लोजिंग हुई। गुरुवार के दिन बड़ी गिरावट के बाद जब शुक्रवार को निवेशक लौटे तो बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक प्रतिशत तक उछले। भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों की खरीदारी के चलते शुक्रवार को बेंचमार्क सेंसेक्स 759 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी 24,100 अंक से ऊपर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 759.05 अंक या 0.96 प्रतिशत चढ़कर 79,802.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 880.16 अंक या 1.11 प्रतिशत बढ़कर 79,923.90 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 216.95 अंक या 0.91 प्रतिशत चढ़कर 24,131.10 पर पहुंच गया।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टूब्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन और टाटा मोटर्स में सर्वाधिक लाभ रहा। पावर ग्रिड, नेस्ले, भारतीय स्टेट बैंक और इंफोसिस पिछड़ गए।

अदाणी समूह की अधिकांश कंपनियों के शेयरों में तेजी रही, जिसमें अदाणी ग्रीन एनर्जी में 21.72 प्रतिशत और अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस में बीएसई पर 15.56 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.76 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक 0.31 प्रतिशत चढ़ा।

## जटिल डायबिटीज के केसों को मैनेज करने के लिए प्रशिक्षित एंडोक्रिनोलॉजिस्ट की भारी कमी

**लखनऊ।** डायबिटीज़ वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक के रूप में उभर रहा है, इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन के अनुसार, 2021 में भारत में लगभग 74 मिलियन लोग डायबिटीज़ से पीड़ित थे, और यह संख्या बढ़ने की उम्मीद है। लखनऊ में रीजेंसी हेल्थ में इंटरनल मेडिसिन के डॉ. दुर्गा प्रसाद सिंह ने जोर देकर कहा, छोटे शहरों में डायबिटीज का मैनेजमेंट एक्सपर्ट और डायबिटीज शिक्षकों की सीमित उपलब्धता के कारण कई चुनौतियों को पैदा करता है। मरीजों को अक्सर आवश्यक हेल्थकेयर तक पहुँचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। हालांकि, डायग्नोसिस सेवाओं तक पहुँच में सुधार, बेहतर रोगी शिक्षा की पेशकश, और रिमोट कंसलटेंशन के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग करके इन क्षेत्रों में डायबिटीज केयर की गुणवत्ता में काफी सुधार किया जा सकता है।

भारत में डायबिटीज़ महामारी के लिए कई फैक्टर जिम्मेदार हैं, जिनमें शहरीकरण, गतिहीन लाइफस्टाइल, अस्वस्थ्य डाइट और आनुवंशिक ट्रेंड शामिल हैं। टाइप 2 डायबिटीज का बढ़ना केवल शहरी या समृद्ध आबादी तक सीमित नहीं है; बल्कि यह अब छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी फैल चुका है। दुर्भाग्य से इन क्षेत्रों में डायबिटीज के बढ़ते केसों से निपटने के लिए आवश्यक संसाधनों की कमी है।

**होलसेल**

**डायबिटीज का मैनेजमेंट एक्सपर्ट और डायबिटीज शिक्षकों की सीमित उपलब्धता के कारण कई चुनौतियों को पैदा करता है।**



टियर 2 और टियर 3 शहरों में डायबिटीज के मैनेजमेंट में एक महत्वपूर्ण चुनौती यह है कि इन जगहों पर विशेष हेल्थकेयर प्रोफेसनल्स की कमी है। हालाँकि सामान्य डॉक्टर व्यापक रूप से उपलब्ध हैं, लेकिन जटिल डायबिटीज के केसों को मैनेज करने के लिए प्रशिक्षित एंडोक्रिनोलॉजिस्ट की भारी कमी है। भारत में 6,500 से भी कम एंडोक्रिनोलॉजिस्ट हैं, जो हैं भी वो अधिकांश टियर 1 शहरों में हैं। इस कमी का मतलब है कि छोटे शहरों में मरीज़ डायबिटीज से संबंधित कॉम्प्लिकेशन, जैसे न्यूरोपैथी, रेटिनोपैथी और किडनी डैमेज के मैनेजमेंट के लिए आवश्यक एक्सपर्ट केयर तक पहुँचने के लिए संघर्ष करते हैं। एक्सपर्ट की कमी के अलावा इन क्षेत्रों में डायबिटीज़ एजुकेटर्स और काउंसलर्स की भी कमी है। डायबिटीज मैनेजमेंट इलाज से हटकर होता है और इसके लिए मरीज़ को स्वयं की निगरानी, इंसुलिन एडमिनिस्ट्रेशन, डाइट में बदलाव और लाइफस्टाइल में संशोधन के बारे में शिक्षा की आवश्यकता होती है। प्रशिक्षित डायबिटीज शिक्षकों के बिना छोटे शहरों में कई मरीजों को अपनी बीमारी को प्रभावी ढंग से मैनेज करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन नहीं मिलता है। शिक्षा की इस कमी के कारण उपचार योजनाओं का पालन ठीक से नहीं हो पाता है।

## अदाणी मामले पर MEA ने पहली बार दी प्रतिक्रिया, कहा- भारत सरकार को इस मुद्दे की जानकारी नहीं दी गई



**नई दिल्ली।** अमेरिकी न्याय विभाग के अभियोग में आरोप लगाया गया है कि भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी और अन्य ने भारत में सौर ऊर्जा के ठेके लेने के लिए भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी। हालांकि इस अभियोग में सिर्फ आरोप लगाए गए हैं और आरोपों के संबंध में पुख्ता सबूत नहीं दिए गए हैं।

अमेरिकी अभियोजकों की ओर से उद्योगपति गौतम अदाणी पर लगाए गए आरोपों को लेकर विदेश मंत्रालय ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि गौतम अदाणी का मामला कानूनी है। इसमें निजी फर्म, व्यक्ति और अमेरिकी न्याय विभाग शामिल हैं। ऐसे मामलों के लिए कुछ तय प्रक्रिया और कानूनी रास्ते हैं। हमें विश्वास है कि इनका पालन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे के बारे में भारत सरकार को पहले से सूचित नहीं किया गया था। हमने इस मामले पर अमेरिकी सरकार से कोई बातचीत भी नहीं की है। किसी विदेशी सरकार द्वारा समन/गिरफ्तारी वारंट की तामील के लिए किया गया कोई भी अनुरोध आपसी कानूनी सहायता का हिस्सा है। ऐसे अनुरोधों की योग्यता के आधार पर जांच की जाती है। हमें इस मामले में अमेरिकी पक्ष से कोई अनुरोध नहीं मिला है। यह एक ऐसा मामला है जो निजी संस्थाओं से संबंधित है और भारत सरकार इस समय कानूनी रूप से किसी भी तरह से इसका हिस्सा नहीं है। अमेरिकी न्याय विभाग के अभियोग में आरोप लगाया गया है कि भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी और अन्य ने भारत में सौर ऊर्जा के ठेके लेने के लिए भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी। हालांकि इस अभियोग में सिर्फ आरोप लगाए गए हैं और आरोपों के संबंध में पुख्ता सबूत नहीं दिए गए हैं। हालांकि अरबपति गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी पर लगे आरोपों को अदाणी समूह ने सिरे से खारिज कर दिया। अदाणी समूह ने बुधवार को कहा कि गौतम अदाणी और उनके भतीजे पर रिश्वतखोरी का कोई आरोप नहीं है। वहीं इस मुद्दे को लेकर संसद में लगातार विपक्ष सरकार को घेर रहा है।

## सबसे महत्वपूर्ण, लेकिन स्पॉटलाइट से दूर भारत के ब्लू-कॉलर कर्मचारी: शशि कुमार, हेड ऑफ सेल्स, इनडीड इंडिया

शशि कुमार, हेड ऑफ सेल्स, इनडीड इंडिया के अनुसार भारत के गतिशील शहरी केंद्रों में चुपचाप एक क्रांति आ रही है, जो 'ब्लू-कॉलर कर्मियों' की वृद्धि के साथ आगे बढ़ रही है, जिनमें प्लंबिंग, बिजली, कारपेंट्री, डिलीवरी एग्ज़िक्यूटिव्स, और टेक सपोर्ट आदि कामों में कुशल कर्मी शामिल हैं। ये शहर भारत के आर्थिक इंजन हैं, जहाँ की व्यस्त सड़कों पर बढ़ता इन्फ्रास्ट्रक्चर और उसके द्वारा उत्पन्न असीमित अवसर साफ दिखाई देते हैं। यह प्रगति कार्यबल की रीढ़ कहे जाने वाले इन शहरी नायकों द्वारा आगे बढ़ाई जा रही है। ये लोग त्योहारों पर घरों को रोशनी से जगमगाते हैं, कुछ ही मिनटों में लोगों तक आवश्यक सामग्री पहुँचाते हैं, और हमारे दैनिक जीवन के वो नायक बन जाते हैं, जिनके बारे में कोई बात नहीं करता। शहरों में होते विस्तार के साथ ये कर्मचारी बहुत आवश्यक हो गए हैं। वो न केवल हमारे इन्फ्रास्ट्रक्चर को बनाए रखने बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

इनडीड के आँकड़ों के मुताबिक इस प्रगति के बीच विशेष कार्यों के लिए मांग सबसे ज्यादा बढ़ी है, जो विभिन्न उद्योगों को जोड़कर रोजगार के स्थिर अवसर लेकर आए हैं। इनडीड पर ट्रेंड हो रही जॉब्स के अनुसार ई-कॉमर्स के विकास से लेकर एमएसएमई में हुई वृद्धि तक ये तीन ब्लू-कॉलर नौकरियाँ सबसे महत्वपूर्ण हो गई हैं, जिनके लिए जॉब पोस्टिंग में सबसे ज्यादा उछाल आया है।

ब्लू-कॉलर नौकरियों के लिए सबसे ज्यादा मांग में रहने वाले पदों में इलेक्ट्रिशियन का पद भारत के विकसित होते शहरी ढांचे की नींव है। प्रतिमाह 16,300 रुपये के औसत मासिक वेतन के साथ इलेक्ट्रिशियन घरों, ऑफिसों, और उद्योगों में इलेक्ट्रिकल सिस्टम स्थापित करने, उसके रखरखाव और रिपेयरिंग का काम संभालते हैं। सरकार द्वारा ग्रामीण इलाकों के बिजलीकरण में तेजी लाने और स्मार्ट सिटीज़ के विस्तार के साथ कुशल इलेक्ट्रिशियंस की मांग भी लगातार बढ़ रही है। रिन्युएबल एनर्जी और सस्टेनेबल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बढ़ता जोर इस मांग को और बढ़ा रहा है तथा इलेक्ट्रिशियंस के लिए स्थायी अवसर उत्पन्न कर रहा है।

दूसरा महत्वपूर्ण कार्य कैशियर का है, जो भारत के विकसित होते हुए रिटेल और सर्विस सेक्टर में सुगम लेन-देन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 14,500 रुपये प्रतिमाह के औसत वेतन के साथ कैशियर भुगतान का काम संभालते हैं, विनिमय की प्रक्रिया करते हैं, और आवश्यक ग्राहक सेवा प्रदान करते हैं। संगठित रिटेल, सुपरमार्केट्स और क्विक सर्विस रेस्टोरैंट्स में हुई वृद्धि के साथ कैशियर की मांग भी अब तक के सबसे ऊँचे स्तर पर पहुँच गई है। इसके अलावा डिजिटल पेमेंट सिस्टम की हुई वृद्धि और रिटेल में ग्राहक सेवा पर बढ़ते फोकस के साथ कुशल कैशियर की मांग बढ़ी है, जो आधुनिक पॉईंट-ऑफ-सेल सिस्टम को संभालने में कुशल हैं।

वहीं, डिलीवरी एक्ज़िक्यूटिव्स और ड्राईवर्स भी भारत के शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यात्रियों को ले जाने से लेकर वस्तुओं की आपूर्ति तक भारतीय शहरों को गतिशील बनाए रखने में उनकी अहम भूमिका है। ड्राईवर्स का वेतन औसतन 14,400 रुपये प्रतिमाह होता है, तथा उनकी भूमिका पारंपरिक परिवहन से लेकर लॉजिस्टिक्स, अंतिम छोर तक आपूर्ति, और राईड-हेलिंग सेवाओं तक बढ़ चुकी है। फैलते भारतीय शहरों और ई-कॉमर्स/क्विक कॉमर्स की बढ़ती मांग के साथ ये सेवाएं उत्पादों व सेवाओं की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बहुत आवश्यक हैं।

इन कुशल कर्मियों की बढ़ती मांग से भारत के शहरों में हो रहा व्यापक परिवर्तन प्रदर्शित होता है। इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास, व्यवसायों के विस्तार, और ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों के साथ भारत के कार्यबल में ब्लूकॉलर कर्मचारी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, और देश को निरंतर वृद्धि एवं विकास के मार्ग पर आगे ले जाएंगे। इसलिए इन नौकरियों की अहमियत को समझकर उन्हें महत्व और सहयोग दिया जाना आवश्यक है।

## परिणय सूत्र में बंधे 181 जोड़े



**भेंटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शुक्रवार को यशोदा देवी बालिका इण्टर कालेज भेटुआ में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 181 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि आज 04 विकास खण्डों क्रमशः अमेठी भेटुआ भादर व संग्रामपुर में 181 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया जिसमें 157 हिन्दू तथा 24 मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री व विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला डीसी मनरेगा शेर बहादुर बीएसए संजय तिवारी भेटुआ ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ल व अमेठी विधायक प्रतिनिधि अनिल प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

## लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 5 के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य के निर्देशानुसार शुक्रवार को केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी वन स्टॉप सेंटर अमेठी द्वारा प्राथमिक विद्यालय असैदापुर गौरीगंज में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल में मौजूद सभी छात्र छात्राओं को बाल अधिकार महिला हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। महिला किसी भी फील्ड में पुरुषों से कम नहीं हैं बेटा बेटी एक समान बेटी है तो कल है का नारा लगवाया गया साथ ही महिला कल्याण विभाग की सभी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना स्पॉन्सरशिप योजना वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर वन स्टॉप सेन्टर से केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी, पूजा देवी केस वर्कर विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहे।

## एक दिसंबर को होगी भाजपा की जिला कार्यशाला



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने बताया कि आगामी 1 दिसंबर को संगठन पर्व की जिला कार्यशाला देवरिया क्लब में सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुख का कार्य कल तक पूरा करना है। जहां 75 प्रतिशत बूथों का निर्वाचन हो चुका है वहां मंडल अध्यक्षों का चुनाव होगा। 5 दिसंबर से 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों का निर्वाचन होगा। कार्यशाला में जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, सदस्यता प्रमुख, जिला चुनाव अधिकारी, सह चुनाव अधिकारी, जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, प्रदेश मोर्चा प्रभारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, क्षेत्रीय पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व मंडल महामंत्री सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। इस दौरान जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि, प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, अरविंद पांडे, अंकुर राय, आराधना पांडे, सतेंद्र मणि आदि उपस्थित रहे।

## क्रिकेट बाल जूनियर प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिला क्रीडाधिकारी धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम ने बताया है कि खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय रायबरेली के द्वारा 27 से 29 नवम्बर 2024 तक टेबल टेनिस बालकध्बालिका जूनियर वर्ग, त्रिकेट-बालक जूनियर वर्ग एथलेटिक्स बालक जूनियर वर्ग पं0 दीन दयाल उपाध्याय जी के जन्म शताब्दी पर्व पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज त्रिकेट बालक जूनियर वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 08 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें कि कुल बालक 130 खिलाडियों प्रतिभाग किया जिसके परिणाम इस प्रकार रहा। जिला स्तरीय त्रिकेट बालक जूनियर वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन में फइनल मैच श्री शारदा स्पोर्ट्स क्लब रायबरेली ए बनाम श्री शारदा स्पोर्ट्स क्लब रायबरेली बी के मध्य खेला गया जिसमें कि श्री शारदा स्पोर्ट्स क्लब रायबरेली बी 03 रनों से विजेता टीम रही और श्री शारदा स्पोर्ट्स क्लब रायबरेली ए उपविजेता टीम रही।

# मनी लॉड्रिंग मामला : ईडी का कुशीनगर में दो जगहों पर छापेमारी

- ईडी ने पडरौना के अतुल श्रीवास्तव को लिया हिरासत में
- घंटो परिवार के सदस्यों से की पूछताछ
- ईडी ने अतुल के मित्र रोहित के कठकुईयां आवास पर भी की छापेमारी, रोहित को किया तलब



**शकील अहमद**

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** बालीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के मनी लॉड्रिंग और पोर्नोग्राफी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कुशीनगर जनपद के पडरौना निवासी अतुल श्रीवास्तव पुत्र प्रमोद श्रीवास्तव को गोरखपुर से हिरासत लेकर पडरौना स्थिति घर पर छापेमारी कर माता-पिता से घंटो पूछताछ की। कहना ना होगा कि अतुल साफ्टवेयर कंपनी चलाता है। ईडी को शक है कि इसके खाते से कई संदिग्ध लेन-देन हुए है जिसका सीधा कनेक्शन राज कुंद्रा के नेटवर्क से होने की संभावना है। बताया जाता है कि ईडी ने आज मुम्बई और और उत्तर प्रदेश के पन्द्रह ठिकानों पर छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक प्रर्वतन निदेशालय की टीम ने अतुल को गोरखपुर के हिन्दी बाजार के एक दुकान से हिरासत मे लेकर पूछताछ की और उसे साथ लेकर शुक्रवार की भोर में कुशीनगर जनपद के पडरौना नगर में स्थित आवास पर छापेमारी कर पिता प्रमोद श्रीवास्तव व माता से घंटो पूछताछ की। बताया जाता है कि अतुल श्रीवास्तव अपनी साफ्टवेयर कम्पनी के जरिए फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के डिजिटल नेटवर्क को तकनीकी सपोर्ट देता है। ईडी इस बात की जांच कर रही है कि अतुल पोर्नोग्राफी से जुडे प्लेटफॉर्म को आपरेट कर रहा था या नही। ईडी अतुल श्रीवास्तव के परिवार के अन्य सदस्यों के खातों और कागजातों की भी जांच की। इसके अलावा ईडी टीम अतुल के एक मित्र रोहित चौरसिया निवासी कठकुईयां थाना कुबेरस्थान के घर पर छापेमारी कर घंटो परिवार के सदस्यों से पूछताछ की।

### खाते से करोड़ों रुपए के संदिग्ध लेनदेन

सूत्रों ने बताया कि ईडी को अंदेशा है कि अतुल श्रीवास्तव, जो सॉफ्टवेयर कंपनी चलाता हैं। उसके बैंक खातों में करोड़ों रूपये के कई संदिग्ध लेनदेन हुए हैं। इस लेन-देन का सीधा कनेक्शन राज कुंद्रा के नेटवर्क से होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, अतुल श्रीवास्तव अपनी सॉफ्टवेयर कंपनी के जरिए राज कुंद्रा के डिजिटल नेटवर्क को तकनीकी सपोर्ट दे रहा था। सूत्रों का कहना है कि मनी लॉन्ड्रिंग और पोर्नोग्राफी के इस मामले में राज कुंद्रा के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की परतें खुलने की संभावना है।

### राज कुंद्रा मामले में जांच का केन्द्र बना गोरखपुर व कुशीनगर

गोरखपुर से अतुल श्रीवास्तव की गिरफ्तारी के बाद ईडी की टीम ने अतुल को लेकर सीधे उनके पडरौना नगर के छावनी मुहल्ले मे स्थित आवास पर छापेमारी कर कार्रवाई तेज कर दी। ईडी अतुल के घर पर पिता प्रमोद श्रीवास्तव व माता से पूछताछ के साथ परिवार के अन्य सदस्यों के खातों और कागजातों की भी जांच की। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

### कानपुर में भी इस मामले से जुड़े ठिकानों पर की है छापेमारी

बताया जाता है कि ईडी ने इस मामले में कानपुर के श्याम नगर कालोनी में भी छापेमारी की, जहां नर्वदा श्रीवास्तव का बड़े बेटे अरविंद श्रीवास्तव से पूछताछ की जो कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने के बाद से विदेश मे नौकर कर रहा था। अरविंद्र श्रीवास्तव अपनी पत्नी हर्षिता श्रीवास्तव के साथ सिंगापुर में रहता है। अरविंद्र सिंगापुर में रहकर राज कुंद्रा के प्रोडक्शन का काम संभालता था। बता दें कि वर्ष 2021 मे राज कुंद्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। कुंद्रा पर आरोप लगा था कि मोबाइल ऐप्स के जरिए अश्लील सामग्री बनाई और प्रसारित की जाती है। अब इसकी जांच ईडी कर रही है। ईडी को शक है कि इस प्रोडक्शन के जरिए बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग की गई है।

# रायबरेली पुलिस के अधिकारियों की अनुभवहीनता से अधीनस्थ कर्मचारी बेलगाम

**अवधनामा संवाददाता**



- विवादित दरोगा हिमांशु मलिक के द्वारा बदसलूकी की तस्वीर कैमरे में फिर कैद

**रायबरेली।** राजधानी लखनऊ से सटे रायबरेली जिले में रायबरेली पुलिस का एक दरोगा बेलगाम हो गया है वह सरकार और पुलिस की खुलेआम किरकिरी करा रहा है। घुरवारा कांड में पुलिसिया तांडव का अभी एक महीना भी नहीं पूरा हुआ विवादित, गैरजिम्मेदार, अनुभवहीन दरोगा हिमांशु मलिक ने डीह में एक बाइक सवार के साथ बदसूलकी की उसको तमाचा मारा जिसका वीडियो कैमरे में कैद हो गया और वीडियो वायरल होने के बाद दबाव में रायबरेली पुलिस को उसको निलंबित करना पडा। रायबरेली पुलिस विभाग के अनुभवहीन अधिकारियों की वजह से ऐसे विवादित कर्मचारियों का मन बढा हुआ है। चाहे फिर पुलिस अधीक्षक रायबरेली हो या सर्कल अफसर सदर या फिर सर्किल अफसर डलमऊ। इन अधिकारियों की अनुभवहीनता ही कह लीजिए कि उनके विभाग के अधीनस्थ कर्मचारी बेलगाम हो चुके हैं कल एसओजी प्रभारी पर बदसलूकी के आरोप सीएमएस ने लगाए। तो दूसरी ओर डीह में दरोगा हिमांशु मलिक ने युवक को तमाचा मार दिया और उसके साथ बदसलूकी की। अधिकारियों की शिथिलता के कारण विवादित कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं और मामलों में तेजी के साथ कार्यवाही ना होना कहीं ना कहीं सवाल खडे होते हैं। इसी के साथ अब विवादित दरोगा हिमांशु मलिक की जांच दो सर्कल के सीओ कर रहे हैं। अधिकारियों की शिथिल कार्यशैली और अनुभवहीनता के कारण कुछ विवादित पुलिसकर्मी बेलगाम हो गए हैं इन पर शासन द्वारा तेजी से कार्यवाही की जरूरत है उसी के साथ जिम्मेदारी भरे पदों से हटाने के साथ इन पर विभागीय जांच की भी जरूरत है। अन्यथा यह एक न एक दिन बडी घटना कराकर पुलिस विभाग और सरकार की किरकिरी करा देंगे।

# सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**कप्तानगंज, कुशीनगर।** सेना में नौकरी (असम राइफल) दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवक के पास से पुलिस ने जालसाजी के 1.25 लाख रुपए के साथ दो मोबाइल फोन, दो कूट रचित आधार कार्ड व एक एटीएम कार्ड बरामद किया है। बृजेश साहनी द्वारा थाना कप्तानगंज पर लिखित सूचना दिया गया कि पंकज कुमार प्रजापति पुत्र कृष्ण कुमार प्रजापति निवासी मून छपरा थाना रेवती जनपद बलिया द्वारा असम राइफल में नौकरी दिलाने के नाम पर 31 मार्च 2024 को उनके व उनके अन्य साथियों से मार्कशीट आदि ले लिए तथा विभिन्न तिथियों में पैसे लेकर धोखाधड़ी किया गया है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा घटना का संज्ञान लेते हुए घटना को शीघ्र अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी कसया कुशीनगर कुंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था जिसके क्रम में कप्तानगंज पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित अभियुक्त पंकज कुमार प्रजापति पुत्र कृष्ण कुमार प्रजापति निवासी मून छपरा थाना रेवती जनपद बलिया को आज गिरफ्तार कर कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वादी मुकदमा व उनके अन्य साथियों को सेना में (असम राइफल में) भर्ती कराने के नाम पर उनसे उनका मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र प्राप्त कर, पैसे लेकर फर्जी ज्वाईनिंग लेटर दे दिए। बाद में वादी द्वारा अपना पैसा मांगने पर जान-माल की धमकी दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्र0नि0 धनवीर सिंह थाना कप्तानगंज, सुर्यभान यादव, प्रदीप कुमार, संदीप गौड, रितेश यादव व भगवती दत्त यादव शामिल रहे।

## डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने सीएम डैशबोर्ड से जुड़ी योजनाओं में लापरवाही बरतने पर तीन अधिकारियों से तथा बैठक में गैरमौजूद रहने पर एक अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड की फ्लैगशिप योजनाओं को प्राथमिकता पर लिया जाए। यदि किसी अधिकारी की लापरवाही से जनपद की रैंकिंग प्रभावित होगी तो उत्तरदायित्व तय करते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। डीएम ने बताया कि सीएम डैशबोर्ड में कुल 41 योजनाओं एवं कार्यक्रमों के आधार पर रैंकिंग तैयार की जाती है जिनमें जनपद को 18 में ए प्लस तथा एक में ए मिला है। पाँच-पाँच योजनाओं में क्रमश बी, सी एवं डी ग्रेड मिला है एवं सात में ई मिला है। मंडी आय में खराब प्रदर्शन करने पर मंडी सचिव को, भूतत्व एवं खनिकर्म में आईएमएसएस के अनुसार प्रवर्तन कार्य में खराब प्रदर्शन करने पर खनन अधिकारी को तथा जीएसटी राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष वसूली न करने पर उपायुक्त जीएसटी से स्पष्टीकरण तलब किया है।

# क्रेन की ठोकर से छात्रा की दर्दनाक मौत, परिजनों में मची चीख पुकार

**अवधनामा संवाददाता**



- परीक्षा देकर घर आते समय हरपुर बरवा पुल के पास हुआ हादसा

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर हरपुर बरवा पुल के पास शुक्रवार को परीक्षा देकर आ रही एक छात्रा को तेज रफ्तार क्रेन ने पीछे से ठोकर मार दिया। मौके पर छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस क्रेन को कब्जे में ले लिया जबकि चालक फरार हो गया।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गौनरिया गांव निवासी नारायन राय की 16 वर्षीय बेटी नंदनी राय उम्र (16) क्षेत्र के परमहंस पब्लिक स्कूल मोहम्मदगंज में कक्षा 10वीं की छात्रा थी। शुक्रवार को वह साइकिल से अर्धवार्षिक परीक्षा देकर घर वापस आ रही थी कि हाटा के तरफ से तेज गति से आ रहा क्रेन ने पिछे से हरपुर बरवा पुल के पास कुचल दिया। घटना स्थल पर ही छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। सुचना पर पहुंची पुलिस शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर क्रेन छोड़कर चालक फरार हो गया। पुलिस उक्त वाहन को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कप्तानगंज धनवीर सिंह मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। तीन बहनों में दूसरे नंबर की थी नंदनी जो कक्षा दसवीं में पढ़ती थी। हादसे के बाद सड़क घंटों सड़क जाम हो गया था। उधर घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**देवरिया।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पोषण भी, पढ़ाई भी योजना के अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में, बीआरसी भवन देवरिया सदर में बाल विकास परियोजना सदर देवरिया की 100 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए त्रिदिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण के दौरान दस हस्तक्षेप, सामुदायिक आधारित कार्यक्रम गतिविधियां, पोषण अभियान और पोषण संबंधी सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इन सत्रों का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण और शिक्षा से संबंधित नवीनतम जानकारी प्रदान करना और उन्हें सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने के लिए सशक्त बनाना था।

# एनएसबीवीएम में आयोजित हुआ वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का समापन समारोह

**अवधनामा संवाददाता**

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में चल रही वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के अतिथि अमित सिंह (सीओ सिटी) और एनएसपीएस के अध्यक्ष इन्द्रेश विक्रम सिंह को न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह के साथ बैज और कैप लगाकर सम्मानित किया। इसी क्रम में प्रधानाचार्य श्री सिंह द्वारा संस्थापक-प्रबंधक डॉ शर्मा को और शैक्षणिक प्रभारी नितिन सिंह, स्पोर्ट्स इंचार्ज धनंजय सिंह एवं विवेक सिंह द्वारा क्रमशः एनएसपीएस सलेथू के प्रधानाचार्य राजीव सिंह, एनएसपीएस त्रिपुला के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति एवं प्रधानाचार्य एनएसबीवीएम को भी कैप लगाकर सम्मानित किया गया।

अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत से शुरू हुए समापन समारोह में अतिथियों द्वारा क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया और खेलकूद में प्रतिभाग संख्या के आधार पर सभी हाउस में ष्विनर विवेकानंद हॉउस एवं ष्रनरष् आजाद हॉउस को ट्रापी प्रदान की गई साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल बच्चों को भी सम्मानित किया गया।




- प्रतिभागी हुए पुरस्कृत, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी हुआ आयोजन

मुख्य अतिथि श्री सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल हमारे व्यक्तित्व और कैरियर के निर्माण में सहायक होते हैं। संस्थान के अध्यक्ष श्री सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है, इससे हमें सहयोग, नेतृत्व, एवं समय प्रबंधन सीखने को मिलता है जिसका फायदा हमें शिक्षा के क्षेत्र में भी मिलता है। कार्यक्रम के अंत में संस्थापक-प्रबंधक डॉ शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल हमारे मानसिक और शारीरिक विकास की एक कड़ी है जिसके माध्यम से हमारे व्यक्तित्व का निर्माण होता है, जीत और हार मायने नहीं रखती, आवश्यक है प्रतिभाग करना, आपने ने जिस प्रतिस्पर्धात्मक भावना से खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया उसी मनोयोग से अपनी शिक्षा पर भी ध्यान दें, परीक्षाएं समीप हैं परीक्षाओं के परिणाम ही आपकी वास्तविक सफ्लता प्रदर्शित करेगा।

## 2018 से अब तक ईएसएल ने लगाये 10732 स्ट्रीट लाइट, फिर भी शहर में अंधेरा

**अवधनामा संवाददाता**



**रायबरेली।** योगी सरकार में सरकारी धन के दुरुपयोग की पूरी कहानी नगर पालिका रायबरेली के द्वारा कराए गए स्ट्रीट लाइट कार्य से समझा जा सकता है एनर्जी एफिशिएंसी सर्विस लिमिटेड (ईएसएल) के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में 2018 में शुरू हुए कार्य में स्ट्रीट लाइट लगवाने और मेंटेनेंस के साथ 10732 लाइट लगवाने का दावा किया गया है लेकिन शहरी क्षेत्र में अधिकतर लाइट बंद बड़ी है और उसी के साथ शहर में घना अंधेरा रहता है। इन सबके इतर नगर पालिका ने खुला खेल फर्रुखाबादी खेला 2018 के बाद दोनों नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए विभिन्न निधि से भी स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य किया है जबकि ईएसएल द्वारा जो लाइटे लगायी गयी है। उनमें सरकारी अनुबंध में यह शर्त है कि स्ट्रीट लाइट लगाने के 7 वर्षो तक मेंटेनेंस का जिम्मे ईएसएल कम्पनी का रहेगा। उसके बावजूद नगर पालिका रायबरेली द्वारा 2018 से लेकर अब तक लगभग 500 से अधिक स्ट्रीट लाइटों को लगाया गया है। जिसका मेंटेनेंस का कार्य नगर पालिका रायबरेली द्वारा निरंतर कराया जा रहा है इन लाइटों का मेंटेनेंस एक वर्ष के लिए कार्यदायी संस्था द्वारा मान्य है। इसमें गौर करने वाली बात यह है कि नगर पालिका रायबरेली द्वारा सरकारी धन का अनुचित प्रयोग किया जा रहा है। क्योंकि 2018 से लेकर अब तक ईएसएल कम्पनी ने 10732 लाइटे लगायी है और उनका मेंटेनेंस कार्य भी ईएसएल कम्पनी द्वारा कागजो पर कराया जा रहा है। और भुगतान हेतु बिल नगर पालिका में दिये जा रहे है। आश्चर्यचकित करने वाली बात यह है कि अगर ईएसएल कम्पनी द्वारा काम सही नहीं किया जा रहा है तो नगर पालिका ने अब तक उसके खिलाफ कोई कार्यवाही क्यों नहीं की या फिर ईएसएल को भुगतान नहीं किया गया है इस वजह से कार्यवाही नहीं की गयी। या नगर पालिका रायबरेली द्वारा अपनी आमदनी का जरिया बंद न हो इसलिए अनुबंध के बाद भी व्यक्तिगत रूप से लाइटे क्रय करके नगर पालिका को राजस्व का चूना लगाया जा रहा है।

# डीएम का सख्त रुख, धान क्रय में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, अनियमितता पर होगी एफआईआर

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** जनपद में धान क्रय प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन सख्त रुख अपना रहा है। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। यदि किसी किसान को धान क्रय केंद्र पर अनावश्यक दौड़ाया गया या कोई अनियमितता पाई गई, तो संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान जानकारी दी कि जनपद में अब तक 6817 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है, जो कि पिछले वर्ष इसी अवधि में खरीदे गए 2978 मीट्रिक टन की तुलना में लगभग ढाई गुना अधिक है। इस वर्ष 114 धान क्रय केंद्रों के माध्यम से किसानों की उपज खरीदी जा रही है। डीएम ने इस प्रगति को बनाए रखने के लिए धान क्रय प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि धान क्रय में छोटे किसानों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि खतौनी सत्यापन का कार्य अधिकतम तीन दिनों के भीतर पूरा करें। सत्यापन में किसी भी प्रकार की देरी के लिए संबंधित एसडीएम की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें और क्रय केंद्रों की नियमित निगरानी करें। प्रत्येक किसान का धान खरीदा जाएगा और उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर दिया जाएगा। यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीएम ने कहा कि धान विक्रय के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। किसान www.fcs.up.gov.in या यूपी किसान मित्र एप के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। यह एप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। पंजीकरण के बाद किसान अपनी भुगतान स्थिति और जमीन के रकबे का सत्यापन भी देख सकते हैं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसानों को पंजीकरण प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें और अधिक से अधिक किसानों को पंजीकृत कराएं।

### हेल्पलाइन नंबर पर करें शिकायत

इसके साथ ही किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने जनपदीय हेल्पलाइन नंबर 9415387261 जारी किया है। किसान इस नंबर पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संपर्क कर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार ने भी टोल-फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है, जिस पर किसान अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला निर्यात समिति, एम.ओ.यू. .क्रियान्वयन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 में जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 210 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं। जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर 2690.20 करोड़ लागत के 149 एम.ओ.यू. अपलोड किये गये थे। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु जनपद को आवंटित लक्ष्य रू. 2500.00 करोड के सापेक्ष अब तक रू. 2644 करोड़ के ओ.एम.यू. ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हो गये हैं जो कि लक्ष्य का 108 प्रतिशत है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि 99 इकाईयां क्रियाशील हो गये हैं। डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि सम्बन्धित विभाग से समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि 01 अप्रैल से 28 नवम्बर 2024 तक 2486 आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 2237 आवेदन स्वीकृत, 170 आवेदन पत्र निरस्त एवं 27 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 47 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत है तथा 05 आवेदन पत्र समयोपरान्त लम्बित हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रकरणों को लम्बित न रखा जाय। लम्बित आवेदनों के सम्बन्ध में लोक निर्माण व लघु सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया कि शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं। डीएम ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन कराएं। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि एम.ओ.यू. के माध्यम से निवेश को बढ़ाया जाय। जिला उद्योग बन्धु अन्तर्गत पोषक तत्वों के मिश्रण की प्रॉसेसिंग करके एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) का निर्माण करने वाली इकाई श्याम जेपी शकुन्तला इंडस्ट्रीज, बहराइच को नान इनोवेटिव इकाई से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में उद्यान विभाग को निर्देश दिया गया कि मुख्यालय पुनः पत्र प्रेषित करायें।

## असरोगा टोल प्लाजा के निकट बेसुध मिली युवती

**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर सिटी से लखनऊ रास्ट्रीय राज्य मार्ग पर स्थित असरोगा टोल प्लाजा के निकट एक युवती सड़क किनारे लहूलुहान अवस्था में मिली है। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस। p41at7596 के द्वारा उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। एडमिट कराने के बाद एम्बुलेंस चालक वापस चला गया। इधर जरूरी औपचारिकताओं के कारण डॉक्टर अभी पूरी तरीके से हाथ नही लगाए हैं। बेसुध युवती की नाक से रक्तस्राव हुआ है। रह रह कर उसके सिर का मूवमेंट हो रहा है। शरीर पर दिख रहे निशान से ऐसा लग रहा है कि उसके साथ संघर्ष जैसी स्थिति हुई है महिला को शाम तकरीबन 6:50 पर राजकीय मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी कक्ष में भर्ती कराया गया है।चिकित्सा कर्मियों ने स्ट्रेचर पर पड़ी युवती को हरे रंग का कपड़ा लगाकर आड़ कर दिया है। खबर लिखे जाने तक नगर कोतवाली से दो पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचकर महिला की फोटो खींची और उच्च अधिकारियों की सूचित करने के लिए चले गए।

# रोपित किये गये पौधों की अभी तक नहीं हुई जियो टैगिंग

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** मुख्य विकास अधिकारी नेहा बन्धु ने जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की समीक्षा के दौरान पाया कि वृक्षारोपण अभियान-2024 के अन्तर्गत रोपित किये गये पौधों की अभी तक सहकारिता, विद्युत, परिवहन, बेसिक शिक्षा, पंचायती राज, पुलिस विभाग, प्राविधिक शिक्षा, नगर विकास एवं राजस्व विभाग, ऊर्जा, पशुपालन विभाग, द्वारा शत-प्रतिशत जियो टैगिंग पूर्ण नही की है, जिस पर उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि अभी जिन विभागों की जियो टैगिंग अपूर्ण है, वह 02 दिन के अन्दर अवशेष पौधों की जियो टैगिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान अपने-अपने पौधारोपण स्थलों का भी भ्रमण कर रोपित पौधों का सत्यापन करें, वर्ष 2024-25 में रोपित किये गये पौधों की अन्तर्विभागीय जॉच की समीक्षा में पाया कि उद्योग विभाग, रेशम विभाग, रेलवे विभाग, रक्षा विभाग, औद्योगिक विकास एवं वन विभाग द्वारा रोपित पौधों की जॉच नामित सत्यापन अधिकारी द्वारा की गयी है, ग्राम्य विकास विकास, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, उधान विभाग, जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, प्राविधिक शिक्षा, ऊर्जा विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उच्च शिक्षा, बेसिक शिक्षा, श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, माध्यमिक शिक्षा नगर विकास, सहकारित विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा रोपित पौधों की स्थलीय जॉच नामित अधिकारियों द्वारा न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित नामित अधिकारियों को रोपण स्थलों का सत्यापन कार्य 01 सप्ताह के अन्दर पूर्ण कर सत्यापन रिपोर्ट वन विभाग को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर निकाय से कहा कि अपशिष्टों के निस्तारण की कार्ययोजना तैयार करें, शहर में कही भी गंदगी न दिखे, नगरीय निकायों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबन्ध रखा जाये इस हेतु समय-समय पर अभियान चलाया जाये।

## अंतर महाविद्यालय खो खो प्रतियोगिता में गनपत सहाय महाविद्यालय की टीम बनी उपविजेता



**सुल्तानपुर।** डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा कल्पना शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान हैदरगंज, अम्बेडकर नगर में अंतर महाविद्यालय खो - खो (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही।महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ.ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी ने पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि जीत और हार दोनों ही सफलता के पहलू हैं,इसलिए निरंतर प्रयास जारी रखना चाहिए, जब तक सफलता प्राप्त न हो जाए।महाविद्यालय के प्रबंध समिति के सदस्य आशीष पाण्डेय सनी ने उपविजेता टीम का हौसला बढ़ाया और कहा कि टीम का फाइनल में पहुंचना आपकी मेहनत और प्रयास को दर्शाती है, जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.अंग्रेज सिंह राणा ने टीम को शुभकामनाएं दी और सलाह दिया कि अगर सफलता प्राप्त करनी है तो अपनी गलतियों से सीखना चाहिए और कोशिश करते रहना चाहिए। टीम मैनेजर डॉ रवीन्द्र शुक्ला ने टीम के प्रयासों की सराहना की और आश्वस्त किया कि अगली बार हम फाइनल में विजेता बनेंगे। इस अवसर पर प्रो.शाहिद, प्रो.शक्ति सिंह, डॉ विक्रमादित्य,डॉ.अरविंद तिवारी आदि शिक्षकों ने टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## सरेशाम बहनोई ने साले को मारी गोली, मौत



**सुल्तानपुर।** नगर के राहुल टॉकीज के पीछे स्थित कटहल वाली बाग मोहल्ला संवेदनशील बना हुआ है।आए दिन कोई न कोई अपराधिक वारदातें हो रही हैं।बीती रात रिश्ते फिर तार तार हो गए।बहनोई ने सेल को गोली मार दिया,घटना में साले की मौत हो गई। जिला अस्पताल में मोहल्ले वासियों की भीड़ लगी हुई है। सूचना पर नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह पहुंच गए।डेड बॉडी पोस्टमार्टम के लिए भेजी गई। नगर कोतवाली क्षेत्र के शास्त्री नगर चौकी अंतर्गत कटहल वाली बाग के निकट की घटना बताई जा रही है। घटना के पीछे का कारण प्रथम दृष्टया पारिवारिक कलह बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा बोले, घरवालों से पूछताछ के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर मामले का खुलासा किया जायेगा।

## पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के कार्यों को लेकर बड़ा खुलासा

**सुल्तानपुर।** जिस भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए सूबे की योगी सरकार लगातार शिकंजा कसते नजर आती दिख रही है , वही सुल्तानपुर जनपद के पंचायती राज विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार की दिन प्रतिदिन कलई खुलती दिखाई पड़ रही है।अभी कुछ दिनों पहले जहां ग्राम पंचायत अधिकारियों ग्राम विकास अधिकारियों के क्लस्टर को लेकर पंचायती राज अधिकारी के कामों का खुलासा हुआ था।वही अब पंचायत भवन कक्ष और ग्रामविकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी के क्लस्टर को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है।बताया जाता है कि विभाग का ही एक डी पी एम के जरिए साहब के चहेते ए डी ओ पंचायतों राज को पंचायत भवन कक्ष वितरित किया जा चुका है।जो कि बताया जाता है कि तत्कालीन डी पी आर ओ के कार्यकाल में जो पंचायत भवन बनाए गए उसका भुगतान न करते हुए , नए पंचायत भवन कक्ष वितरित कर धन आवंटित कर दिया गया है।बहरहाल इस मामले को लेकर जनपद के कई सामाजिक संगठनों में चर्चाओं परिचर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। जल्द ही इस मामले को लेकर सूबे के सी एम से लेकर प्रभारी मंत्री, व जिलाधिकारी से शिकायत करने की तैयारी की जा रही है।

# ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया मासिक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर परिसर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील पाये गये तथा वेयर हाउस भवन मानक के अनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित पाये गये। वेयर हाउस के निरीक्षण के उपरान्त डीएम मोनिका रानी ने निर्वाचन कार्यालय के पुराने भवन (गोदाम) तथा परिसर स्थित अन्य पुराने भवनों का निरीक्षण करते हुए अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि समिति का गठन कर निष्प्रयोज्य सामग्री का निस्तारण करा दें तथा निष्प्रयोज्य भवनों को हटाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करें जिससे उपलब्ध होने वाली भूमि का उपयोग किया जा सके। इस अवसर पर अधि.अभि. जल निगम कमला शंकर, अवर अभि. संदीप कुमार जायसवाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं।

# नगर निगम में आयोजित की गयी स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** नगर निगम फिरोजाबाद के जीवाराम हॉल में महापौर श्रीमती कामिनी राठौर एवं नगर आयुक्त ऋषिराज की गरिमामयी उपस्थिति में नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन सन्दीप भार्गव के निर्देशन में नगर निगम फिरोजाबाद के जीवाराम हॉल में स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा आयोजित कराए जाने के उद्देश्य से पार्षदगण, समस्त वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों एव एस0एप0आइ0, सफाई नायक के साथ एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जीरो वेस्ट कार्यक्रम के रूप में किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन अरविन्द भारती ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौरएवं नगर आयुक्त द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम नगर आयुक्त द्वारा समस्त 70 वार्डो में स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा की जानकारी देते हुए बैठक में उपस्थित समस्त गणमान्य को बताया कि नगर निगम के समस्त 70 वार्डो में क्षेत्रीय पार्षद के निर्देशन एवं स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सहयोग से स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है, प्रतिस्पर्धा में वार्ड सौदर्याकरण (वाल पेंटिंग, हरियाली/वृक्षारोपण, अपशिष्ट उत्पादों से बनी वस्तुए आदि), जी0वी0पी0/ ब्लैक स्पॉट/रेड स्पॉट/येलो स्पॉट का उन्मूलन, वार्ड स्तर की गतिविधिया, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, डोर टू डोर कलेक्शन, सोत पर अपशिष्ट पृथक्करण, वार्ड स्तर पर प्लास्टिक प्रतिबंध का कार्यान्वयन, सामुदायिक/घरेलू खाद निर्मा (होम कम्पोस्टिंग), 3त्त् (कम करे, पुनः उपयोग करें, पुनः चक्रित करें) सिद्धांत का कार्यान्वयन,वार्ड स्तर पर नागरिक भागीदारी, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की सक्रियता, पार्क/वेस्ट टू वंडर पार्क/घाट/शौचालय /होटल/स्कूलों की सफाई और सौंदर्याकरण के मूल्यांकन किया जाएगा उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन स्वच्छ वार्ड को शासन/निगम स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा काफी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। वर्तमान में चल रहे स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में महापौर के नेतृत्व में इसी प्रकार और अच्छे प्रदर्शन को हम दोहरायेंगे। तत्पश्चात् महापौर ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नागरिकों के सहयोग से नगर निगम फिरोजाबाद ने देश में 52वां, प्रदेश में 06वां, मण्डल में प्रथम स्थान एवं गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी)स्टार रेटिंग में 3 स्टार प्राप्त किया था।

## ई-रिक्शा वाहनों के क्रय में एडीओ पंचायत अधिकारियों ने कर दिया खेल

**सुलतानपुर।** जिले के पंचायती राज विभाग में नियमों को अनदेखा कर ई रिक्शा वाहनों के क्रय में भ्रष्टाचार करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिले में 450 से अधिक ई-रिक्शा वाहनों का क्रय एवं भुगतान पंचायतो द्वारा कर दिया गया। लेकिन हैरानी इस बात की कि जिम्मेदारों ने शासन के जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय किए जाने के मंसूबे को फेल कर दिया। पंचायती राज विभाग में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए शासन द्वारा बड़े प्रयास किया जा रहे हैं। ग्राम पंचायतों में कार्य योजना के अनुसार जिले भर में 450 से अधिक ग्राम पंचायत में ई रिक्शा का खरीद जेम पोर्टल के तहत किया जाना था।

### सूचना

मैंने अपने पुत्र बिलाल के गलत आचरण से आजिज आकर उससे सभी प्रकार के नाते-रिश्ते खत्म कर दिए हैं। मैंने अपने पुत्र बिलाल को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अगर बिलाल कोई भी लेन-देन व गलत कार्य करता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा।

मौहम्मद शहज़ाद पुत्र अब्दुल शकूर
निवासी 590 गली नं0 4
कश्मीरी गेट 60 फुटा
थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद

# प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने तैनाती स्थल पर ही करें रात्रि विश्राम

**मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं की जाएं प्रदान : जिलाधिकारी**

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जननी सुरक्षा योजना का लाभ प्रत्येक प्रसूता को प्रसव के 48 घंटे के भीतर प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराया जाए, गर्भावस्था के दौरान ही आशा, ए.एन.एम., आंगनबाड़ी के माध्यम से महिला का आधार कार्ड, बैंक विवरण प्राप्त कर एम.सी.पी. कार्ड में भरा जाए, ग्राम स्तरीय स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, उनके परिजनों को संस्थागत प्रसव के साथ स्वास्थ्य विभाग की मिलने वाली योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाए, प्रसूता को अच्छी क्वालिटी का नाश्ता, दोपहर-शाम का खाना उपलब्ध कराया जाए, डिस्चार्ज होने पर उसे ड्रॉपबैक की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जो प्रसूताएं अपने कन्वेंस से जाएं, उनका विवरण अंकित किया जाए, आशा, संगिनी के मानदेय के भुगतान में विलंब न हो, सुनिश्चित किया जाए। उन्होने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किसी भी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर द्वारा लक्ष्य की पूर्ति नहीं की जा रही है, सबसे खराब प्रगति मानपुरहरी बेवर, किशनी की है, सी.एच.ओ. इस पर ध्यान दें, मासिक लक्ष्य के सापेक्ष प्रत्येक दशा में शत-प्रतिशत पूर्ति करना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा के दौरान देते हुये कहा कि जिला चिकित्सालय महिला-पुरुष, सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ-साथ इम्पैनल्ड, 14 निजी चिकित्सालयों में आयुष्मान कार्ड धारकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मिले, किसी भी आयुष्मान कार्ड धारक को स्वास्थ्य सेवाएं मिलने में कोई असुविधा न हो, जनपद में इम्पैनल्ड निजी चिकित्सालयों में इस वर्ष अब तक मात्र 166 आयुष्मान कार्ड धारकों को ही स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई हैं, जो काफी कम है, सभी प्र. चिकित्साधिकारी संस्थागत प्रसव के लक्ष्यों की पूर्ति करें, आशा, संगिनी, ए.एन.एम. के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, उनके परिजनों को संस्थागत प्रसव कराने के लिए प्रेरित किया जाए, किसी भी दशा में घरेलू प्रसव न हो। उन्होने परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान कहा कि महिला-पुरूष नसबंदी की प्रगति संतोषजनक नहीं हैं, महिला नसबंदी के लक्ष्य 1282 के सापेक्ष अब तक मात्र 106 एवं पुरूष नसबंदी के वार्षिक लक्ष्य 21 के सापेक्ष मात्र 02 की ही पूर्ति की गयी है, जो निराशाजनक है। उन्होने कहा कि महिला-पुरुष नसबंदी के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कैंप आयोजित कराये जाएं। सिंह ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किशनी, करहल, जागीर की प्रगति भी ठीक नहीं है, इन स्वास्थ्य केन्द्रों के अधीन परिषदीय विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रें के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण में कोताही बरती जा रही है, किशनी में मात्र 21.44, करहल में 43.31 एवं जागीर में 43.88 बच्चों का ही स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है।

### नगर निगम, शाहजहाँपुर

**भूल-सुधार**

दिनांक 29.11.2024 को प्रकाशित नगर निगम, शाहजहाँपुर के पत्रांक संख्या- 464/पी0आर0ओ0 / न0नि0 शाह0/2024-25 दिनांक 28.11.2024 को पेज-14 पर 'अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना' के स्थान पर 'अति अल्पकालीन निविदा सूचना' पढ़ा व समझा जायें।

**नगर आयुक्त**

## लव जेहाद-- डेढ़ साल पहले निकाह पढ़ने वाली गुजराती युवती की मिली लाश

**सुल्तानपुर, कुड़वार।** गृहमंत्री अमित शाह के क्षेत्र से महीनों पहले लायी गयी युवती की सुल्तानपुर में आकस्मिक मौत हो गयी है। कुड़वार थाना क्षेत्र के महाराजगंज में गुजरात से लाई गई ज्योति(काल्पनिक नाम) की कुड़वार के महराजगंज में संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई है। महाराजगंज के मुस्लिम युवक ने 22 वर्षीय युवती को गुजरात से लाकर पत्नी की तरह रखे था। जिसकी आज गुरूवार को मौत होने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद फोर्स गाँव मे पहुँची है।फॉरेंसिक टीम मौके पर भेजी गई है।। इलाकाई लोगों द्वारा बताया जा रहा है कि हिंदू युवती को प्रेरित करके निकाह पढ़ाया गया था। कुड़वार थानाध्यक्ष चंद्रभान वर्मा कहते हैं कि डेढ़ साल पहले हिंदू युवती ने निकाह पढ़ा था। डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## उप जिलाधिकारी खिलाफ अधिवक्ता हुए लामबंद



**सुल्तानपुर।** एसडीएम बल्दीराय के खिलाफ अधिवक्ताओ ने मोर्चा खोल दिया। नियम विरुद्ध मुकदमो में कार्यवाही का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट में सी डी ओ को ज्ञापन सौंपा।तीसरे दिन लामबंद रहे अधिवक्ता,बोले दुर्व्यवहार बर्दाश्त नही किया जाएगा। मामला बल्दीराय एसडीएम आईएएस गामिनी सिंघला से जुड़ा है।इनके द्वारा खासतौर से राजस्व के मुकदमों में कानून की अनदेखी की जा रही हैं। वादी प्रतिवादी के अधिवक्ता नामित है फिर भी सीधे संपर्क कर मनमानी आदेश हो रहे हैं। अधिवक्ता संघ तब से लगातार न्यायिक कार्य से विरत है फिर भी मुदकमे में सुनवाई की जा रही है। फिलहाल न्यू अवध बार एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्ट्रेट स्थित जनता दरबार मे मौजूद सीडीओ अंकुर कौशिक को ज्ञापन सौंपा। यदि एसडीएम अपनी कार्यशैली में सुधार न की तो बृहद आंदोलन होगा। सूत्रों की माने तो इनके कार्यकाल में दफ्तरों में काम कर रहे स्थाई व प्राइवेट कर्मी हो राजस्वकर्मी, लेखपाल, कानूनगो हर कोई मनमानी कर रहा है। ज्ञापन देने वालो में बार अध्यक्ष मनोज सिंह,महासचिव बृजेश यादव,पवन दूबे, बद्री नाथ शुक्ला,अनिल यादव, अबिनाश तिवारी समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## शुक्र बाजार स्टेशन रोड से ईओ ने हटवाये फड़



**टूण्डला।** नगर में लगने वाले शुक्रवार बाजार के दौरान सड़क पर फड़ लगाए जाने की शिकायत मिलने पर अधिशासी अधिकारी ने पालिका की टीम के साथ पहुंचकर सड़क पर लगने वाले फड़ों को हटवाया। ज्ञात रहे टूंडला में शुक्रवार को बाजार लगता है जिसमें बाहर के दुकानदार आकर अपने फड़ लगाते हैं,बहुत से दुकानदार अपने फड़ों को स्टेशन रोड पर ही लगा लेते हैं इसकी शिकायत अधिशासी अधिकारी के पास पहुंची तो वे स्वयं पालिका की टीम को लेकर स्टेशन रोड पर पहुंचे और स्टेशन रोड पर फड़ लगाने वालों को वहां से हटाया साथ ही हिदायत दी कि भविष्य में कोई फड़ सड़क पर लगाएगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## अवैध तमंचा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा एवं जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान अभियुक्त अरविन्द कुमार पुत्र किशन पाल निवासी नगला रति लाइनपार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को जाजपुर बम्बा चौराहा थाना क्षेत्र टूण्डला से मय एक अवैध तमंचा व अवैध जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त से बरामदगी गिरफ्तारी के आधार पर थाना टूण्डला पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## दो वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या में वांछित 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु जनपद मे चलाये जा रहे चौकिंग अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा 02 वांछित अभियुक्तगण यशपाल उर्फ यशवीर उर्फ उदयप्रताप पुत्र फौरन सिंह, फौरन सिंह पुत्र ज्वाला प्रसाद निवासीगण ग्राम नगला मवासी थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद सम्बन्धित मु0अ0सं0 305/2024 धारा 80(2)/85/115(2) बी0एन0एस0 व = दहेज प्रतिषेध अधिनियम थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सम्मिलित रहे प्र0नि0 उदयवीर सिंह मलिक, उ0नि0 सुधीर कुमार, का0 1084 प्रशान्त कुमार, का0 32 दीपक कुमार थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

## शातिर अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में



**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा महिला सम्बन्धी अपराध में वांछित शातिर अभियुक्त कुलदीप को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन मे जनपद में वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा महिला सम्बन्धी अपराध के मु0अ0सं0 0445/24 धारा 64/333 बी0एन0एस0 में वाँछित अभियुक्त कुलदीप पुत्र महिपाल निवासी नगला मिलिक थाना जसराना फिरोजाबाद को पटीकरा नहर पुल से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में व0उ0नि0 मुनेश कुमार, उ0नि0 शीलचन्द्र गौतम, का0 1066 प्रवेन्द्र थाना जसराना जिला फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।


# कार्यालय जिला पंचायत, महराजगंज।

पत्रांक :- 419/जि0पं0म0/2024-25 दिनांक : 29 नवम्बर, 2024

## अति अल्प कालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग सूचना

जिला पंचायत महराजगंज के समस्त जिला पंचायतो में पंजीकृत ठेकेदारों/सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/15वॉ वित्त अनटाइड एवं टाइड ग्राण्ट योजनान्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा के साथ कार्य का विवरण तथा नियम व शर्तें अपलोड की गयी हैं, जिसे देखा व पढ़ा जा सकता है। ई-निविदा दिनांक 04.12.2024 को अपरान्ह 04.00 बजे से https://etender.up.nic.in पर जाकर दिनांक 20.12.2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 21.12.2024 को टेण्डर समिति के समक्ष अपर मुख्य अधिकारी के कक्ष में अपरान्ह 04.00 बजे निविदा खोली जायेंगी। प्रत्येक निविदा के साथ टेण्डर फार्म के कीमत की धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/चालान/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत महराजगंज के जिला निधि खाता संख्या. 21246239861 आई0एफ0एस0 सी0 कोड - IDIB000M537 इण्डियन बैंक महराजगंज में जमा कर, प्राप्ति रसीद/प्रमाण टेण्डर फार्म के साथ संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक टेण्डरदाता को अपने टेण्डर फार्म के साथ अनुमानित कार्य मूल्य पर 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत के जमानत खाता संख्या. 3415101000748 आई0एफ0एस0सी0 कोड - CNRB0018642 केनरा बैंक महराजगंज अथवा बैंक सावधि जमा रसीद/एन0एस0सी0, जिला पंचायत की रसीद प्रत्येक कार्य के साथ अलग-अलग नियत धनराशि का जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महराजगंज के पद नाम से बन्धक होगा, को संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त समस्त मूल अभिलेख कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा तथा मु0 40.00 लाख के उपर की परियोजनाओं की तकनीकी स्वीकृति शासन से प्राप्त होने के उपरान्त ही अनुबन्ध आदि की कार्यवाही की जायेगी। किसी भी दशा में अनुबन्ध से पूर्व हुए कार्य को श्रमदान माना जायेगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-टेण्डरिंग के सम्बन्ध मे शासन से यदि कोई निर्णय लिये जाते हैं तो ठेकेदार को मान्य होंगे।

| S.No. | Tender Published Date and Time | Tender Sale Start Date and Time | Tender Sale End Date and Time | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 04-12-2024 04.00 PM | 04-12-2024 04.00 PM | 20-12-2024 11-00AM | 21-12-2024 04-00PM |

**अभियन्ता** जिला पंचायत महराजगंज। **अपर मुख्य अधिकारी** जिला पंचायत महराजगंज। **मा. अध्यक्ष** जिला पंचायत महराजगंज।

# संगठन को और मजबूत बनाने के लिए क्षमतावान को लाना होगा: वीरेंद्र

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** संगठन पर्व 2024 के तगत सक्रिय सदस्यता एवं संगठनात्मक चुनाव के तहत शुक्रवार को भाजपा जनपद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में द्वितीय चरण की %जिला कार्यशाला% सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व राज्यमंत्री पूर्व प्रदेश मंत्री जिला चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन को और मजबूत बनाने के लिए क्षमतावान और विचारवान लोगों को लाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं की मेहनत को सराहते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक सदयस्ता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मण्डल चुनाव प्रक्रिया केवल उन्हीं मंडलों में आरंभ की जा सकेंगी जहाँ कम से कम 50 प्रतिशत बूथ समितियों का गठन पूर्ण हो चुका होगा। जिन मंडलों में 50 प्रतिशत बूथों का गठन संभव नहीं होगा वहाँ अस्थायी समितियों का गठन किया जाएगा और वहाँ बूथ एवं मण्डल का गठन नए जिलाध्यक्ष संभालेंगे। मण्डल चुनाव से पूर्व सक्रीय सदस्यता का सत्यापन अनिवार्य होगा। यह सुनिश्चित करना अतिआवश्यक है कि केवल सक्रिय सदस्य ही मण्डल अध्यक्ष के लिए प्रस्तावित, अनुमोदित और निर्वाचित हो।

मण्डल अध्यक्ष के लिए कम से कम 2 बूथ अध्यक्षों द्वारा नाम प्रस्तावित व अनुमोदित होना व आवेदन करने वाले कार्यकर्ता का 2 बार सक्रिय सदस्य होना भी अनिवार्य होगा। मण्डल अध्यक्ष की उम्र 45 वर्ष से कम होनी चाहिए व मण्डल पदाधिकारी के लिए उम्र की सीमा लागू नहीं होगी। मण्डल अध्यक्ष पद का प्रत्याशी मण्डल, जिला स्तर या मोर्चा में पदाधिकारी होना चाहिए वहीं मण्डल कार्यसमिति सदस्य के लिए भी सक्रिय सदस्यता अनिवार्य है। आगामी 1 व 2 दिसम्बर को मण्डल स्तर पर बैठक का बूथ समिति का सत्यापन किया जाएगा तथा 5 दिसम्बर से 15 दिसंबर तक मण्डल अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि कार्यकर्ताओं को संविधान के प्रति जागरूक करना और भारतीय लोकतंत्र की मजबूती के लिए कार्य करना हमारी प्राथमिकता होगी। संगठन पर्व के दौरान प्रत्येक बूथ समिति में व मण्डल अध्यक्ष के चुनाव में महिलाओं और अनुसूचित जाति /जनजाति के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने की बात कही। भाजपा संगठन में सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण है और हम इसे सर्वसमावेशी बनाना है ताकि 2027 के विधानसभा चुनाव में जसवंतनगर विधानसभा सहित जनपद की तीनों विधानसभा में भाजपा का परिचम लहराया जा सकें। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अपने समापन उद्बोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने पार्टी संगठन को और भी मजबूत बनाने पर जोर दिया साथ ही महिला सशक्तिकरण और सर्वसमावेशी संगठन की दिशा में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। फैसला किया गया कि संगठन के खिलाफ जाने वाले व अनुशासन हीनता करने वाले नेताओं को पद नहीं दिया जाएगा। भाजपा गणतंत्र दिवस तक संविधान गौरव दिवस जिला व मण्डल स्तर पर मनाएगी। 6 दिसम्बर को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि बूथ स्तर पर मनाई जाएगी। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी तथा 27 दिसम्बर को बाल शहीद दिवस मनाया जाएगा। कार्यशाला को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष व जिला सदस्यता अभियान प्रमुख डॉ रमाकांत शर्मा ने कहा कि प्रदेश में ढाई करोड़ व जनपद में 1लाख 70 हजार से अधिक सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का काम भाजपा जैसा कार्यकर्ता आधारित संगठन ही कर सकता है। कार्यशाला की प्रस्तावना जिला सह-चुनाव अधिकारी व जिला उपाध्यक्ष हरनाथ कुशवाह ने रखी। कार्यशाला का संचालन जिला सह-चुनाव अधिकारी व जिला मंत्री राहुल राजपूत ने किया।

इस अवसर पर कार्यशाला में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, सिद्धार्थ शंकर दोहरे, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, गोपाल मोहन शर्मा, पूर्व प्रत्याशी जसवंतनगर विवेक शाक्य, जिला सह-सदस्यता प्रमुख व जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, जिला उपाध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, शिवकिशोर धनगर, देवप्रताप भदौरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता विमल भदौरिया, कृपा नारायण तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य सहित जिला पदाधिकारी, मोर्चाओ के अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल महामंत्री, मण्डल चुनाव अधिकारी, शक्तिकेन्द्र चुनाव अधिकारी उपस्थित रहें।

# इंडेन एलपीजी सिलैंडर प्रयोग संबंधित कार्यशाला आयोजित की गई

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** लक्ष्मी गैस एजेंसी के द्वारा एक भव्य कार्यक्रम में इंडेन एलपीजी सिलिंडर प्रयोग से संबंधित सुरक्षा क्लिनिक श्री शीतला प्रसाद शोरावाल बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिवीज़नल एलपीजी सेल्स हेड रमेश कुमार व इंडियन ऑयल के सेल्स ऑफिसर कौशल कुमार इटावा औरैया व लक्ष्मी गैस एजेंसी इंडेन के प्रबंधक तरन पाल सिंह कालरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एलपीजी सिलिंडर प्रयोग में सेफ्टी से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें सर्वप्रथम लक्ष्मी गैस एजेंसी इंडेन के प्रबंधक तरन पाल सिंह कालरा व कौशल कुमार द्वारा एलपीजी इंडेन सिलिंडर के इस्तेमाल में सेफ्टी से संबंधित बिंदुओ पर छात्राओं को सेफ्टी से संबंधित जानकारियां दी गई, जिसमें इंडियन ऑयल के अधिकारियों द्वारा सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण व प्रमुख प्रश्नों पर चर्चा हुई और उन प्रश्नों के सही उत्तर देने पर छात्राओं को रमेश कुमार आगरा इंडेन कार्यालय प्रमुख के कर कमलों द्वारा जिसमें राधा, अनन्या, प्रियांकी, इबरा, वैष्णवी सैनी, जारानाज, कशिश पुत्री मु.इसरत, कशिश पुत्री कृष्णगोपाल, शुभी, दीप्ती जैन, सुहानी यादव, सुहालियानाज व कामिनी को सही उत्तर देने पर उत्साह वर्धन करते हुए सम्मान स्वरूप पुरस्कृत किया गया। सेफ्टी कैम्प में शीतल प्रसाद शोरावाल विद्यालय की छात्राओ और समस्त स्टाफ को मुख्य अतिथि रमेश कुमार डिवीज़िनल एलपीजी सेल्स हेड ने संबोधित करते हुए बताया कि सुरक्षा एक आदत होती है, जो घर से प्रारम्भ होती है। सुरक्षा जीवन में प्रमुखता पर होनी चाहिए, आपकी सुरक्षा आपके काम करने के तरीक़ों और आपकी जानकारी पर निर्भर करती है, यदि आप सुरक्षा की आदत अपने जीवन में उतार लेते हैं तो आप सुरक्षित रहेंगी और अन्य परिवारों को भी सुरक्षित रख सकती हैं। इटावा क्षेत्र के सेल्स ऑफिसर कौशल कुमार ने बहुत विस्तार पूर्वक इंडेंन एलपीजी सिलिंडर प्रयोग में सुरक्षा संबंधी विषयों पर प्रकाश डाला। तरन पाल सिंह कालरा लक्ष्मी गैस एजेंसी इंडेन के प्रबंधक की तरफ़ से गिफ्ट वितरण एवं कार्यक्रम आयोजित करने का प्रबंध किया गया और अंत में विद्यालय परिवार की श्रीमती अनामिका वर्मा (प्रवक्ता), आसिन्धु कुमारी (विज्ञान शिक्षिका), रीता कुमारी (स.अ.), अर्चना गौतम (प्रवक्ता), प्रीती यादव (स.अ), सीमा मैडम (स.अ), रचना मैडम (स.अ)दिनेश, राहुल (बाबू जी) का इंडेन एलपीजी सिलिंडर के प्रयोग में सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम को विद्यालय में आयोजित करवाने के लिए आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

# गुमशुदा बालको को सकुशल बरामद कर परिजनो को सौंपा

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन मे थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। 28/29.11.2024 की रात्रि को प्रार्थी मनोज कुमार यादव पुत्र रतन सिंह तथा जगदीश यादव पुत्र राम सिंह निवासीगण ग्राम जाफरपुर थाना ऊसराहार द्वारा थाना ऊसराहार पर सूचना दी कि मनोज यादव का पुत्र आकाश यादव उम्र करीब 14 वर्ष तथा जगदीश यादव का पुत्र अमन कुमार उम्र करीब 14 वर्ष दोनों कक्षा 8 के छात्र हैं तथा अलग-अलग स्कूलों में पढ़ते हैं। दोनों बच्चे साइकिल से गांव में ही दुकान पर सामान लेने की बात कह कर घर से गए थे, जो अभी तक वापस नहीं आये। आस-पास काफी तलाश करने करने पर भी नही मिले।

सूचना पर तत्काल थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संभावित स्थानों पर गुमशुदा बालकों को तलाश किया गया एवं ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जनपद मे लगाये गये सीसीटीवी कैमरों की मदद लेकर उक्त दोनो बालको को मात्र 12 घण्टे के अन्दर इटावा रेलवे स्टेशन के पास समय करीब प्रातः08:00 बजे सकुशल बरामद किया गया। थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा दोनो बालकों को उनके परिजनों का सुपुर्द किया गया। अपने-अपने बालकों को सकुशल पाकर उनके परिजनों द्वारा इटावा पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मंसूर अहमद थाना ऊसराहार, उ0 नि0 संजय सिंह, का0 अंकित यादव मय टीम के साथ रहे।

## एनसीएल में मनाया गया 40वां स्थापना दिवस

**सोनभद्र/सिंगरौली।** गुरुवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के 40वें स्थापना दिवस के अवसर पर एनसीएल मुख्यालय स्थित सिंगरौली स्टेडियम में केंद्रीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनसीएल सीएमडी, बी. साईराम, एनसीएल के पूर्व सीएमडीगण क्रमशः ए. के. दास, एस. वी. चाओजी, टी. के. नाग, बी. आर. रेड्डी, पी. के. सिन्हा, एनसीएल के निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/ संचालन) जितेन्द्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनसीएल पंकज कुमार सहित श्रमिक संघ के जेसीसी सदस्य - सीएमएस से अजय कुमार, बीएमएस से श्यामधर दुबे, एचएमएस से अशोक कुमार पांडे, सीएमओएआई महासचिव सर्वेश सिंह उपस्थित रहे। साथ ही परियोजनाओं एवं मुख्यालय के महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष व बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारीगण व स्थानीय जनमानस भी मौजूद रहे।

# फैमिली आई डी बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें

**अवधनामा संवाददाता**

- फैमिली आई.डी. एक परिवार एक पहचान उ0प्र0 के प्रत्येक राशन कार्ड रहित अध्यासित परिवारों के लिये आवश्यक

**बाँदा।** मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा उ0प्र0 के अध्यात्वित परिवारों के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित न होने पाल ऐसे परिवार जो राशन कार्ड के पात्र नहीं अथवा जिनका राशन कार्ड बना ही नहीं है उन्हें फैमिली आई0डी0 पाटल https://familyid.up.gov.in के माध्यम से आवेदन कर फैमिली आई0डी0 उपलब्ध कराने हेतु व्यवस्था की गयी ही। भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु फैमिली आई0डी का होना अति आवश्यक है। आवेदकः- परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य जो स्वयं एवं परिवार के सदस्यों की ओर से आनलाइन ब्लाक स्तर पर ए0डी0ओ0 (पंचायत) व ग्राम पंचायत में कार्यरत पंचायत सहायक के माध्यम से आवेदन कर सकता है। फैमिली आई0डी0 निर्मित हेतु आवेदन का सत्यापन शहरी क्षेत्रों में उप जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित लेखपाल के माध्यम स तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित ग्राम में पंचायत सचिव / ग्राम्य विकास अधिकारी के माध्यम से किय जाएगा। यदि कोई आवेदक स्वयं फैमिली आई0डी0 निर्मित करने हेतु आवेदन करता है तो कोई भी यूजर चार्ज देय नहीं होगा फैमिली आई0डी0 हेतु आवेदन आधार सेवा केन्द्र (ष्टस्ष्ट), जन सेवा केन्द्र अथवा मोबाइल के माध्यम से किया जा सकता है।

**आवश्यक दिशा-निर्देश-** 1-प्रत्येक फैमिली आई0डी0 पंजीकरण हेतु परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड वांछित है। 2- परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड मो0 नम्बर से लिंक होना आवश्यक है। 3.पजीकरण के समय सभी सदस्यों के आधार कार्ड के सापेक्ष OTP आधारित e-KYC होगा। 4- आवेदक अपने मोबाइल के माध्यम से भी पोर्टल पर OTP तथा कैप्चा का उपयोग कर पंजीकरण कर सकता है। 5- पोर्टल द्वारा अंतिम रूप से फैमिली आई0डी0 निर्मित होने एवं निरस्त होने की सूचना एस0एम0एस0 के माध्यम पंजीकृत मोबाइल पर स्वतः प्राप्त हो जायेगी। 6- परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा फैमिली आई0डी0 के पंजीकरण की अधनत स्थिति/प्रगति को "Track Application Status" लिंक पर जाकर एवं आवेदन संख्या डालकर प्राप्त किया जा सकता है। फैमिली आई0डी0 आवेदन स्वीकृक्ति की दशा में जारीकर्ता अधिकारी द्वारा SMS द्वारा फैमिली आई0डी0 संख्या प्रेषित को त्तएगी, जिसे आवेदक पोर्टल में संख्या डालकर फैमिली आई0डी0 प्राप्त कर सकता है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियां पूरी

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** 30 नवंबर 2014 को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में पंडित जे. एन.डिग्री कॉलेज के मैदान का जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया। उन्होंने सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सभी तैयारियां को शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने संपूर्ण सफाई व्यवस्था के लिए अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका एवं नगर पंचायत तथा जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने पेयजल व्यवस्था के लिए जल निगम के अधिकारियों को टैंकरों की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कार्यक्रम स्थल में डॉक्टरों की टीम, एंबुलेंस, सैनिटाइजर ,मास्क आदि की व्यवस्था कराए जाने के संबंध में निर्देशित किया। समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए के अपने-अपने क्षेत्र के वर एवं वधू को 30 नवंबर को समय पर उपस्थित कराने की व्यवस्था करें। निरीक्षण के समय बताया गया कि इस कार्यक्रम में लगभग 650 जोड़ों का विवाह संपन्न होना है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था तथा आवश्यक यातायात की व्यवस्था एवं सुरक्षा की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री वेद प्रकाश मौर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री अभिषेक अवस्थी एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत बड़ा गाँव में मनरेगा के कार्य मे सरकारी धन का हो रहा है बंदर बाट

**सुमेरपुर हमीरपुर।** विकास खण्ड सुमेरपुर के ग्राम पंचायत बड़ा गाँव में विकास कार्य के नाम पर पुराने काम को नया दिखाकर फर्जी ढंग से भुगतान निकाला जा रहा है। ग्राम बड़ा गांव के कुछ जागरूक लोगो ने बताया



कि कुलहरिया नाला में हथिया डांडा से चेकडम तक नाला मे खुदाई कार्य का काम करीब 6 माह पूर्व कराया गया था। अब उसी काम को नया दिखाने के लिये फर्जी ढंग से डिमांड लगाकर लेवर का भुगतान कराया जा रहा है। ग्रामीणो का कहना है कि सैकड़ो लेवर की जो फोटो खींची गयी है उसमें साफ दिखाई दे रहा है कि सरसो की पकी फसल खड़ी है तब की फोटो मौजूदा समय में नया काम करते हुये फोटो दर्शायी गयी है। इससे साफ साबित होता है। पुराने काम को नया दिखाकर सैकडो मजदूरों के नाम फर्जी भुगतान कराकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। ग्रामीणो ने जिलाधिकारी से माँग की है कि इसकी जाँच करायी जाये और दोषियो के खिलाफ कार्यवाही की जाये।

# पिछले 40 घंटे से जारी है आयकर विभाग की छापेमारी

- छापेमारी के दौरान कंपनी का मुख्य मैनेजर हुआ भूमिगत
- भारी मात्रा में टैक्स चोरी पकड़े जाने की संभावना



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** उद्योग नगरी में संचालित रिमझिम इस्पात लिमिटेड एवं जूही एलाइज में आयकर विभाग की छापेमारी पिछले 40 घंटे से निरंतर जारी है। सूत्रों का कहना है कि आयकर टीम को टैक्स चोरी की भारी गड़बड़ियां मिली है। छापेमारी के दौरान मौका पाकर कंपनी का एक मैनेजर भूमिगत हो गया है। इसकी तलाश में रात में कंपनी के अंदर और बाहर छापेमारी की गई लेकिन भूमिगत मैनेजर हाथ नहीं लगा है। बताते हैं कि यह मैनेजर ही रिमझिम इस्पात का मुख्य संचालक है और कुछ प्रतिशत का हिस्सेदार भी कंपनी के शेयरों में है। इसके गिरफ्त में आने के बाद कई और राज भी सामने आ सकते हैं। दोनों कंपनियों के आधा दर्जन मैनेजर आयकर विभाग की टीम की गिरफ्त में है। इनसे टीम अलग-अलग कमरों में बैठाकर पूंछताछ कर रही है।

टैक्स चोरी की आशंका में आयकर विभाग की टीम ने जीएसटी की डीजीजीआई टीम के साथ बुधवार की रात 11 बजे सुमेरपुर कस्बे की रिमझिम इस्पात एवं जूही एलाइज में एक साथ छापा मारा था। तब से टीम की छापेमारी निरंतर चल रही है। गुरुवार की सुबह से दोनों फैक्ट्रियों में उत्पादन ठप चल रहा है। बताते हैं कि गुरुवार को देर शाम जब कंपनी के कर्मचारियों को बाहर निकाला जा रहा था तभी कंपनी का मुख्य मैनेजर आयकर टीम को चकमा देकर फैक्ट्री से निकल भागा। इसकी तलाश में टीम ने फैक्ट्री के अंदर बाहर छापेमारी की लेकिन वह हाथ नहीं लगा है। बताते हैं कि दोनों फैक्ट्रियों के संचालन की जिम्मेदारी इसी के हाथ है और सारा लेखा जोखा इसी के पास रहता है। अगर यह टीम की हत्थे चढ़ जाता तो कई रहस्य उजागर हो सकते थे लेकिन यह फैक्ट्री कर्मी बनकर फैक्ट्री के अंदर से बाहर निकलने में कामयाब हो गया। उधर टीम ने फैक्ट्री के आधा दर्जन मैनेजरों को अपनी गिरफ्त में ले रखा है और इनसे अलग-अलग कमरों में बैठाकर पूंछतांछ की जा रही है। टीम के साथ आये पीएसी बल के जवान मुख्य गेट से लेकर कार्यालय और आवासीय फ्लैटों में डटे हुए हैं। कोई अंदर से बाहर तथा बाहर से अंदर नहीं जा पा रहा है। टीम के हाथ क्या लगा है इसकी अधिकृत जानकारी अभी तक टीम ने यहां किसी से साझा नहीं की है। मीडिया को भी टीम ने बाहर से लौटा दिया है। सूत्रों का कहना है कि टीम को टैक्स चोरी के बड़े सबूत हाथ लगे हैं। इन्हीं सबूत को पुख्ता करने के साक्ष्य टीम जुटाने में लगी है। उधर कंपनी के बाहर कच्चा माल लेकर आए सैकड़ों ट्रक खड़े हो गए हैं। बताते हैं कि टीम ने बाहर से आने वाले ट्रकों के कागजात भी जब्त किए हैं। छापेमारी का सिलसिला कब तक चलेगा इसका टीम ने अभी तक खुलासा नहीं किया है। पिछले 40 घंटों से चल रही छापेमारी की चर्चा फैक्ट्री एरिया सहित कस्बे में जगह-जगह हो रही है।

# स्वावलम्बन से हमारे अंदर आत्म-विश्वास की भावना का उदय होता है : आर पी सिंह



**अनपरा/सोनभद्र।** हिण्डालको रेनुसागर ग्रामीण विकाश विभाग द्वारा 28 नवम्बर 2024 को स्थानीय प्रेक्षागृह में आयोजित स्वायलम्बन कार्यक्रम के तहत संसाधन विहीन 80 ग्रामीणों को उपकरण वितरण कर जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभावित्त किया गया।जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त 20 महिलाओ को सिलाई मसीन ,15 मेधावी छात्रों सोलर लैम्प ,कृषि कार्य हेतु 10 समूह को स्प्रे मसीन,15 छात्रों को पठन पाठन सामाग्री एवं म्यूजिकल इस्टूमेंट वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एसडीएम दुद्धी निखिल कुमार यादव, सीओ पिपरी अमित कुमार एवं हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह एवं एच आर हेड शैलेश विक्रम सिंह द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुये ग्रामीण विकाश विभाग के प्रभारी अनिल कुमार झा ने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किये गए कार्य पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वावलम्बन से हमारे अंदर आत्म-विश्वास की भावना का उदय होता है। ग्रामीणों के स्वास्थ्य,शिक्षा,आजीविका ,सामाजिक सुधार एवं महिला सशक्तिकरण के अलावा कौशल विकाश पर केंद्रित प्रोजेक्ट के माध्यम से स्थानीय मायने में ग्रामीण विकाश विभाग रेनुसागर सकारात्मक प्रभाव पैदा करके संसाधन विहीन ग्रामीणों का सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान कर विकाश की मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया है जो सराहनीय है।

# एबीपीएस का वार्षिक खेलकूद समारोह संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/अनपरा।** आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, रेणुसागर का वार्षिक खेलकूद समारोह अत्यंत हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, रेणुपावर के यूनिट व विद्यालय के अध्यक्ष आरपी सिंह ने मशाल जला कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को खेल की भावना से खेलने की शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एचआर हेड व विद्यालय प्रबंधक शैलेश विक्रम सिंह ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनायें दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य एसके सिंह ने प्रतिभागियों से अनुशासन, स्वास्थ्य और सफलता के लिए खेलकूद में भाग लेने की प्रेरणा देते हुए सभी अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम के दौरान 25 मीटर, 40 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और 800 मीटर की दौड़ के अतिरिक्त गोला फेंक, कंगारू दौड़, कैमल दौड़ और रिले रेस आदि प्रतियोगितायें आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर प्रणव सोनी, अन्नमलाई एस, सौम्य मिश्रा, अनिल शर्मा, मृदुल भारद्वाज, सतनाम सिंह, संतोष कुंजीरमन, वीएस सिंह, पूनम वार्ष्णेय सहित भारी संख्या में सम्मानित अतिथियों एवं अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

वरिष्ठ समूह बालक वर्ग की 100 मीटर और 400 मीटर दौड़ में शिवम; एवं 800 मीटर दौड़ में सागर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि वरिष्ठ समूह बालिका वर्ग की 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में में लक्षा; 400 मीटर दौड़ में दीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ समूह बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में शौर्या, 200 मीटर दौड़ में शिवांश, 400 मीटर दौड़ में सुनील ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि कनिष्ठ समूह बालिका वर्ग की 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में साक्षी; 400 मीटर दौड़ में अंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा गोला फेंक प्रतियोगिता में, वरिष्ठ समूह बालक वर्ग में देवांश सिंह और बालिका वर्ग में अनन्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिशु वर्ग में 50 मीटर दौड़, ऊँट दौड़ और कंगारू दौड़ ने सबका मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त सभी वर्गों के लिए आयोजित रिले रेस ने सबका उत्साह वर्धन किया।

# नरायनपुर गाँव में हो रहा है मिट्टी का अवैध खनन

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर (हमीरपुर)** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर में मिट्टी का अवैध खनन धड़ल्ले के साथ चल रहा है। रोजाना सैकड़ो ट्रली मिट्टी माफियाओं के संरक्षण में सप्लाई हो रही है। ग्रामीणो द्वारा खनिज अधिकारी को जानकारी देने के बाद भी अवैध खनन को पर अभी तक रोक नही लग सकी। सुमेरपुर क्षेत्र में माफियाओ द्वारा मिट्टी का अवैध खनन लगातार जारी है। एस.डी.एम. व खनिज अधिकारी द्वारा अबैध खनन वाले स्थानो पर पूर्व में कई बार छापा भी डाला गया लेकिन माफियाओं के लोकेशन इतने मजबूत रहे कि मौके पर कोई पकड़ा नहीं जा सका मौजूदा समय में ग्राम नरायनपुर में बी. के0 फार्म हाउस के पास वाले रास्ते से पीछे साइड ग्राम समाज की पड़ी जमीन पर माफि?याओं द्वारा मिट्टी का अवैध खनन तेजी के साथ किया जा रहा है। ग्रामीणो ने बताया कि अवैध खनन सुबह 10 बजे तक जोरो के साथ कराया जाता है इसके बाद लोकेशन में लगे लोगों की जानकारी पर कार्य जारी रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि मिट्टी के अवैध खनन में सम्बंधित विभाग के कुछ कर्मियों की मिली भगत रहती है जो अधिकारी के समय की जानकारी देते रहते है। नाम न छापने की शर्त पर एक ग्रामीणों ने बताया कि मिटटी के अवैध खनन होने की शिकायत खनिज अधिकारी से की जा चुकी है लेकिन फिर भी अवैध खनन को अभी तक रोका नहीं जा सका। इससे लोगो को शंका है कि माफियाओं से इनकी मिलीभगत है इसीलिये खनन धडड़ले के साथ चल रहा है। नियम कानून को ताक में रखकर माफिया मिट्‌टी का अवैध खनन कर रहे है इस पर रोक न लग पाना संबंधित विभाग के लिये एक प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि अवैध खनन करने वाले माफियाओ के खिलाफ अचानक छापा डालकर कार्यवाही की जाये और अवैध खनन बंद कराया जाये

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को मिली सहायता

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा विधायक सदर डॉ मनोज कुमार प्रजापति व विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी घनश्याम मीना रहे। इस कार्यक्रम में सितंबर 2024 तक के स्वीकृत समस्त 52 दावों के 96 लाभार्थियों को कुल 02 करोड़ 48 लाख 60 हजार रुपए की धनराशि से संबंधित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र मा विधायक सदर व जिलाधिकारी द्वारा प्रदान की गई। यह धनराशि इन संबंधित लाभार्थियों के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से पहुंच चुकी है। इसके अंतर्गत तहसील हमीरपुर के 17 दावों में 34 लाभार्थियों को रु 80.70 लाख की धनराशि , तहसील मौदहा के 20 दावों में 36 लाभार्थियों को 95.70 लाख की धनराशि, तहसील राठ के 09 दावों में 15 लाभार्थियों को 42.20 लाख की धनराशि तथा तहसील सरीला के 06 दावों में 11 लाभार्थियों को 30 लाख की धनराशि ,इस प्रकार कुल रु 2,48,60000 की धनराशि वितरित की गई।

# उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डीएम द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर किया गया सम्मानित

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में मिशन शक्ति अभियान-5.0 के तहत महिलाओं द्वारा सामाजिक व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किये, शिक्षा, खेलकूद, उद्यम, समाजसेवा, चिकित्सा व कला-संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालीं 10 महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत नारी शक्ति सम्मान से महिलाओं को अंग वस्त्र और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया, सम्मानित होने वाली महिलाओं में सुमंगला को खेल के क्षेत्र में अनीता गुप्ता को योग एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में मीनाक्षी को स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रतिभा कनोड़िया को सामाजिक कार्य क्षेत्र में रंजना अग्रवाल को शिक्ष एवं सामाजिक कार्य के क्षेत्र में अंकिता केजरीवाल को सामाजिक कार्य क्षेत्र में डॉ0 अनुपमा सिंह को चिकित्सा के क्षेत्र में, सरिता श्रीवास्तव को शिक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में, संगीता श्रीवास्तव को महिला उत्पीड़न के प्रति जागरूक करने एवं सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर इन महिलाओं सम्मानित किया गया है, इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामीगंगे राहुल यादव, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह उपस्थित रहें। इस दौरान सम्मानित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए, उन्होंने कहा कि महिलाओं का समाज में वर्चस्व बढ़ रहा है, वह चाहे प्रशासनिक हो, शिक्षा का क्षेत्र हो या चिकित्सा, कला, खेल-कूद, संस्कृति, उद्यम हो या नवाचार। समाज में महिलाओं के सामाजिक योगदान की स्वीकार्यता बढ़ी है। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नारी शक्ति ही सभ्यता की पहचान है और नारी सशक्तिकरण हम सबका दायित्व है। मौके पर अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे महिला थाना प्रभारी सविता सरोज, दीपिका सिंह एवं संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# 1068 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग प्रशस्त करेंगे मुख्यमंत्री

## ट्रेड शो का करेंगे उद्घाटन, पांच बड़े निवेशकों को भूमि आवंटन पत्र और कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को देंगे सर्टिफिकेट

- गीडा का 35वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को, सीएम योगी होंगे मुख्य अतिथि
- 209 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास
- निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं का सीएम के हाथों होगा शुभारंभ



अवधनामा ब्यूरो

**गोरखपुर/लखनऊ।** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) का 35वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में मनाया जाएगा। इस अवसर पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में गीडा की तरफ से 1068 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के सापेक्ष 85 निवेशकों को हुए भूखंडों के आवंटन में से पांच बड़े निवेशकों को खुद मुख्यमंत्री आवंटन प्रमाण पत्र सौंपेंगे। इसके साथ ही वह गीडा के विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के 209 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के अलावा गीडा के नाइलिट सेंटर से कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को सर्टिफिकेट प्रदान करेंगे। स्थापना दिवस पर सीएम योगी गीडा में लगने वाले दो दिवसीय ट्रेड शो और निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं का भी शुभारंभ करेंगे।

गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुज मलिक के मुताबिक स्थापना के 35वें स्थापना वर्ष में गीडा के अभी तक 3 लाख 27 हजार 313 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 85 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया है। इसके जरिये 1068 करोड़ रुपये का निवेश और 4658 रोजगार सृजन प्रस्तावित है। स्थापना दिवस समारोह में आवंटित किए गए भूखंडों में से पांच बड़े निवेशकों को आवंटन पत्र का वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा। गीडा की सीईओ के अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिन प्रमुख इकाइयों के लिए जमीनों का आवंटन किया गया है उनमें एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड, एसएलएमजी पीईटी प्लांट, कपिला कृषि उद्योग, आइसन एयर कूलर, टेक्नोप्लास्ट पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, मॉडर्न पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, नोवामैक्स इंडस्ट्रीज व होटल नीलकंठ ग्रैंड शामिल हैं।

### 123 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास और 86 करोड़ रुपये के कार्यों का होगा लोकार्पण

गीडा के 35वें स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़ी कुल 209 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। वह 123 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास तथा 86 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। शिलान्यास के प्रोजेक्ट्स में 94 करोड़ के सिविल और 29 करोड़ रुपये के विद्युत कार्य शामिल हैं। जबकि लोकार्पण की परियोजनाओं में 72 करोड़ के सिविल और 14 करोड़ रुपये के विद्युत कार्य सम्मिलित हैं।

### और बेहतर होगा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस

मुख्यमंत्री के हाथों निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं का शुभारंभ होने के साथ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और बेहतर होगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष गीडा के स्थापना दिवस समारोह पर सीएम योगी ने उद्यमियों की सुविधा के लिए 'गीडा सेवा' पोर्टल का शुभारंभ किया था। अब निवेश मित्र पोर्टल पर गीडा की 20 सुविधाओं के जुड़ जाने से उद्यमियों को और सहूलियत मिलेगी।

### कौशल विकास का केंद्र बना नाइलिट का गीडा कैम्पस

पिछले स्थापना दिवस समारोह में गीडा ने नाइलिट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) से एमओयू कर स्थानीय युवाओं के कौशल विकास के लिए 9280 वर्गमीटर का कैम्पस, निर्मित भवन के साथ निशुल्क उपलब्ध कराया था। नाइलिट का गीडा कैम्पस कौशल विकास का केंद्र बनकर उभरा है। यहां अभी तक 13 पाठ्यक्रमों में 617 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। गीडा के 35वें स्थापना दिवस पर सीएम योगी नाइलिट से प्रशिक्षित पांच युवाओं को सर्टिफिकेट वितरित करेंगे।

### दो दिवसीय ट्रेड शो में बड़ी कंपनियों के साथ दिखेगा स्थानीय उत्पादों का जलवा

गीडा की तरफ से स्थापना दिवस पर दो दिवसीय ट्रेड शो का भी आयोजन किया जा रहा है। इसमें बड़ी कम्पनियों के उत्पादों के साथ स्थानीय उत्पादों, खासकर ओडीओपी का जलवा देखने को मिलेगा। स्थानीय उत्पादों को बेहतर मंच देने के लिए मुख्यमंत्री पहले ही निर्देश दे चुके हैं। ट्रेड शो में पेप्सिको, कोका-कोला, अडानी समूह समेत 15 बड़ी कम्पनियों के प्रतिनिधि भी आएंगे। ट्रेड शो के दूसरे दिन एक दिसंबर को तीन तकनीकी सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

# सड़कों पर निराश्रित गोवंश विचरण करते न पाये जाए : धर्मपाल



अवधनामा ब्यूरो

- 14 दिसम्बर तक अभियान चलाकर निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया जाए
- गौशालाओं में गोवंश के भरण पोषण की व्यवस्थाएं को और बेहतर बनाया जाए
- निराश्रित गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता: धर्मपाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि खेतों, सड़कों के किनारे और हाइवे पर निराश्रित गोवंश विचरण करते न पाये जाए। इसके लिए मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के साथ-साथ गोसंरक्षण कार्यों से संबंधित अन्य विभागों के अधिकारियों की भी जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन तैयार की जाए। उन्होंने आगामी 07 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक सघन अभियान चलाकर प्रदेश के सभी जनपदों में सड़कों या खेतों में घूम रहे निराश्रित गोवंश का संरक्षण किये जाने के निर्देश दिये हैं। धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि गौशालाओं में गोवंश के भरण पोषण की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाए। अधिकारी निराश्रित गोवंश हेतु गोआश्रय स्थलों में गोवंश के ठंड से बचाव, पर्याप्त चारा, भूसा, पानी, प्रकाश, औषधि आदि आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। सिंह ने अधिकारियों को सख्त रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि गोशालाओं में गोवंश के भरण पोषण की व्यवस्था पर पूरा अमल किया जाए। इस आवंटित बजट का समुचित उपयोग किया जाए। गोवंश को पर्याप्त हरा चारा दिया जाए और कोई भी गोवंश भूखा न रहने पाए।

### राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अंडर-17 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की 68वीं राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन दिनांक- 26 से 30 नवम्बर तक गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज कुर्सी रोड लखनऊ में कराया जा रहा है। चौथे दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन पुरस्कार प्राप्त गुलाब चन्द एवं पूर्व ओलम्पियन, हॉकी खिलाड़ी सैय्यद अली, विशेष सचिव माध्यमिक के0के0 गुप्ता, संयुक्त सचिव माध्यमिक शिक्षा संदीप परमार, अनुभाग अधिकारी डी.डी. पाण्डेय एवं समीक्षा अधिकारी सुशील कुमार उपस्थित रहे। अर्जुन पुरस्कार प्राप्त गुलाबचंद एक एथलीट के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। बैंकाक एशियाई खेलों में 10000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक और एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल कर चुके हैं।

# देश में कानून-व्यवस्था के बिगड़ते हालात भयावह: तिवारी

- गृहमंत्री अमित शाह कानून-व्यवस्था ढंग से संभाल नहीं पा रहे



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में विफलताओं को लेकर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के प्रशांत विहार में आतंकी घटना ने देश में कानून-व्यवस्था के बिगड़ते हालात को और अधिक भयावह बना दिया है। दिल्ली में पुलिस की अपराध शाखा से महज तीन सौ मीटर दूर व्यस्तम इलाके में हुआ यह विस्फोट केन्द्रीय गृहमंत्रालय की सीधी विफलता है। श्री तिवारी ने कहा कि रोहिणी विस्फोट चालीस दिनों के भीतर प्रशांत विहार में विस्फोट की दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में दस महीने के मासूम बच्चे की आंख निकाल कर गोली मार कर हत्या हो या जम्मू में फैला आतंकवाद राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में देश को चिंतित किये है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कानून-व्यवस्था ढंग से संभाल नहीं पा रहे तो उन्हें अपनी विफलता स्वीकार करना चाहिए।

# सुरेश कुमार खन्ना ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शुक्रवार को प्रातः 7:00 बजे नगर की सफाई व्यवस्था को देखने के लिए औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम के चार वार्डों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इनमें अंबेडकर नगर वार्ड, मालवीय नगर वार्ड, कल्बे आबिद वार्ड तथा ऐशबाग वार्ड शामिल है। इस दौरान उन्होंने नगर निगम द्वारा संचालित शौचालयों का भी निरीक्षण किया।

प्रभारी मंत्री ने वार्डों में सफाई व्यवस्था को लेकर काफी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सफाई व्यवस्था सही न कराने पर नगर निगम के जोन 6 के जोनल अधिकारी मनोज कुमार तथा एफएसआई का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश नगर आयुक्त को दिया। इस दौरान उन्होंने जोन 2 की जोनल अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए संबंधित वार्डों में सफाई व्यवस्था के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई और पानी के सही से निकास के लिए नालियों से अतिक्रमण को हटाया जाए एवं नालियों की नियमित सफाई कराई जाए। उन्होंने बाजार खाला में पुल के नीचे मुख्य मार्ग में जल रहे कूड़े को देखकर नाराजगी जाहिर की। वहां पर नाली के ऊपर एलटी पैनल को तत्काल हटाने तथा जाम नाली की सफाई के निर्देश दिए। खन्ना ने निरीक्षण के दौरान नींबू पार्क के पास अवैध फूल मंडी को हटाने तथा तथा अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ एफआईआर करने के निर्देश दिए।

### आरडीएसओ के दो अधिकारी व दो कर्मचारी सेवानिवृत्त



**लखनऊ।** आरडीएसओ के दो अधिकारी एवं दो कर्मचारी नवम्बर 2024 मेंसेवानिवृत्त हुए। प्रशासन द्वारा आरडीएसओ के सम्मेलन कक्ष में आयोजित एक विशेष विदाई समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी गई। प्रशासन द्वारा यह भी सूचित किया गया कि सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संबंधित खाते में अंतिम कार्य दिवस पर भुगतान के लिए कुल सेवानिवृत्ति लाभों की स्वीकृति एवं निर्धारण का कार्य कर दिया गया है। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आरडीएसओ प्रशासन को हार्दिक धन्यवाद दिया। इस समारोह में अमर नाथ दुबे/पीसीपीओ, कार्मिक विभाग के अधीनस्थ अधिकारी एवं सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारीके परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे।

### पत्रकारों का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 6 दिसम्बर को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता (पुनर्गठित) समिति के तत्वावधान में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, निदेशालय (पंडित दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर) में 6 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क चेकअप किया जाएगा। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता (पुनर्गठित) समिति के संयोजक प्रभात त्रिपाठी और प्रशासनिक सलाहकार शेखर श्रीवास्तव ने सभी पत्रकारों से अनुरोध किया है कि चिकित्सा शिविर में अपने परिवार समेत पहुंच कर चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य का परीक्षण करा कर लाभ उठाएं। चिकित्सा शिविर का उद्घाटन सुबह 11 बजे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद व सूचना निदेशक शिशिर मौजूद रहेंगे।

### नए अफसरों से और मजबूत होगी जेल सुरक्षा: डीजी कारागार



**लखनऊ।** नए जेल अफसर नवीन ऊर्जा एवं उत्साह के साथ जेलों की सुरक्षा एवं अनुशासन व्यवस्था को और सुदृढ़ करेंगे। यह बात शुक्रवार को डा0 सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में आयोजित 118 वें दीक्षान्त समारोह में पुलिस महानिदेशक कारागार पीवी रामा शास्त्री ने कही। 8 महीने के प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को संस्थान में उत्तर प्रदेश के 3 जेल अधीक्षकों एवं उत्तराखण्ड के 17 डिप्टी जेलर की पासिंग आउट परेड (पीओपी) हुई। जेल अधीक्षक प्रीती यादव ने परेड को कमाण्ड किया और बेस्ट कैडेट का खिताब भी हासिल किया, जेल अधीक्षक कुलदीप कुमार द्वितीय कमाण्डर एवं जेल अधीक्षक, मुकेश कुमार तृतीय कमाण्डर रहे। पीओपी के बाद संस्थान के निदेशक एवं डीआईजी आनन्द पाण्डेय ने सभी प्रशिक्षु अफसरों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एआईजी धमेन्द्र सिंह, डीआईजी हेमंत कुटियाल, डीआईजी सुभाष चन्द्र शाक्य, वरिष्ठ अधीक्षक, शशिकान्त सिंह एवं एफ0सी0, आबिद अली समेत प्रशिक्षण संस्थान के सभी अधिकारी/कर्मचारी तथा प्रशिक्षु अधिकारियों के परिजन मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश कर रहा तेजी से विकास : अठावले

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है और पिछले दस साल में काफी कार्य हुए हैं जिनका लेखा जोखा लोगों के सामने है। उन्होंने कहा कि देश में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय राजमार्ग और एयरपोर्ट बन रहे हैं। अठावले आज लखनऊ में एक प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि देश में जनधन योजना के अंतर्गत 51 करोड़ से ज्यादा लोगों के खाते खुले हैं और वहीं मुद्रा योजना में 46 करोड़ लोगों को लाभ मिला है।अठावले ने बताया कि उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 11 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं और उनको गैस सिलेंडर मिले हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में लगभग चार करोड़ लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि हर घर नल योजना के अंतर्गत 12 करोड़ से ज्यादा लोगों को योजना का लाभ मिला है वहीं बड़ी संख्या में आयुष्मान कार्ड से लोगों को लाभ मिल रहा है। अठावले ने कहा कि देश में सभी धर्म और संप्रदाय के लोगों को केंद्रीय योजनाओं का समान रूप से लाभ मिल रहा है। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ,भारत सरकार की योजनाओं को लागू करने वाले संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित किया।

# विहंग उत्सवः विभिन्न गीतों ने मन को मोल लिया

- संगीत समारोह में पक्षी सुर में गाते हैं, भंवरे गुनगुनाते हैं गीत ने समां बांध दिया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से सीजी सिटी वेटलैण्ड में आयोजित विहंग उत्सव में संगीत समारोह में पक्षी सुर में गाते हैं, भंवरे गुनगुनाते है गीत ने समां बांध दिया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर की गयी इस प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। ताल यात्रा के बैण्ड कलाकारों ने राग जोग, राग किरवानी, राग पहाड़ी, दादरा, सूफी आदि शास्त्रीय संगीत की विधाओं को पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लविप्रा की ओर से आयोजित विहंग उत्स में शुक्रवार सुबह 7 बजे बर्ड वॉचिंग से विभिन्न आयोजनों की शुरुआत हुई। मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब और लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने भी लोगों के साथ दूरबीन से विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को देखा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लखनऊवासियों ने बर्ड वॉचिंग में हिस्सा लिया।

इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण विषय पर वर्कशॉप और टॉक शो हुआ, जिसमें बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विवि के प्रो. वेंकटेश दत्ता और पर्यावरणविद विवेक अवस्थी ने वेटलैण्ड सहित पर्यावरण के विभिन्न आयामों के बारे में दर्शकों को बताया। वर्कशॉप में उपस्थित बच्चों से पक्षियों और पर्यावरण को लेकर सवाल पूछे गये, जिसके सही जवाब देने वालों को गिफ्ट देकर उत्साहवर्धन किया गया। विहंग उत्सव में विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण की थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल ने चार बेस्ट पेंटिंग चुनी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन पी. गुरुप्रसाद और विशिष्ट अतिथि मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने प्रतियोगिता के तहत सेंट आनंदराम जयपुरिया स्कूल के भुविक सेठ को पहला , न्यू पब्लिक कॉलेज नीलमथा की प्रियांशी रावत को दूसरा, बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल के शुभम कुमार को तीसरा और बाल निकुंज गर्ल्स की दीपिका शर्मा को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसी तरह फोटोग्राफी प्रतियोगिता में शानिब कुमार मिश्रा को पहला, प्रखर किशन को दूसरा, सुनील कुमार रैदास को तीसरा और विवेक अवस्थी और आशुतोष त्रिपाठी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विहंग उत्सव में नुक्कड़ नाटक को लेकर लुप्त होती चिड़ियों को लेकर मार्मिक प्रस्तुति दी गयी। उत्सव में टर्टल सर्वाइवल एलाइंस की ओर से टर्टल्स के मॉडल्स, पर्यावरणम सोसाइटी की ओर से लगे स्टॉल पर सांपों से सुरक्षा और स्वप्ना फाउण्डेशन की ओर से लगे स्टॉल से चिड़ियों की वॉटरबॉल प्रदर्शित की गयी। कार्यक्रम में प्राधिकरण सचिव विवेक श्रीवास्तव, प्रभारी वनाधिकारी सितांशु पांडे, लविप्रा के मुख्य अभियंता अवनीन्द्र कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, मुख्य नगर नियोजक के.के. गौतम सहित अन्य अधिकारी व पर्यावरणप्रेमी मौजूद थे।

# जानिए कैसे और कहाँ मिलेगी वक्फ की ज़मीन

- मौलाना कल्बे जवाद के एलान पर जमा हुए 35 हज़ार से ज़्यादा फॉर्म

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** हरदोई रोड स्थित कबरला अब्बास बाग में गरीबों को बसाने के मौलाना कल्बे जवाद की अपील पर लगभग 35 हज़ार लोगों ने आधार और हलफनामा जमा कर अपने गरीब होने का एलान करते हुए ज़मीन के लिए दावेदारी पेश कर दी फॉर्म की एंट्री कराने का काम शुरू हो गया इमामे ज़मााना ट्रस्ट के ट्रस्टी और कर्बला अब्बास बाग में मौलाना कल्बे जवाद के द्वारा दी गयी ज़िम्मेदारी को निभा रहे सारिम मेहदी ने बताया की जिन लोगों ने एप्लीकेशन दी है उनकी लिस्ट तैयार की जारही उनके मुताबिक़ ज़मीन के लिए दावा करने वाले सभी लोगों को ज़मीन मिलना आसान नहीं है।

**कैसे मिलेगी ज़मीन-** तीन सौ स्क्वायर फ़ीट ज़मीन देने का प्लान है लेकिन इसके लिए काफी करवाई का सामना करना पड़ेगा सारिम मेहदी के अनुसार लिस्ट बनने के बाद सभी का वेरिफिकेशन कराया जायेगा की हलफनामा में दी गयी जानकारी सही है या नहीं उसके बाद छटनी होगी और यह देखा जायेगा की ज़मीन कितनी है और दावेदार कितने क्यूंकि अभी ज़मीन ही नहीं तय कितनी है।

**कहाँ मिल सकती है ज़मीन-** गरीबों की ज़मीन कहाँ मिलेगी यह अभी साफ़ नहीं है क्यूंकि कर्बला अब्बास बाग की ज़मीन पर अभी अवैध क़ब्ज़ा है काफी जद्दो जहद के बाद अभी तक ज़मीन मिली नहीं लेकिन उम्मीद जताई जा रही की क़ब्ज़ा मिल जायेगा इसके अलावा कर्बला तालकटोरा, अज़ीमुल्लाह खान की कर्बला गार वाली कर्बला में भी ज़मीन लेने की रणनीति बन रही हुसैनाबाद ट्रस्ट के चेयरमैन डीएम लखनऊ से प्रयास किया जा रहा है की बात चीत कर के खदरा स्थित गार वाली कर्बला की खाली पड़ी ज़मीन पर भी बसाने की कोशिश की जाये हालांकि इससे पहले भी एक प्रयास यहां के लिए हो चुका है लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

**पहले मिली ज़मीनों से सबक-** हालांकि पहले वक़्फ़ सज्जादिया आलमनगर की ज़मीन और कर्बला तालकटोरा की ज़मीन जो गरीबों को दी गयी थी उसमे बड़े आलिशान और बड़े बड़े मकान यह खुद ही बयान कर रहे की किस तरह लोगों ने अपने आपको गरीब बताया और किस तरह के मकान अब वहां दिख रहे उसके देखते हुए अब जो ज़मीन देने से पहले दावेदारों की असलियत की जांच करना ज़रूरी समझा गया है।

### कांग्रेस सरकारों के बनाए सभी उपक्रमों को लगातार बेच रही भाजपा : डॉ. राय

**लखनऊ।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी सरकारों पर देश के सभी सरकारी उपक्रमों को बेचने का आरोप लगाते हुए कहा कि रेलवे, हवाई अड्डे, पोर्ट, रेलवे, जंगल, खनिज के बाद यह सिलसिला अब बिजली कम्पनियों तक आ पहुंचा है। आजादी के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर कांग्रेस सरकारों के बनाए सभी उपक्रमों को लगातार बेचने का सिलसिला जारी है। भाजपा की पूर्ववर्ती सरकारों ने भी नवरत्न कम्पनियों को बेचा था और आज भी वही काम हो रहा है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. सी.पी. राय ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी थी कि वह इन उपक्रमों को सक्षम तरीके से चलाती, उनमें कोई कमी होती तो उसे दूर करती लेकिन सरकार पूरी तरह से अयोग्य, नाकाम और नाकारा साबित हो चुकी है। परिणामस्वरूप जनता के करोड़ों रुपयों के बिजली संयंत्र और दफ्तर पूंजीपतियों को देने की साजिश की जा रही है, जो जनता के साथ धोखा है। डॉ. राय ने कहा कि सरकार स्पष्ट करे कि प्रदेश की जनता से बिजली के मूल्य और फिक्स चार्ज के रूप में वसूला गया धन कहां जा रहा है।

# पाराचिनार में शियों के नरसंहार के खिलाफ प्रदर्शन

## पाकिस्तान सरकार शियों को सुरक्षा देने में नाकाम : मौलाना कल्बे जवाद

- संयुक्त राष्ट्र से पाराचिनार के शियों को सुरक्षा प्रदान किये जाने की मांग
- पूरी दुनिया के मुसलमान शियों के नरसंहार पर खामोश हैं
- मुसलमान मौलवियों ने इस नरसंहार की निंदा तक नहीं की : मौलाना कल्बे जवाद




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पाकिस्तान के पाराचिनार में शियों के नरसंहार के खिलाफ आसिफी मस्जिद परिसर में जुमे की नमाज के बाद विरोध-प्रदर्शन किया गया। मजलिस-उलमा-ए-हिन्द की ओर से मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी के नेतृत्व में हुए विरोध-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में उलमा और नमाजी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान सरकार और पाकिस्तानी सेना व तालिबानी आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए संयुक्त राष्ट्र से पाराचिनार के शियों को सुरक्षा प्रदान किये जाने की मांग की। जुमे की नमाज के बाद प्रदर्शन को सम्बोधित करते मौलाना कल्बे जव्वाद नक़वी ने कहा कि पाकिस्तान सरकार शियों को सुरक्षा देने में नाकाम रही है। अफसोस इस बात का है कि पूरी दुनिया के मुसलमान शियों के नरसंहार पर खामोश हैं। मुसलमान मौलवियों ने इस नरसंहार की निंदा तक नहीं की। आखिर यह लोग किस मुंह से फिलीस्तीन के मज़लूमों के लिए एहतेजाज करते हैं। उन्हें दोहरा मापदण्ड खत्म करना होगा। मौलाना ने कहा कि तकफीरी सऊदी मुफ़्तियों के फ़तवों के आधार पर शियों का क़त्लेआम किया जाता है। इसलिए हम ऐसे मुफ़्तियों की भी निंदा करते हैं। मौलाना ने कहा कि सुरक्षा बलों की मौजूदगी में शियों पर आतंकी हमले से साफ़ हो रहा है कि तहरीक-ए-तालिबान के आतंकियों को पाकिस्तानी सेना का समर्थन हासिल है। महिलाओं और बच्चों की हत्या से पता चलता है कि पाकिस्तान में यज़ीद के अनुयायी अभी भी मौजूद हैं। मुस्लिम देशों में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा नहीं मिलती तो वे दूसरे देशों में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार का विरोध किस मुंह से करते हैं। उन्हें पहले मुस्लिम देशों से मांग करना चाहिए कि वे अपने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करें। मौलाना रज़ा हैदर ज़ैदी ने कहा कि पाकिस्तान में शियों का सुनियोजित नरसंहार जारी है, जिसे अब रोका जाना चाहिए। आखिर कब तक निर्दोष लोगों का नरसंहार होता रहेगा। पाकिस्तान हुकूमत के हाथ शियों के खून से नहीं रंगे बल्कि इसका पूरा अस्तित्व ही शियों के खून में डूबा है। मौलाना रज़ा हुसैन ने मानवाधिकार संगठनों व संयुक्त राष्ट्र से शियों के नरसंहार के लिए तुरंत पाकिस्तानी सरकार और सेना को जिम्मेदार ठहराने और उचित कार्रवाई की मांग की। विरोध-प्रदर्शन में मौलाना सैफ़ अब्बास मशहदी, मौलाना मंज़र शफ़ी, मौलाना फिरोज हुसैन ज़ैदी, मौलाना शाहिद हुसैनी, मौलाना काज़िम अब्बास खान, आदिल फराज सहित बड़ी संख्या में नमाजी शामिल थे।